सेंसेक्स 73,677.13 ▲ -195.16
डॉलर 82.914 ▼ -0.000

**तापमान** (डिग्री सेल्सियस)
आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 27.0 | 14.0 | 22.0 |
| धनबाद | 29.0 | 14.0 | 25.0 |
| जमशेदपुर | 34.0 | 15.0 | 30.0 |
| पलामू | 29.0 | 13.0 | 24.0 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते



डालटनगंज (मेदिनीनगर), फाल्गुन कृष्ण पक्ष 11, विक्रम संवत 2080 डालटनगंज (मेदिनीनगर), बुधवार, 06 मार्च 2024, वर्ष-30, अंक- 139, पृष्ठ-12, मूल्य ₹3.00, रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 www.rastriyanaveenmail.com

संपादकीय हरित भविष्य की निरंतरता व भावी पीढ़ी ... 6
डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित
लोस चुनाव की निगरानी में शामिल होंगी केंद्रीय ...10 देश/विदेश

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

# सर्वजन पेंशन योजना

## के लाभुकों को प्रथम किस्त का भुगतान एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं

## का सम्मान समारोह

अब तक कुल स्वीकृत लाभुक **1,58,600**

मुख्य अतिथि
**श्री चम्पाई सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

विशिष्ट अतिथि

**श्री आलमगीर आलम**
माननीय मंत्री,
ग्रामीण विकास विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग, पंचायती राज विभाग

**श्री सत्यानंद भोक्ता**
माननीय मंत्री,
श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग एवं उद्योग विभाग


**श्रीमती बेबी देवी**
माननीय मंत्री,
महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग

**दिनांक: 6 मार्च 2024 (बुधवार)**

**समय- मध्याह्न 12:00 से**

**स्थान : हरिवंश टानाभगत इंडोर स्टेडियम, राँची**

- न्यूनतम उम्र सीमा 60 वर्ष से घटाकर 50 वर्ष
- राज्य की महिलाओं तथा अनुसूचित जनजाति (ST) एवं अनुसूचित जाति (SC) वर्ग के लिए



**श्री चम्पाई सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

PR No. 321496 (Social Welfare,Women and Child Development) 2023-24

**महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखण्ड सरकार**

## एक नजर

### किसानों के बीच मूंग बीज का वितरण



**मनातू।** प्रखंड अंतर्गत मंझौली एवं चक पंचायत में मंगलवार को मूंग बीज का वितरण किया गया। इस दौरान 58 किसानों के बीच मूंग बीज एवं डोलामाइट का वितरण किया गया। जन प्रतिनिधियों ने कहा कि मूंग गरमा फसल होने के कारण बीज दिये जाने से उसे काफी राहत मिलेगी।

### जेएमएम पंचायत अध्यक्ष का निधन

**सतबरवा।** दुलसुलमा के जेएमएम पंचायत अध्यक्ष झुलन चौधरी 62 वर्ष का निधन मंगलवार को बीमारी से हो गया। अपने पीछे वे तीन पुत्र व एक पुत्री का भरापूरा परिवार छोड़ गये हैं। इनके निधन पर युवा नेता दिलीप सिंह नामधारी ने शोक व्यक्त करते हुए चौधरी के पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित किया। वहीं बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष राजकुमार यादव, झामुमो प्रमुख अध्यक्ष श्रवण कुमार, बीस सूत्री सदस्य सह झामुमो प्रखंड सचिव श्रीनिवास चौधरी, समाजिक कार्यकर्ता आशीष कुमार सिन्हा, दुलसुलमा पंसस जगदीश सिंह ने शोक व्यक्त किया।

### अवैध बालू का परिवहन करते ट्रैक्टर पकड़ाया

**हुसैनाबाद।** हैदरनगर क्षेत्र में सोन नदी से बालू का उठाव कर सिमरसोत गांव के रास्ते परिवहन करने के दौरान प्रशिक्षु डीएसपी सह हैदरनगर थाना प्रभारी राजीव रंजन ने पकड़ा। उन्होंने बताया कि गश्त के दौरान बालू लदा ट्रैक्टर सिमरसोत गांव के करीब से गुजरता देखा गया। पुलिस को देख चालक भागने में सफल रहा। अवैध बालू लड़े ट्रैक्टर को हैदरनगर थाना परिसर में लाया गया है। उन्होंने बताया कि ट्रैक्टर पकड़ने के बाद जिला खनन पदाधिकारी मेदिनीनगर को अग्रेतर करवाई के लिए सूचना दी गई है। उन्होंने कहा कि थाना क्षेत्र में अवैध शराब व बालू के कारोबार के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

### विकास योजनाओं का किया शिलान्यास

**मोहम्मदगंज।** जिला पार्षद अंजू देवी के निर्देशानुसार मंगलवार को प्रखंड के रामबांध पंचायत में 15वें वित्त मद से विकास योजनाओं का शिलान्यास युवा समाजसेवी अश्विनी कुमार सिंह ने नारियल फोड़कर किया। जिसमें बलडिहरी गांव में रेयान अंसारी के घर से मकबूल हक के घर तक नाली निर्माण और दूबा गांव में ब्रह्म स्थान पर चबूतरा निर्माण का कार्य शामिल है। इस मौके पर वसीम खान,सितारुद्दीन खान,वजूल हक खान,आफताब खान,हसीब खान,गुलाम गौस खान,सिराज अंसारी,ज्योतिष कुमार मालाकार, संजीव पांडेय,वीरू श्रीवास्तव उपस्थित थे।

### शोल पंचायत में भाजपा का लाभार्थी अभियान

**पाटन।** प्रखंड के शोले पंचायत बूथ नंबर 172 पर मंगलवार को जिला कार्य समिति सदस्य सह प्रभारी निरंजन पासवान ने लाभार्थी अभियान कार्यक्रम की शुरूआत कर लाभार्थियों से संवाद किया। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के कार्यों से पूरा देश संतुष्ट है तथा उन्हें फिर से प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहता है। इस दौरान लाभार्थियों के मोबाइल से मिस काल कर उनके दरवाजे पर स्टिकर चिपकाया गया।

---

एके सिंह कॉलेज जपला में चला मतदाता जागरूकता अभियान, उमड़ी भीड़

# मेरा पहला वोट देश के लिये कार्यक्रम में युवाओं का दिखा जोश

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय क्षेत्रीय निदेशालय पटना के निर्देशानुसार 28 फरवरी से आयोजित मेरा पहला वोट देश के लिए अभियान के अन्तर्गत एके सिंह कॉलेज जपला में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में प्राचार्य प्रो. सूर्यमणि सिंह ने उपस्थित स्वयं सेवकों,शिक्षकों एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों को मतदाता शपथ दिलाई। इस अवसर पर कार्यक्रम पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी प्रो. राजेश कुमार सिंह ने कहा कि देश के कुशल नागरिक होने के नाते स्वच्छ मतदान हम सभी का दायित्व बनता है। हम सभी को स्व से ऊपर उठकर मतदान करने की आवश्यकता है। भारत युवाओं का देश है। युवा शक्ति कदम से कदम मिलाकर आगे आयेगी। तभी अपना देश विकसित राष्ट्र की श्रेणी में आ सकता है। इस दौरान सभी ने सेल्फी के माध्यम से आम नागरिक को अपने मताधिकार का प्रयोग बिना दबाव एवं प्रलोभन के करने का संदेश दिया। इस अवसर पर प्रो. शशिभूषण सिंह, डॉ. रामसुभग सिंह, डॉ. अजय कुमार सिंह,डॉ. शिवकुमार विश्वकर्मा, प्रो. अयूब,प्रो. मुकेश कुमार सिंह, प्रो. अरुण कुमार सिंह, प्रो. जयशंकर प्रसाद सिंह, प्रो. आनंद कुमार सिंह, प्रो. अभिषेक कुमार सिंह, प्रो. उपेन्द्र कुमार सिंह, सुप्रिया कुमारी मौजूद रहीं।




### चार घाटों से शुरू हुआ बालू का उठाव, मुखिया ने सौंपा चालान

**हरिहरगंज।** प्रखंड क्षेत्र के सेमरवार पंचायत अंतर्गत बटाने नदी के चार बालू घाटों से मंगलवार को विधिवत बालू का उठाव पंचायत के मुखिया जितेंद्र पासवान ने फीता काटकर व झारखंड सरकार द्वारा जारी चालान काट कर किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि पंचायत क्षेत्र में पड़ने वाली बटाने नदी के ढाब कला, ढाब खुर्द, सेमरवार तथा रजवार बालू घाट से बालू उठाव करने के लिए सरकार ने पंचायत को अधिकृत किया है। मौके पर उप मुखिया अनीश राम, राणा पासवान, वार्ड सदस्य उपेंद्र यादव, अखिलेश गुप्ता, विरेंद्र मेहता, प्रदीप राम, मिथिलेश पासवान, कमलेश यादव, नंदकिशोर पासवान, शैलेंद्र पासवान, शत्रुघ्न राम, महेंद्र भुईयां मौजूद थे।

# ध्वजारोहण कर मना शिव जयंती महोत्सव

### श्रद्धालुओं ने मांगा मुक्ति का सर्वश्रेष्ठ वरदान, लिया संकल्प



**नवीन मेल संवाददाता**

**सतबरवा।** ठाकुरबाड़ी मंदिर के सामने प्रजापति ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय शाखा में मंगलवार को 88वीं त्रिमूर्ति शिव जयंती का महोत्सव ध्वजारोहण कर मनाया गया। इस अवसर पर बीके कविता ने बताया कि प्रजापति ब्रह्मा के तन में अवतरित होकर शिव ईश्वरीय ज्ञान और योग की शिक्षा देते हैं। उन्हीं के द्वारा संपूर्ण पवित्रता, सुख और शांति का ऐश्वर्य, जन्मसिद्ध अधिकार दिया जाता है। महाशिवरात्रि पर हम सभी को अपने समस्त विकारों की तिलांजलि देकर शिव के सत्य स्वरूप को स्वीकार करना चाहिये। शिवरात्रि मनाने की सच्ची रीति को अपना कर हमें वरदानी शिव पिता से इसी जन्म में मुक्ति का सर्वश्रेष्ठ वरदान ले लेना चाहिए। शिव जयंती पर शिव ध्वजारोहण कर मन, वचन व कर्म की पवित्रता को धारण करने का सभी ने संकल्प लिया। मौके पर बीके ज्योति , कृष्णा, सरस्वती, मंजू, किरण, मीना, कौशल्या, वीणा, फुलवा, रीना मौजूद रहीं। इस दौरान केक काटकर सामाजिक कार्यकर्ता हरिद्वार प्रसाद का 75वां जन्मदिन भी मनाया गया।

---

सीएम को पत्रक सौंपने पर अभियान कमेटी ने विधायक पुष्पा का जताया आभार

# छतरपुर को जिला बनाने की मांग ने पकड़ा जोर

**नवीन मेल संवाददाता**

**छतरपुर।** छतरपुर को ज़िला बनाने की मांग जोर पकड़ने लगी है। जिला बनाने के लिए गठित छतरपुर को जिला बनो अभियान कमेटी ने छतरपुर विधायक पुष्पा कुमारी द्वारा सीएम चंपाई सोरेन को जिला बनाने के लिए दिए गए ज्ञापन पर हर्ष जताते हुये उनके प्रति आभार जताया है। अभियान के समन्वयक छतरपुर विकास मंच के अध्यक्ष समाजसेवी अरविंद गुप्ता चुनमुन ने कहा कि इससे अभियान को बल मिलेगा। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में इस अभियान को और गति दी जाएगी, ताकि जल्द ही छतरपुर जिला बने। अरविंद ने कहा कि इस संबंध में वे पहले ही राज्यपाल को इस आशय का ज्ञापन सौंप चुके हैं।

उन्होंने कहा कि छतरपुर जिला बनने की सारी अहर्तायें पूरी करता है। सरकार ने संजीदगी नहीं दिखाई तो चरणबद्ध आंदोलन चलाया जाएगा। मौके पर महेंद्र प्रसाद, समाजसेवी अरुण ठाकुर, उमेश यादव, जयकुश प्रजापति, प्रदीप रजक, राजेंद्र यादव, विनोद यादव, रमेश प्रजापति, श्रवण गुप्ता, सत्येंद्र गुप्ता, उमाशंकर सिंह, राजेंद्र सिंह, नौशाद, शकील, मुमताज, जितेंद्र राम, रंजन कुमार सहित भारी संख्या में लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

# रामबीघा की टीम ने जमाया खिताब पर कब्जा

### जय जमुहरी मईया क्लब क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** जय जमुहरी मईया क्लब द्वारा आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच मंगलवार को खेला गया। जपला-छतरपुर रोड के नाग बाबा मंदिर के समीप खेल मैदान पर खेले गये खिताबी मुकाबले की शुरूआत भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रविन्द्र कुमार सिंह, नगर मंडल अध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता व समाजसेवी मुन्ना कुमार देव ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर की। पहले बल्लेबाजी करते हुए रामबीघा की टीम 6 विकेट खोकर 134 रन बनाने में सफल रही। जबाबी पाली खेलते हुए कबरा की टीम लक्ष्य से काफी पीछे रह गयी। मैन आफ द सीरीज का खिताब शशि पासवान व मैन ऑफ द मैच शुभम कुमार को दिया गया। रविन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि खेल में असीम संभावनाएं हैं। उन्होंने राज्य क्रिकेट एसोसिएशन से बात कर स्थानीय खिलाड़ियों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने की बात कही। साथ ही उन्होंने खिलाड़ियों को हरसंभव मदद का भरोसा दिया। इस मौके पर उपेंद्र यादव, अनीश पटेल, प्रदीप पटेल, अभिषेक पटेल सत्या पटेल, कृष्णा गुप्ता, दीपक पटेल आदि सैकड़ों खेल प्रेमी मौजूद थे।



---

# स्नातक सेमेस्टर टू की परीक्षा में 20 परीक्षार्थी अनुपस्थित



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** नीलांबर- पीतांबर विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित सेमेस्टर टू की सत्र 2022-26 की परीक्षा शहीद भगत सिंह परीक्षा केंद्र पर मंगलवार को शांतिपूर्ण तरीके से हुई। इसमें कुल 1292 परीक्षार्थियों में 20 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। बीए,बीएससी, बीकॉम सेमेस्टर टू की परीक्षा का निरीक्षण प्रभारी प्राचार्य सह केन्द्राधीक्षक प्रो. संजय कुमार सिंह व दंडाधिकारी आशीष कुमार ने किया। उन्होंने कहा कि परीक्षा को नकल रहित तरीके से संपन्न करवाने के लिए व्यापक प्रबंध परीक्षा केंद्र पर किए गए हैं। पर्याप्त पुलिस कर्मियों के अलावा महिला पुलिस की ड्यूटी भी निर्धारित हुई है। ताकि परीक्षा का संचालन कदाचार मुक्त हो सके। इस मौके पर ममता कुमारी, संजय सिंह, कृष्ण कुमार सिंह,मुन्ना सिंह, अरविंद कुमार सिंह,निखिल सिंह, अनिल कुमार समेत कई वीक्षक सक्रिय रहे।

जिला आयुष समिति ने किया आयोजन, मिली राहत

# प्रखंड परिसर में शिविर, पांच सौ मरीजों का इलाज

- शिविर का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी ने किया
- शिविर में महिला चिकित्सक डॉ. शबाना परवीन से स्वास्थ्य संबंधी जांच की



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** प्रखंड कार्यालय परिसर में जिला आयुष्य समिति के तत्वावधान में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कर आयुष पद्धति से पांच सौ से अधिक मरीजों का निःशुल्क इलाज किया गया। शिविर का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी ने किया। शिविर में महिला चिकित्सक डॉ. शबाना परवीन से स्वास्थ्य संबंधी जांच की। प्रखंड प्रमुख ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की ओर से इस तरह का शिविर लगाकर लोगों को लाभ देना सराहनीय प्रयास है।

उन्होंने आमलोगों से भी शिविर से लाभ उठाने की अपील की। मौके पर उपस्थित हुसैनाबाद अनुमंडल अस्पताल के चिकित्सक डॉ. पीएन सिंह ने कहा कि यह शिविर राज्य सरकार के निर्देश पर जिला आयुष समिति द्वारा लगाया गया है। उन्होंने कहा कि आर्थो आर्थराइटिस व मांसपेशियों में दर्द, जोड़ों में दर्द आदि का इलाज आयुष्मान पद्धति द्वारा किया जा रहा है। जिससे लोगों को काफी सहूलियत मिल रही है।

उन्होंने कहा कि शिविर के माध्यम से अधिक से अधिक गरीबों व वृद्धजनों को लाभ देना है। उन्होंने बताया कि यह शिविर सात मार्च तक लगाया जाएगा। मौके पर योग शिक्षक हंसराज मौर्या,लैब टेक्निशियन रवि पाठक, सहिया हमीदा खातून, उर्मिला देवी मौजूद रहीं।

### पीसीसी पथ का ऑनलाइन शिलान्यास



**मोहम्मदगंज।** प्रखण्ड के गोडाडीह पंचायत अंतर्गत बटउआ गांव में विधायक निधि से बननेवाले पीसीसी पथ निर्माण कार्य का ऑनलाइन शिलान्यास क्षेत्रीय विधायक कमलेश कुमार सिंह ने किया। अपने संदेश में विधायक श्री सिंह ने कहा कि सुदूरवर्ती टोले को मुख्य सड़क से जोड़ने के लिए पक्की सड़क का निर्माण कार्य पूरे क्षेत्र में युद्धस्तर पर हो रहा है। मौके पर एनसीपी प्रखंड अध्यक्ष रुद्रप्रताप सिंह, 20सूत्री अध्यक्ष जियाउद्दीन खान,उपाध्यक्ष अजीत कुमार सिंह,मुखिया प्रतिनिधि उदय सिंह,शम्भू रजवार,मोजिब शेख,राजेन्द्र सिंह उपस्थित थे।

### उताकी मेला सह सांस्कृतिक कार्यक्रम आठ को



**पाटन।** प्रखंड के उताकी पंचायत स्थित योगीवीर प्राचीन शिव मंदिर में महाशिवरात्रि पर आठ मार्च को घोड़ा दौड़ प्रतियोगिता सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि पाटन -छतरपुर की विधायक पुष्पा देवी करेंगी। सुबह 11 बजे से शाम छह बजे तक कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। इस दौरान भोजपुरी के व्यास महावीर यादव बिहार और गुड्डू दुबे झारखंड के बीच रोमांचक मुकाबला होगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुखिया प्रतिमा देवी के नेतृत्व में ग्रामीण जुटे हैं।

---

# मनरेगा योजनाओं की सोशल आडिट



**नवीन मेल संवाददाता**

**पांडू।** प्रखंड के ग्राम पंचायत डाला कलां के पंचायत सचिवालय में ग्रामीण विकास विभाग झारखंड सरकार के निर्देशानुसार वित्तीय वर्ष 2020,21,22,23 एवं 24 में संचालित मनरेगा योजनाओं से संबंधित सभी योजनाओं का सामाजिक अंकेक्षण किया गया। जिसकी अध्यक्षता पांडू प्रखंड के नाजिर गोविंद कुमार ने की। कार्यों में अनियमितता पाये जाने पर संबंधित पदाधिकारी, पंचायत सेवक, रोजगार सेवक व जेई पर आर्थिक दंड निर्धारित किया गया। मौके पर पंचायत के मुखिया रामबाबू यादव, नाथ यादव, मल्लू राम, विकास सिंह, चंदन कुमार, रोजगार सेवक नीरज कुमार, राजाराम पासवान, चंदन सिंह, वरूण बैठा, पुनीत राम, पवन सिंह, सत्येंद्र यादव मौजूद रहे।

### व्यापार मंडल ने की धान उठाव की मांग

**हुसैनाबाद।** प्रखंड कार्यालय स्थित व्यापार मंडल में एक माह से रखे धान का उठाव कराये जाने की मांग की है। इस संदर्भ में हुसैनाबाद व्यापार मंडल अध्यक्ष कृष्णा बैठा ने झारखंड राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम पलामू को पत्र प्रेषित किया है। प्रेषित पत्र में कहा गया है कि हुसैनाबाद व्यापार मंडल स्थित अधिप्राप्ति केंद्र में 747 क्विंटल 60 किलोग्राम धान की खरीदारी की गई है, किंतु खरीदगी के एक माह बाद भी अभी तक उठाव नहीं किया गया है। समय बीतने से धान जहां सूख रहा है। वहीं चूहे भी नुकसान पहुंचा रहे हैं। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा जानकारी दी गई थी कि खरीदारी के एक सप्ताह बाद धान का उठाव कर लिया जाएगा। इसके बाद भी अभी तक उठाव नहीं किया जा रहा है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों से इस दिशा में अविलंब पहल करने की मांग की है।

# विधायक पुष्पा ने नारी शक्ति पदयात्रा में किया सहभाग



**नवीन मेल संवाददाता**

**पाटन।** नारी शक्ति बंधन पदयात्रा किशनपुर मंडल में भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित की गई। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पाटन-छतरपुर विधायक पुष्पा देवी उपस्थित हुईं। कार्यक्रम की अध्यक्षता किशुनपुर मंडल अध्यक्ष संतोष पांडे ने की। इस कार्यक्रम के विधान सभा प्रभारी जिला महामंत्री सुजाता सिंह, जिला मीडिया प्रभारी नीलम देवी, किशनपुर मंडल अध्यक्ष महिला मोर्चा नीलिमा झा, पूनम देवी, सांसद प्रतिनिधि हेमंत जी, किशनपुर पंचायत की मुखिया सुमन गुप्ता, जिला कार्यकारिणी सदस्य अशोक तिवारी, निर्मला देवी, संगीता मिश्रा, सोनी देवी, मालती देवी आदि मौजूद रहीं। विधायक पुष्पा देवी ने कहा कि पहली बार किसी पीएम ने नारी शक्ति को सम्मान देने का काम किया है। ऐसे में महिलाओं का दायित्व बनता है कि वे मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनाने के लिये जी-जान से जुट जायें।

---

# महाविद्यालय में गोस्वामी तुलसीदास की प्रतिमा का अनावरण



**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** बीमोड़ स्थित संत तुलसीदास डिग्री कॉलेज परिसर में मंगलवार को गोस्वामी तुलसीदास एवं महाविद्यालय के पूर्व सचिव स्व.नागनाथ चौबे की प्रतिमा स्थापित की गयी। प्रतिमा का अनावरण पूर्व मंत्री सह विधायक की अनुपस्थिति में शिक्षाविद डॉ. राजेश्वर पांडेय,महाविद्यालय के सचिव डॉ. शशिनाथ चौबे व प्राचार्य संतोष कुमार मिश्रा ने संयुक्त रूप से किया। प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम में अतिथियों और क्षेत्र के बुद्धिजीवी लोगों ने गोस्वामी तुलसीदास व नागनाथ चौबे की पुण्यतिथि मनाते हुये श्रद्धा सुमन अर्पित किया। अतिथियों ने स्व.चौबे के जीवन पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। पुण्यतिथि पर राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत कॉलेज परिसर में पौधा रोपण भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रो अजय शुक्ला ने किया। मौके पर विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव, सुशील कुमार चौबे, विजय चौबे, बृजराज चौबे, अशोक पांडेय, सुरेंद्र तिवारी, महेंद्र चौबे, सीताराम शुक्ला, विनय चौबे, गोरख अंसारी, डॉ. श्याम मिश्रा, रामजी चौबे मौजूद रहे।

कार्यक्रम

मदरसा खैरूल इस्लाम में दस्तारबंदी जलसे का आयोजन

# भाईचारे का पैगाम देता है इस्लाम

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** अनुमंडल क्षेत्र के मदरसा खैरुल इस्लाम परिसर में सोमवार की रात सयाहे ला मक्का कॉन्फ्रेंस व दस्तारबंदी आयोजित की गयी। जलसा का उद्घाटन समाजसेवी शेर अली, सैयद नौशाद,सैयद मशरुर अहमद, ग्यासुद्दीन सिद्दिकी व मौलाना हसन फैजी ने संयुक्त रूप से किया। जलसे में झारखंड सहित सीमावर्ती बिहार व उत्तर प्रदेश के दर्जनों उलमा ऐकराम ने भाग लिया। जलसे की अध्यक्षता हाफिज खुर्शीद अनवर नूरी ने व संचालन हाफिज लाल मोहम्मद ने किया। जलसे की शुरूआत तिलवाते कुरआन पाक से हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मौलाना सैयद मंजर हुसैन ने कहा कि जो लोग अल्लाह से लौ लगाते हैं। कामयाबी उनके कदम चूमती है। उन्होंने कहा कि हम अल्लाह और प्यारे रसूल के बताए हुए रास्ते पर चलकर नेक इंसान बन सकते हैं। इस्लाम दुनिया वालों को अमन चैन व भाईचारगी का संदेश देता है। जलसे में हजरत शान अली,नुमान अख्तर, मौलाना अहमद अली खान, हसन फैजी समेत कई उलमा ए कराम द्वार नातिया कलाम पढ़ा गया। इस दौरान पूरा परिसर नारे ए तकबीर अल्लाहु अकबर से गूंजता रहा। इस दौरान मदरसा को और बेहतर बनाने की रूपरेखा तय की गयी। कार्यक्रम में मुख्य रुप से हजरत हुसैन मोबारक, अमार अशरफ, जमशेद रजा, फिरोज आलम नूरी, कलीम नूरी, के अलावा मदरसा कमिटी के अध्यक्ष फिरोज सिद्दीकी, आमीन खान, डॉक्टर एजाज आलम, डॉ. नादिर रिजवी, हाजी अब्दुल मजीद कादरी मौजूद थे।



# मोदी की गारंटी पर पूरा देश करता है विश्वास : संध्या



### भाजपा महिला मोर्चा ने की नारी शक्ति वंदन पदयात्रा

**विश्रामपुर।** नगर परिषद मुख्यालय में मंगलवार को भाजपा नगर मंडल महिला मोर्चा द्वारा नारी शक्ति वंदन पदयात्रा निकाली गई। पदयात्रा की शुरूआत स्थानीय जनता उच्च विद्यालय के खेल मैदान से की गयी। इस दौरान बस स्टैंड,थाना चौक,बाजार चौक होते हुये पूरे नगर भ्रमण के बाद पंचमुखी मंदिर परिसर में सभा कर मोदी सरकार की उपलब्धियों का बखान किया गया। पदयात्रा प्रभारी भाजपा नेत्री संध्या सिंह व उप प्रभारी जिला कार्य समिति सदस्य किरण देवी ने कहा कि मोदी की गारंटी पर पूरा देश भरोसा कर रहा है। भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष किरण शर्मा, महामंत्री अर्चना देवी, पांडू मंडल महिला मोर्चा अध्यक्ष मुन्नी देवी, बबीता देवी, बेबी देवी, संगीता देवी, सरिता देवी, अनीता देवी मौजूद रहीं।

संसेक्स 73,677.13 ▲ -195.16
डॉलर 82.914 ▼ -0.000

**तापमान** (डिग्री सेल्सियस)
आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 27.0 | 14.0 | 22.0 |
| धनबाद | 29.0 | 14.0 | 25.0 |
| जमशेदपुर | 34.0 | 15.0 | 30.0 |
| पलामू | 29.0 | 13.0 | 24.0 |

ईश्वर में हमारा विश्वास
# राष्ट्रीय नवीन मेल
सत्यमेव जयते



डालटनगंज (मेदिनीनगर), फाल्गुन कृष्ण पक्ष 11, विक्रम संवत 2080 डालटनगंज (मेदिनीनगर), बुधवार, 06 मार्च 2024, वर्ष-30, अंक- 139, पृष्ठ-10, मूल्य ₹3.00, रजिस्ट्रेशन नः आरएनआई. 61316/94 www.rastriyanaveenmail.com

संपादकीय हरित भविष्य की निरंतरता व भावी पीढ़ी ... 8 डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित लोस चुनाव की निगरानी में शामिल होंगी केंद्रीय ...10 देश/विदेश

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें हमसे**

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 82925 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 8292373444 संपर्क करें।

# झारखंड में कानून का राज चलेगा या उपद्रवियों का

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में मंगलवार को मांडर के चान्हो में बनने वाले एकलव्य स्कूल के लिए चयनित स्थान को दूसरी जगह बदलने के खिलाफ गोपाल भगत की जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। केंद्र एवं राज्य सरकार की ओर से दाखिल जवाब पर जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने नाराजगी जताई। केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार पर कोर्ट द्वारा पिछली सुनवाई में लगाए गए 25-25 हजार रुपये जुमार्ना को हटाने के उनके आग्रह को कोर्ट ने नहीं माना और जुमार्ना राशि को पूर्व सैनिक विधवा कल्याण फंड में जमा करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने मौखिक कहा कि किसकी इजाजत से एकलव्य विद्यालय का शिलान्यास स्थल को बदलकर नई जगह पर स्कूल का निर्माण का निर्णय लिया गया। झारखंड में कानून का राज चलेगा या उपद्रवियों का राज चलेगा। कोर्ट ने केंद्र और राज्य सरकार के शपथ पत्र पर कहा कि इसमें कहां साबित हो रहा है कि स्कूल का जगह बदलने के लिए राज्य सरकार ने केंद्र सरकार को सूचित किया था। स्कूल कंस्ट्रक्शन कर रही कंपनी दूसरी जगह स्कूल भवन बना रही है, क्या उसे अधिकार है कि वह जगह बदल सके। पूर्व में पुराने स्थल पर जहां स्कूल बन रहा था वहां बाउंड्री वॉल तोड़ा गया, उसका खर्च कौन उठाएगा। यदि केंद्र सरकार इस खर्च को वहन नहीं कर रही है तो राज्य सरकार किसके पैसे से उसका भुगतान करेगी, यह पब्लिक का पैसा है इसका दुरुपयोग नहीं होना चाहिए। डीपीआर बनाने के बाद केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के द्वारा वहां शिलान्यास किया गया था। राज्य सरकार ने उसके लिए जगह चिन्हित कर जमीन दी थी। इसके बाद नई जगह पर एकलव्य स्कूल बनाने का निर्णय क्यों लिया गया। राज्य सरकार कहती है कि उसने स्कूल के जगह को बदलने के संबंध में केंद्र सरकार को सूचित किया था। इस पर कोर्ट ने मौखिक कहा कि क्या उपद्रवियों के डर से केंद्र व राज्य सरकार डर गई है, जिस कारण स्कूल की जगह बदलने का निर्णय लिया गया। कोर्ट ने मामले में केंद्र व राज्य सरकार के जवाब पर याचिकाकर्ता को अपना प्रति उत्तर देने का निर्देश देते हुए शेष पृष्ठ 9 पर

- **मांडर एकलव्य स्कूल मामले में केंद्र और राज्य के जवाब पर हाईकोर्ट नाराज**
- **किसकी इजाजत से एकलव्य विद्यालय के शिलान्यास स्थल को बदला गया**
- **पहले स्कूल का बाउंड्री वॉल तोड़ा गया, उसका खर्च कौन उठाएगा**
- **राज्य सरकार किसके पैसे से उसका भुगतान करेगी**
- **यह पब्लिक का पैसा है इसका दुरुपयोग नहीं होना चाहिए**



### पलामू सर्राफा

सोना (10 ग्राम) 63,630
चांदी (किलो) 72,210

## एक नजर

### झारखंड कैबिनेट की बैठक आज

**रांची।** झारखंड मंत्रिपरिषद की बैठक छह मार्च को होगी। इस संबंध में मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) द्वारा जानकारी दी गयी है। मंत्रिपरिषद की बैठक बुधवार को अपराह्न चार बजे से झारखंड मंत्रालय (प्रोजेक्ट भवन) स्थित मंत्रिपरिषद कक्ष में होगी।

### रक्षक हॉस्पिटल में संचालित अल्ट्रासाउंड सील

**मेदिनीनगर।** सदर अस्पताल रोड स्थित रक्षक हॉस्पिटल में मंगलवार को कार्रवाई करते हुए अल्ट्रासाउंड को सील कर दिया गया है। चार सदस्यीय टीम ने यह कार्रवाई की है।अल्ट्रासाउंड संचालन से संबंधित किसी तरह का वैध कागजात नहीं रहने के कारण टीम ने यह कार्रवाई की है। सिविल सर्जन डॉक्टर अनिल कुमार सिंह ने बताया कि करीब दो वर्ष से अस्पताल में बिना लाइसेंस के अल्ट्रासाउंड का उपयोग किया जा रहा था। साथ ही यह भी जानकारी मिली है कि वहां पर लिंग परीक्षण भी होता था। अल्ट्रासाउंड की फीस भी ज्यादा ली जा रही थी। सूचना और शिकायत के आलोक में दंडाधिकारी, स्वास्थ्यकर्मी, वकील की चार सदस्यीय टीम ने यह कार्रवाई की है। टीम में दंडाधिकारी रश्मि रंजन, स्वास्थ्यकर्मी केके शर्मा शामिल रहे।

### कर्नाटक के सीएम को ईमेल से मिली रामेश्वरम कैफे जैसे विस्फोट की धमकी

**बेंगलुरु।** कर्नाटक सरकार को मंगलवार को ईमेल के जरिए बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे में हाल ही में हुए विस्फोट की तर्ज पर सिलसिलेवार बम विस्फोटों की धमकी मिली है। धमकी भरा मेल कर्नाटक सीएम, डिप्टी सीएम, गृह मंत्री और बेंगलुरु पुलिस कमिश्नर के आधिकारिक ईमेल पर भेजा गया है। सूत्रों के अनुसार, ईमेल भेजने वाले शख्स ने 25 लाख डॉलर की फिरौती मांगी है। ईमेल में कहा गया है अगर मांग पूरी नहीं की गई तो बस स्टॉप और रेलवे स्टेशन समेत कई जगहों पर रामेश्वरम कैफे जैसे सिलसिलेवार विस्फोट किए जाएंगे।

**मुख्यमंत्री की जगह मंत्री आलमगीर आलम ने किया योजनाओं का शिलान्यास व उदघाटन**

# राज्य सरकार गरीबों के हित में कर रही है काम : आलमगीर



**गोड्डा।** जिले के महागामा अनुमंडल मुख्यालय स्थित ऊर्जानगर राजेंद्र स्टेडियम में मंगलवार को निर्धारित मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन का आगमन अंतिम समय में टल गया। मुख्यमंत्री की जगह संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम एवं स्वास्थ्य एवं चिकित्सा मंत्री बन्ना गुप्ता ने निर्धारित सभी कार्यक्रमों को यहां संपन्न किया। कार्यक्रम में स्थानीय विधायक दीपिका पांडेय सिंह, औरैया के विधायक प्रदीप यादव मौजूद रहे। कार्यक्रम में पूर्व निर्धारित सभी कार्यक्रमों के साथ-साथ मनरेगा एवं डीएमएफटी के तहत स्थानीय लोगों को नियुक्ति पत्र भी प्रदान किए गए। इसके पूर्व पीसीएल के द्वारा सर योजना के तहत वर्ष 2012 में स्वीकृत 300 सैया वाले अस्पताल का शिलान्यास कार्यक्रम भी संपन्न किया गया। साथ ही महागामा डिग्री कॉलेज का भी शुभारंभ किया गया। सभा को संबोधित करते हुए मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि सरकार गरीब लोगों के हित में कार्य कर रही है। उन्होंने सर्वजन पेंशन योजना, अबुआ आवास योजना सहित विभिन्न योजनाओं के बारे में लोगों को जानकारी देते हुए कहा कि इसके पूर्व लोग पेंशन के लिए भटकते थे जिसे सरकार ने आज सबके लिए उपलब्ध करा दिया है। मंत्री ने स्थानीय विधायक दीपिका पांडे सिंह की प्रशंसा करते हुए कहा कि आप लोग ने एक अच्छी विधायक को सदन में भेजा है, जो क्षेत्र के हक के लिए हमेशा आवाज उठाती रहती है। इसके पूर्व मंत्री बना गुप्ता ने उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए निशिकांत दुबे पर निशाना साधा। साथ ही कहा कि धर्म और जाति के नाम पर लोगों को बांटने का काम किया जा रहा है जबकि हमारी सरकार आम लोगों के लिए काम कर रही है। विधायक प्रदीप यादव ने भी सरकार की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह सरकार आम लोगों की भावना पर काम कर रही है। दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि वे मुख्यमंत्री की शुक्रगुजार हैं कि इस क्षेत्र के लिए उन्होंने तमाम योजनाओं को स्वीकृति दी तथा आज सभी सड़क एवं अन्य सुविधाएं यहां उपलब्ध हो गई है। करीब 500 करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न योजनाओं में डिग्री कॉलेज एवं सिंचाई एवं पेयजल योजनाओं, महागामा के बहुप्रतीक्षित 300 बेड अस्पताल का शिलान्यास, नगर पंचायत क्षेत्र के लिए 83 करोड़ की लागत से हर घर नल जल योजना का शिलान्यास भी किया गया।

### सीएम गिरिडीह में नौ को रखेंगे वृहद पाइप लाइन सिंचाई परियोजना की आधारशिला



**रांची।** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन तीसरी बार गिरिडीह आयेंगे। उनके गिरिडीह आगमन को देखते हुए जिला प्रशासन ने तैयारी शुरू कर दी है। सीएम के नौ मार्च को एक दिवसीय कार्यक्रम को देखते हुए मंगलवार को डीसी और एसपी ने ज्वाइंट बैठक की और कई निर्देश दिये। इस बार मुख्यमंत्री का दौरा सदर विधानसभा के पीरतांड़ में होना है, जहां राज्य सरकार के मेजर एरिगेशन विभाग की 639 करोड़ की लागत से प्रस्तावित वृहद पाइप लाइन सिंचाई योजना की आधारशिला रखेंगे।

# सामूहिक दुष्कर्म की विदेशी पीड़िता नेपाल रवाना

- **दंपति ने मुसीबत में साथ देने वाले सभी लोगों को धन्यवाद दिया**
- **सोशल मीडिया पर लिखा, मेरे साथ जो हुआ उसे छुपाना जायज नहीं**
- **घटना के लिए भारत या यहां के लोगों को जिम्मेवार ठहराना सही नहीं**
- **दुष्कर्म के खिलाफ सोशल मीडिया पर अभियान शुरू किया**
- **ऐसी घटना पूरी दुनिया में कहीं भी किसी के भी साथ हो सकती है**
- **भारत एक महान देश है, भारतीयों से मुझे शिकायत नहीं, यहां के लोग अच्छे**

**दुमका।** दुमका जिले के हंसडीहा थाना क्षेत्र में सामूहिक दुष्कर्म की शिकार 28 वर्षीय ट्रैवल ब्लॉगर स्पेनिश महिला मंगलवार को नेपाल के लिए रवाना हो गई। रवानगी से पहले पीड़ित महिला ने मुसीबत में साथ देने वाले सभी लोगों को धन्यवाद दिया। साथ ही कहा कि वह बुरी यादों को भुलाकर कई अच्छी यादें लेकर इंडिया से जा रही है। इस दौरान स्थानीय प्रशासन ने उनकी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये थे। दुमका पुलिस विदेशी दंपति को सुरक्षा के साथ दुमका से 70 किमी दूर झारखंड-बिहार के बॉर्डर पर छोड़ने गई।

नेपाल रवानगी से पहले पीड़ित महिला ने कहा कि इस घटना के लिए भारत और यहां के लोगों को जिम्मेवार ठहराना बिल्कुल सही नहीं है। स्पेन की ट्रैवल ब्लॉगर ने दुनिया भर में महिलाओं-लड़कियों से रेप की घटनाओं के खिलाफ सोशल मीडिया पर अभियान शुरू किया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा है, मेरे साथ जो हुआ उसे छुपाना जायज नहीं है। मैं लोगों को बताऊंगी कि न्याय पाने के लिए कैसे लड़ना पड़ता है। भारतीयों से मुझे शिकायत नहीं है। भारत एक महान देश है। शेष पृष्ठ 9 पर




### गैंगरेप के पांच अन्य आरोपित गिरफ्तार, भेजे गए जेल

**दुमका।** स्पेन के टूरिस्ट बाइक राइडर दंपति से मारपीट, लूट और महिला से गैंगरेप मामले में हंसडीहा पुलिस पांच अन्य आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में मंगलवार को जेल भेज दिया। गिरफ्तार आरोपितों में बाबूजी सोरेन, बुधलाल मराण्डी, बबलू हेम्ब्रम, बसिस मुर्मू एवं समीर किस्कू शामिल हैं। सभी थाना क्षेत्र के कुरमाहाट निवासी हैं। यह जानकारी दुमका के एसपी पीताम्बर सिंह खेरवार ने मंगलवार को पत्रकार वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि मामले में अब तक कुल आठ आरोपितों की गिरफ्तारी हो चुकी है। पुलिस पीड़ित दंपति को फास्ट ट्रैक के तहत दोषियों को जल्द से जल्द सजा दिलाएगी।

### कर्ज वापस करने के बहाने बुलाकर किया दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**रांची।** झारखंड में दुष्कर्म की घटनाएं रुक नहीं रहीं। दुमका और पलामू के बाद अब अब राज्य के गढ़वा जिले में एक महिला से रेप की वारदात सामने आई है। पीड़िता बिहार के पटना की रहने वाली है। युवती को जान से मारने की कोशिश भी की गई। युवती ने साहस दिखाया और उसकी जान बच गई। इसके बाद पीड़िता ने 100 नंबर पर डायल कर पुलिस को मामले की जानकारी दी। पुलिस मौके पर पहुंची और उसे अस्पताल पहुंचाया। आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। बताया जा रहा है कि गढ़वा के बंशीधर नगर का रहनेवाला जहारुद्दीन अंसारी गुजरात की एक फैक्ट्री में काम करता था। पटना की इस युवती का पति भी वहीं काम करता था। पीड़िता के पति ने जहीरुद्दीन अंसारी को 45 हजार रुपए कर्ज दिए थे।

# इंडियन ऑयल पारादीप-हैदराबाद उत्पाद पाइपलाइन का उद्घाटन

### प्रधानमंत्री ने ओडिशा को दी 19,600 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की सौगात



**चंडीखोले/नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को ओडिशा के चंडीखोले में 19,600 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी और राष्ट्र को समर्पित किया। उन्होंने इंडियन ऑयल पारादीप-हैदराबाद उत्पाद पाइपलाइन का भी उद्घाटन किया। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह से प्रधानमंत्री ने विकसित भारत के संकल्प के लिए काम करते हुए देश की वर्तमान जरूरतों का ख्याल रखने के सरकार के दृष्टिकोण को सामने रखा। उन्होंने ऊर्जा क्षेत्र में पूर्वी राज्यों की क्षमताएं बढ़ाने के प्रयासों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों ने विकास परियोजनाओं को पूरा करने में कभी दिलचस्पी नहीं ली और वर्तमान सरकार परियोजनाओं की आधारशिला भी रखती है और समय पर उनका उद्घाटन भी शेष पृष्ठ 9 पर

# सियासी संग्राम में आमने-सामने हो सकते हैं पूर्व पुलिस अधिकारी व पूर्व नक्सली कमांडर

- **भाजपा से पूर्व डीजीपी मैदान में तो राजद से पूर्व नक्सली कमांडर के उतरने की चर्चा**

**अखिलेश चौबे**

**मेदिनीनगर।** झारखंड की राजनीतिक राजधानी पलामू लोस सीट पर इस बार पुलिस-नक्सली आमने-सामने होने के प्रबल आसार जताये जा रहे हैं। भाजपा ने जहां अपने वर्तमान सांसद झारखंड के पूर्व डीजीपी वीडी राम पर भरोसा जताते हुये उन्हें तीसरी बार चुनावी समर में उतारा है। वहीं आईनडीआईए गठबंधन के घटक दल राजद से पूर्व सांसद व कभी नक्सली कमांडर रहे कामेश्वर बैठा को टिकट मिलने की चर्चा जोरों पर है। ऐसे में बीहड़ के बाद चुनाव मैदान में भी लोगों को प्रबल प्रतिद्वंद्वियों का रोचक संघर्ष देखने को मिल सकता है। लोगों को अब बेसब्री से आईएनडीआईए गठबंधन द्वारा पलामू में उम्मीदवार की घोषणा का इंतजार है। झारखंड के पूर्व डीजीपी वीडी राम सेवानिवृत्ति के बाद मोदी रथ पर सवार होकर दो बार से भारी मतों के अंतर से सांसद बनते आये हैं। जबकि पहली बार बसपा से लड़कर चुनाव हारने वाले कामेश्वर बैठा वर्ष 2009 के लोकसभा चुनाव शेष पृष्ठ 9 पर





### दोनों बार हारने वाले पूर्व सांसद साथ-साथ

राजनीति की माया भी अजीब है। पलामू में इस बार दिलचस्प पहलू यह है कि दो बार जिनको पराजित कर सांसद वीडी राम ने जीत हासिल की थी। वे दोनों पूर्व सांसद इस बार भाजपा के ही खेमे में हैं। वर्ष 2014 में वीडी राम ने राजद से चुनाव लड़ रहे पूर्व सांसद शेष पृष्ठ 9 पर


**इंडिया**

# आक्रामक ब्रांडिंग से उपेक्षित भारतीय खानपान और बढ़ते हानिकारक फास्ट फूड



सुनील बादल

**भारत** में हर गली मुहल्ले में खुलने वाले अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों का ऐसा क्रेज है कि हर गरीब आदमी तक उन्हीं स्कूलों में बच्चों को पढ़ाना चाहता है और जब उसके बच्चे स्कूल ड्रेस पहने टाई लगाकर उसके सामने आते हैं तो वह फूला नहीं समाता । इन तथाकथित अंग्रेजी स्कूलों में बहुत ही कम पैसों में कार्यरत शिक्षकों की अपनी ही अंग्रेजी भले अच्छी न हो पर पब्लिक स्कूल का जादू सभी के सर पर चढ़कर बोल रहा है । रंगीन टेलीविजन के साथ बहुराष्ट्रीय कंपनियां जब भारत में आईं तो उन्हें अपने प्रोडक्ट की खपत बढ़ाने के लिए भारतीय पारंपरिक उत्पादों को किनारे करना था जिसके लिए बहुत ही सोची समझी रणनीति के तहत शुद्धता और आधुनिकता का बहुप्रचार किया गया । जैसे असल में लस्सी पीने पर सचमुच प्यास बुझ जाती है और कोई साइड़ इफेक्ट नहीं होता पर कोल्ड ड्रिंक के नाम पर कीटनाशक और सड़न रोकने के रसायनों का प्रयोग करने वाले कई नकली और घटिया पेय गांवों तक शान से पिए जा रहे हैं क्योंकि उससे तूफानी ठंढा मिलता है, जैसे बड़े खिलाड़ी या फिल्म स्टार बताते हैं । ऐसे ही मैदायुक्त और कब्ज या पेट की बीमारियां पैदा करने वाले फास्ट फूड भले पश्चिमी देशों में चलन से बाहर हो गए हों पर हमारे छोटे बच्चे तक उसके दीवाने हैं क्योंकि फिल्मों और टीवी चैनलों के विज्ञापनों या सीरियल में बड़े लोग वही खाते पीते दिखाए जा रहे हैं । हाल ही में जारी घरेलू उपभोग खर्च सर्वेक्षण (एचसीईएस) एक बार फिर उसी बात की पुष्टि कर रहा है, जिसके बारे में चिकित्सक और स्वास्थ्य पैरोकार लंबे समय से चेतावनी दे रहे थे। अगस्त, 2022 से जुलाई, 2023 के बीच हुए सर्वेक्षण के निष्कर्ष दिखाते हैं कि कुल खाद्य उपभोग खर्च में अनाज और दालों की हिस्सेदारी ग्रामीण और शहरी, दोनों क्षेत्रों में तेजी से घट रही है। वर्ष 1999-2000 में ग्रामीण परिवारों में अनाज पर खर्च कुल उपभोग खर्च का 22.16 फीसदी था, जो कि अब घटकर 4.91 फीसदी रह गया है। शहरी परिवारों में अनाज पर खर्च इसी अवधि के दौरान 12 फीसदी से घटकर 3.64 फीसदी रह गया है। इसी तरह वर्ष 1999-2000 में ग्रामीण परिवारों में दालों पर खर्च कुल उपभोग खर्च का 3.81 फीसदी था, जो अब घटकर 1.77 फीसदी रह गया है और शहरी परिवारों में यह 2.84 फीसदी से घटकर 1.21 फीसदी रह गया है। ग्रामीण परिवारों में अनाज एवं दालों पर खर्च में गिरावट ज्यादा स्पष्ट दिखाई देता है। लेकिन ये आंकड़े पूरी कहानी बयां नहीं करते हैं। अन्य चिंताजनक संकेतक भी हैं-पेय एवं प्रसंस्कृत खाद्य पर खर्च का हिस्सा शहरी और ग्रामीण भारत में वर्ष 2011-12 के कुल मासिक प्रति व्यक्ति उपभोग खर्च (एमपीसीई) के 7.9 फीसदी से बढ़कर 9.4 फीसदी हो गया है। वर्ष 1999-2000 में यह आंकड़ा 4.19 फीसदी था। इसके साथ ही पिछले दशक की इसी अवधि में ग्रामीण भारत में पान, तंबाकू एवं अन्य नशीले पदार्थों पर खर्च 3.21 फीसदी से बढ़कर 3.70 फीसदी हो गया है। वर्ष 1999-2000 में यह आंकड़ा 2.87 फीसदी था। इन आंकड़ों से रुझान स्पष्ट हैं।भारतीय शहरों का आहार संबंधी आंकड़ा तो और भी चौंकाने वाला है। नवीनतम अनुमानों के अनुसार, शहरी भारत में कुल मासिक उपभोग खर्च का लगभग 11 फीसदी प्रसंस्कृत खाद्य पर खर्च होता है। यह तब हो रहा है, जब भारत जीवन-शैली से जुड़ी बीमारियों से संबंधित महामारी की ओर बढ़ रहा है, जो कुछ अंश तक खराब आहार के कारण होता है। नवीनतम घरेलू उपभोग खर्च सर्वेक्षण ग्रामीण एवं शहरी, दोनों क्षेत्रों में बढ़ते चिकित्सीय उपचार (अस्पतालों में भर्ती और गैर-भर्ती, दोनों इलाजों पर) खर्च को दशार्ता है। स्वास्थ्य पैरोकार चेतावनी दे रहे हैं कि खराब आहार हमारे स्वास्थ्य के लिए सबसे बड़े खतरों में से एक है। वे बेहतर विनियमन की जरूरत बताते हैं, जिसमें व्यवहार परिवर्तन के साथ पैक लेबलिंग एवं उपभोक्ता जागरूकता शामिल हैं। इसके अलावा, उच्च शर्करा और उच्च ग्लाइसेमिक इंडेक्स (कार्बोहाइड्रेट वाले आहार की पाचन एवं एक निश्चित समयावधि में शुगर लेबल नापने का तरीका) वाले नाश्ते का अनाज भी चिंता के विषय हो सकते हैं, क्योंकि भारत में मधुमेह के रोगियों की संख्या बढ़ रही है। उच्च ग्लाइसेमिक इंडेक्स के परिणामस्वरूप रक्त शर्करा (ब्लड शुगर) के स्तर में अचानक वृद्धि हो सकती है, जिससे मधुमेह रोगियों के लिए स्वास्थ्य खतरा पैदा हो सकता है। डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट में चेतावनी दी गई है कि भारत में छोटे बच्चों और किशोरों में ब्लड शुगर का स्तर सामान्य से बहुत अधिक होने के मामलों में भी भारी वृद्धि हो रही है।



# सीएमओ से हटे विनय चौबे, अविनाश बने सीएम के अपर मुख्य सचिव



**रांची।** राज्य सरकार ने सात आईएएस अफसरों का तबादला किया है। इसकी अधिसूचना जारी कर दी गई है। मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव विनय चौबे को स्थानांतरित करते हुए पंचायती राज विभाग का प्रधान सचिव बनाया गया है। वहीं ऊर्जा विभाग के अपर मुख्य सचिव, सीएमडी ऊर्जा विकास निगम, एमडी जेबीवीएनएल अविनाश कुमार को मुख्यमंत्री का अपर मुख्य सचिव बनाया गया है। कुमार को यह अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। जबकि मुख्यमंत्री के सचिव, अरवा राजकमल को उत्पाद एवं मद्य निषेध्य विभाग का सचिव, जुडको और जेआरडीए का प्रबंध निदेशक बनाया गया है। इसके अलावा अरवा राजकमल को अपने कार्यों अतिरिक्त गृह विभाग का सचिव बनाया गया है। ग्रामीण कार्य विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह को स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं कल्याण विभाग का प्रधान सचिव, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के सचिव अबु बकर सिद्दिकी को खान एवं भूतत्व विभाग का सचिव बनाया गया है। अबु बकर को झारखंड राज्य खनिज विकास निगम लिमिटेड का अध्यक्ष का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। इसी प्रकार कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग के सचिव प्रवीण टोप्पो को उद्योग सचिव, उद्योग विभाग के सचिव जितेंद्र कुमार सिंह को कृषि विभाग का सचिव बनाया गया है।

## एक नजर

### 151 कन्याओं के विवाह को लेकर मां गढ़देवी से मांगा आशीष

गढ़वा। आगामी दिसंबर माह में 151 कन्याओं के सामूहिक विवाह को लेकर कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी के सचिव विकास कुमार माली ने मां गढ़ देवी मंदिर में पूजा-अर्चना कर आशीष मांगा। उन्होंने कहा कि सामूहिक विवाह को लेकर जिले के विभिन्न प्रखंडों में कार्य तेजी से शुरू कर दिया गया है। जिसे लेकर विभिन्न प्रखंडों में कार्यालय का भी शुभारंभ किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि छह मार्च को गढ़वा जिला के डंडई प्रखंड में कार्यालय का उद्घाटन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हमारी संस्था बाल विवाह, दहेज प्रथा, भ्रूण हत्या जैसी कुरीतियों को दूर करने के लिए लगातार सामाजिक सरोकारों में जुटी है। सामूहिक विवाह के आयोजन से फिजूल का खर्च बचता है। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व भी संस्था द्वारा बड़े पैमाने पर इस तरह के आयोजन किये जाते रहे हैं।

### पत्र प्रतिनिधि के भाई ने लगाई फांसी

**भवनाथपुर।** एक दैनिक अखबार के स्थानीय प्रतिनिधि रवि रंजन यादव निवासी मकरी के छोटे भाई प्रभात यादव 30 वर्ष ने सोमवार की रात्रि अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची भवनाथपुर पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा भेज दिया। मृतक का दाह संस्कार बगही नदी के घाट पर किया गया। घटना की सूचना मिलने पर पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव,उप प्रमुख पिंटू टोपनो, पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष ब्रजेश सिंह,झामुमो प्रखंड अध्यक्ष मनोज यादव, जिला परिषद रजनी शर्मा,मकरी मुखिया प्रतिनिधि धनंजय साव,भवनाथपुर मुखिया बेबी देवी ,सुजीत राम आदि ने मौके पर पहुंच शोक संतप्त परिजनों को सांत्वना दी।

### दो वारंटी गिरफ्तार

**विशुनपुरा।** पुलिस ने मंगलवार को दो वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत मे भेज दिया है। थाना प्रभारी राहुल सिंह ने बताया कि पूर्व के मामलों में वारंटी जोगीराल खुर्द गांव निवासी दशरथ यादव एवं कई संगीन मामलों में संलिप्त अमहर गांव निवासी राहुल पासवान को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस पिछले कई दिनों से इनकी तलाश कर रही थी।

### डे- बोर्डिंग सेंटर के लिए खिलाड़ियों का चयन

भवनाथपुर। पर्यटन, कला, संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग झारखंड सरकार के द्वारा डे बोर्डिंग सेंटर हेतु जिला खेल कार्यालय गढ़वा द्वारा सोमवार को भवनाथपुर हाई स्कूल के प्रांगण में खिलाड़ियों का चयन किया गया। जिसमें 65 बालिकाओं ने भाग लिया। कोनमंडरा, मोरबे, बुनियादी स्कूल भवनाथपुर, , मकरी , घाघरा ,बनसानी, कस्तूरबा आर्सली की बालिकाओं में से वर्टिकल जंप, हाइट ,वेट, बॉल थ्रो, शटल रनिंग आदि के लिये 25 खिलाड़ियों का चयन किया जायेगा। निर्णायक की भूमिका में अजय कुमार गुप्ता, बबलू कुमार, विमलेश कुमार, प्रिया, अंजली दुबे, शोभा तिवारी, मोनिका कुमारी, आरके वर्मा संतोष मौर्य व अखिलेश कुमार ने निभाया।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में समीक्षा बैठक

**भंडरिया।** स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर विजय किशोर रजक की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक की गयी। बैठक में भंडरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अंतर्गत संचालित आठ उप स्वास्थ्य केंदों के एएनएम, एमपीडब्ल्यू,सीएचओ, सहीया आदि ने भाग लिया। इस दौरान टीकाकरण, गृह भ्रमण, परिवार नियोजन, फाइलेरिया, मलेरिया, संस्थागत प्रसव, एमटीसी, आयरन गोली वितरण आदि कार्यक्रमों की समीक्षा की गयी। मौके पर प्रखंड लेखा प्रबंधक सुनील कुमार, एएनएम संगीता कुमारी, रुपलता तिकी,मेलबीना कुजूर, विभा रानी,रानी तिग्गा, लक्ष्मी कांति सिन्हा, जयमाला कुजूर, एमपीडब्ल्यू संतोष टोप्पो उपस्थित थे।

### टाउन हॉल के मैदान में अनूप जलोटा व भरत शर्मा के गीतों पर झूमे दर्शक

# काशी बदली, अयोध्या बदली, अब मथुरा की बारी है

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** शहर में पांच बड़ी योजनाओं के लोकार्पण के मौके पर आयोजित चार दिवसीय आयोजन के तहत सोमवार की शाम टाउन हॉल के मैदान में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान सुविख्यात गजल व भजन गायक अनूप जलोटा व प्रसिद्ध भोजपुरी लोक गायक भरत शर्मा ने अपनी बेजोड़ प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। मौके पर गढ़वा विधायक सह झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता व उत्पाद एवं मद्य निषेध मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने दोनों गायकों व उनकी टीम को माला पहनाकर, पुष्प गुच्छ देकर एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। साथ ही इन्हें मां गढ़देवी की तस्वीर भी स्मृति स्वरूप भेंट की। दोनों कलाकारों ने एक से बढ़कर गजल, भजन व लोकगीत प्रस्तुत किया। इनके गीतों पर श्रोता देर रात तक झूमते रहे। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम से मनोरंजन के साथ-साथ आपसी समन्वय भी बढ़ता है। इन कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को अपनी संस्कृति से भी जुड़ाव होता है। साथ ही संस्कृति के बारे में जानने और समझने का मौका मिलता है। अनूप जलोटा ने काशी बदली, अयोध्या बदली, अब मथुरा की बारी है..., मेरी झोपड़ी के भाग्य आज खुल जाएंगे.., दमा दम मस्त कलंदर.., जबकि भरत शर्मा ने के विंध्याचल वाली मईया.., गोरिया चांद के अंजोरिया नियन गोर बाड़ू हो.., खेले मशाने में होली दिगंबर.. आदि सहित एक से बढ़कर एक गीत प्रस्तुत किया। मौके पर पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा, झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, विधायक प्रतिनिधि कंचन साहू, अनिता दत्त, ताहिर अंसारी, दीपमाला, परेश तिवारी, दिलीप गुप्ता, प्रियम सिंह उपस्थित थे।



> **सांस्कृतिक कार्यक्रम से मनोरंजन के साथ-साथ आपसी समन्वय भी बढ़ता है। इन कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को अपनी संस्कृति से भी जुड़ाव होता है। साथ ही संस्कृति के बारे में जानने और समझने का मौका मिलता है : श्री ठाकुर**

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने विरोध-प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

# भ्रष्टाचार से राज्य की जनता त्रस्त: अलख नाथ





**नवीन मेल संवाददाता**

गढ़वा। भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश के आह्वान पर सोमवार को गढ़वा विधानसभा के रंका प्रखंड मुख्यालय पर भारतीय जनता पार्टी रंका दक्षिणी मंडल अध्यक्ष उदय प्रजापति की अध्यक्षता में धरना-प्रदर्शन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में पलामू लोकसभा चुनाव के प्रभारी व गढ़वा-रंका विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी वरिष्ठ भाजपा नेता अलखनाथ पांडेय उपस्थित रहे। इस अवसर पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुये उन्होंने कहा कि राज्य में व्याप्त भ्रष्टाचार से आम जनमानस त्रस्त है। सांसद प्रतिनिधि कमलेश नंदन सिंह तथा पूर्व सांसद प्रतिनिधि सुनील माली ने बताया कि रंका प्रखंड की महिला नेत्री विमला कुंवर गासेदाग अपने समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हो गई हैं। श्री पांडेय ने माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया। भाजपा में शामिल होने वालों में बृहस्पति पासवान, सुखबीर सिंह, लालती देवी,अलका देवी, विमली देवी, कवलवासी देवी, प्रदीप भुइयां आदि शामिल रहे। मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता हरेंद्र नाथ द्विवेदी, सच्चिदानंद तिवारी, कमलेश नंदन सिंहा, अरविंद तिवारी, डॉ. उमेश कुमार गुप्ता, निर्मल गुप्ता, मनोज ठाकुर, रोशन धर दुबे, ओमप्रकाश दास, बसंत प्रसाद, उदय प्रजापति, सुनील माली मौजूद थे।

# बिरसा कूप निर्माण में मानकों की अनदेखी



**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी।** प्रखंड में सरकार की जन उपयोगी योजनाओं में से एक बिरसा कूप निर्माण में प्रखंड कर्मियों द्वारा सरकार के दिशा-निर्देशों की जमकर अनदेखी की जा रही है। प्रखण्ड कार्यालय से बिरसा कूप निर्माण का कार्य अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति वर्ग के बजाय अन्य वर्ग के लाभुकों के नाम कोड जनरेट किया जा रहा है। जो सरकार गलत है। उक्त बाते प्रमुख आभा रानी ने सोमवार को अपने कार्यालय में वार्ता के दौरान कही। उन्होंने रोष जताते हुये कहा कि स्पष्ट निर्देश के बावजूद अन्य वर्ग को कूप का लाभ दिया जा रहा है। लाभुकों के चयन हेतु पंचायतों में आम सभा भी नहीं की गई है। जब इसकी जानकारी बीडीओ रवींद्र कुमार, बीपीओ कमलेश कुमार तथा संबंधित कर्मियों को दी जाती है तो सभी एक-दूसरे पर दोषारोपण कर अपना पल्ला झाड़ लेते हैं। प्रमुख ने गढ़वा उप विकास आयुक्त तथा उपायुक्त से इसकी जांच कर कार्रवाई करने की मांग की है। इस दौरान पंचायत समिति सदस्य विकास कुमार सिंह, शीलवंती देवी, कुलवंती देवी, कृष्ण राम,बसंत यादव, सीताराम यादव उपस्थित थे।

> **वर्जन**
>
> प्रमुख महोदया को बिरसा कूप चयन में सरकार के दिशा-निर्देशों की सही जानकारी नहीं है। लाभार्थियों के चयन में सभी निर्देशों का पालन किया गया है।
>
> **रवींद्र कुमार, बीडीओ खरौंधी**

### बार-बार बदले जा रहे नगर ऊंटारी प्रखंड के प्रभारी अधिकारी, आमजन परेशान

# बीडीओ विहीन प्रखंड में समस्याओं का अंबार, विकास कार्य ठप

**नवीन मेल संवाददाता**

**श्रीबंशीधर नगर।** कई महीनों से नगर ऊंटारी प्रखंड बीडीओ विहीन है। श्रीबंशीधर नगर अनुमंडल स्थित अति महत्वपूर्ण प्रखंड में मुख्य पदाधिकारी बीडीओ का पद प्रभार के रूप में चल रहा है। यहां तक कि सरकार द्वारा जारी अधिसूचना को धता बताते हुए कोई भी प्रतिनियुक्त प्रखंड विकास पदाधिकारी आना ही नही चाहता। प्रतिनियुक्त पदाधिकारी अपनी मर्जी के मालिक हैं। मजबूरी में जिला प्रशासन द्वारा अन्य प्रखंड के बीडीओ को प्रभार देकर कार्य कराया जा रहा है। जिससे जनता को भारी नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। वहीं सरकार के आदेश की अवहेलना करते हुए प्रखंड पदाधिकारी प्रभार लेना नहीं चाहते हैं। वही प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी दो-दो प्रखंडों के प्रभार में कार्य कर रहे हैं। जिससे मनरेगा सहित अन्य कार्यों का निष्पादन ढंग से नही हो पा रहा है। प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रवण राम के जाने के बाद सरकार द्वारा दो प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनील कुमार सिंह व अदिति गुप्ता के रूप में अधिसूचना जारी की गई थी,लेकिन दोनों के द्वारा प्रभार लेना तो दूर प्रखंड मुख्यालय में भमण तक नहीं किया गया। परिणामस्वरूप पिछले चार महीने के अंतराल में जिला प्रशासन द्वारा आधा दर्जन पदाधिकारियों को प्रभार दिया जा चुका है। सरकार की इस उदासीनता के कारण लोगों में सरकार के प्रति आक्रोश जन्म ले रहा है। लोगों ने सीएम का ध्यान आकृष्ट कराते हुये इस संबंध में तत्काल आवश्यक कदम उठाये





### विकास कार्यो पर असर



इस संबंध में आम आदमी पार्टी के नेता मंटू पांडेय ने कहा कि पिछले कई महीनों से नगर ऊंटारी का बीडीओ का पद प्रभार में चल रहा है। जिससे लोगों को कई प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिसका परिणाम विकास कार्यो पर पड़ रहा है। यदि इस संबंध में तत्काल समुचित कदम नहीं उठाया गया तो आप आंदोलन के लिये बाध्य होगी।

### मंत्री मिथिलेश ने किया आगाज, शिलापट का किया अनावरण

# 145 करोड़ की योजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेराल।** बंका हाई स्कूल के मैदान में मंगलवार को झारखंड के पेयजल एवं स्वच्छता व उत्पाद एवं मद्य निषेध मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने 65 योजनाओं का मेगा शिलान्यास एवं उद्घाटन किया । कार्यक्रम की शुरूआत में मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने पूजा अर्चना के बाद नारियल फोड़ कर व शिलापट का अनावरण किया। छात्राओं द्वारा स्वागत गान प्रस्तुत किया गया। लोवादाग मुखिया प्रतिनिधि दिलजान अंसारी, विधायक प्रतिनिधि हेमंत सिंह उर्फ बबलू सिंह, झामुमो कार्यकर्ता प्रताप सिंह उर्फ गुड्डू सिंह, फनिराज गुप्ता, बीस सूत्री अध्यक्ष शंभू प्रसाद, मिथिलेश देव सहित लोगों ने मंत्री को माला पहनाकर एवं बुके देकर स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरूआत मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर व अन्य लोगों ने दीप प्रज्ज्वलित कर की। इस अवसर पर मंत्री ने एक सौ से अधिक बुजुर्ग एवं महिलाओं को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। मौके पर मंत्री द्वारो एक अरब 38 करोड़ 27 लाख रुपए की योजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन किया। जबकि पेयजल आपूर्ति विभाग से सात करोड़ 56 लाख रुपए के लागत से बनी योजनाओं का उद्घाटन किया गया।

> **कार्यक्रम की शुरूआत में मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने पूजा अर्चना के बाद नारियल फोड़ कर व शिलापट का अनावरण किया**

### गढ़वा में विकास की बह रही गंगा

मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि गढ़वा विधानसभा का लगातार विकास हो रहा है। विधान सभा क्षेत्र में विकास की गंगा बह रही है। जिले को सौगात देने के लिये भारी बारिश में सड़क मार्ग से चलकर यहां आकर मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने सभी का दिल जीत लिया है। झामुमो सरकार जहां अबुआ आवास योजना से पूरे देश में क्रांति की शुरूआत की है। वहीं वृद्धावस्था पेंशन से बुजुर्गों का सहारा बनकर खड़ी है। झारखंड का विकास करने वाले लोकप्रिय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को गलत तरीके से जेल में डाल दिया गया, लेकिन भगवान के घर देर है, अंधेर नहीं। कार्यक्रम का संचालन मनोज मिश्रा ने किया। इस अवसर पर बीस सूत्री अध्यक्ष नितेश सिंह, प्रवक्ता धीरज दुबे, संजय राम, मंदीप सिंह, मुखिया प्रतिनिधि मुन्ना राम, उप मुखिया नबीज अंसारी,महिला जिला अध्यक्ष रेखा चौबे, चंदा देवी, आराधना सिंह,रेखा पाठक, प्रमुख दीपमाला कुमारी उपस्थित रहीं।

# संदेशखाली घटना के विरोध में एबीवीपी का हस्ताक्षर अभियान

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) गढ़वा द्वारा पश्चिम बंगाल के उत्तर चौबीस परगना जिले के संदेशखाली में तृणमूल कांग्रेस नेताओं द्वारा महिलाओं के साथ सामूहिक बलात्कार, जमीन कब्जाने तथा अपराध से भयमुक्त वातावरण निर्माण कर स्थानीय हिंदू परिवारों को पलायन करने को मजबूर करने के विरुद्ध स्थानीय नामधारी महाविद्यालय में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। इस दौरान उपायुक्त के माध्यम से राष्ट्रपति को पांच सूत्री ज्ञापन सौंपा गया। अभाविप के विश्वविद्यालय संयोजक मंजुल शुक्ल ने कहा कि पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी लगातार जनविरोधी नीतियों को बढ़ावा दे रही हैं। प बंगाल सरकार द्वारा भ्रष्टाचारियों व अपराधियों का संरक्षण किया जा रहा है। तुष्टीकरण की नीति से आम जनमानस त्रस्त है। एक ओर राज्य सरकार संरक्षित भ्रष्टाचारी हर ओर भ्रष्टाचार कर आम लोगों का हक मार रहे हैं, वहीं दूसरी ओर कानून व्यवस्था की जर्जर स्थिति से अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। पश्चिम बंगाल में हो रही ज्यादतियों का विरोध देश के प्रत्येक कोने में विद्यार्थी परिषद करेगी। जिला संयोजक विकास चंद्रवंशी ने कहा कि यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि महिला मुख्यमंत्री होने के बावजूद पश्चिम बंगाल की महिलाओं की सुरक्षा तथा सम्मानपूर्ण जीवन सरकार की प्राथमिकता में नहीं है। ज्ञापन सौपने वालों में जिला सह संयोजक शुभम त्रिवेदी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कुमार शुभेन्द्र, पंकज चौबे, राजा यादव, सचिन चौबे, सुगंध बघेल शामिल रहे।





### क्षतिग्रस्त रेलवे स्टेशन रोड से परेशानी, दुर्घटनायें बढ़ी

**गढ़वा।** जिला मुख्यालय गढ़वा रेलवे स्टेशन रोड की खस्ताहालत से यात्रियों के साथ आम नागरिकों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि स्टेशन रोड से दिनभर लोगों की आवाजाही बनी रहती है। रात में भी ट्रेनों से उतरकर यात्री बाजार तक आते हैं। लंबे समय से स्टेशन रोड क्षतिग्रस्त होने के कारण नागरिक दुर्घटनाओं का भी शिकार हो रहे हैं।

**अव्यवस्था**

### सदर अस्पताल में स्वास्थ्य व्यवस्था खस्ताहाल,मरीजों का हाल बेहाल

# सुंदरीकरण पर लाखों खर्च, फिर भी सुविधायें नगण्य

**अभिमन्यु**

गढ़वा। जी हां ! स्वास्थ्य विभाग स्वास्थ्य सुविधाओं की जगह बाहरी चकाचौंध पर ज्यादा ही ध्यान दे रहे हैं। बाहरी आवरण खूब लकदक रहे, किंतु अंदर कोई व्यवस्था न हो तो इसका लाभ मरीज को कितना मिलेगा। इसका सहज अंदाजा लगाया जा सकता है। जिला मुख्यालय स्थित गढ़वा सदर अस्पताल में उक्त बानगी स्पष्ट परिलक्षित हो रही है। लोगों का कहना है कि अस्पताल बुनियादी सुविधाओं से कोसों दूर है, किंतु लाखों रुपए की लागत से सुंदरीकरण का कार्य किया गया है। जिसमें 28 लाख की लागत से मेन गेट के समीप फव्वारा लगाया गया है। इसका हाल यह है कि लगने के बाद ही यह बंद हो गया है। और तो और पिछले कई दिनों से वहां पानी का जमाव हो जाने से जहां मच्छरों की तादात बढ़ गयी है। वहीं पानी की सडांध से मरीजों व तीमारदारों का सांस लेना भी मुश्किल हो गया है। ऐसे में पहले से ही डेंगू की चपेट में रहे जिले की स्थिति और भी भयावह हाने की संभावना उत्पन्न हो गयी है। बताते चले की सदर अस्पताल में आयुष्मान भारत के तहत मरीजों का ऑपरेशन हुआ था। जिसमें आयुष्मान भारत से सदर अस्पताल को लाखों रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ था। उक्त पैसे का बंदर बाट कर लिया गया।

> **अस्पताल बुनियादी सुविधाओं से कोसों दूर है, किंतु लाखों रुपए की लागत से सुंदरीकरण का कार्य किया गया है। जिसमें 28 लाख की लागत से मेन गेट के समीप फव्वारा लगाया गया है : नागरिक**





> **वर्जन.** इस संबंध में सिविल सर्जन डॉक्टर अशोक कुमार ने कहा कि सदर अस्पताल के लगाया गया फव्वारा आयुष्मान भारत के तहत लगाया गया है। संवेदक को पैसा का भुगतान नहीं होने के कारण नियमित रूप से संचालित नहीं हो रहा है। जल्द ही नियमित रूप से संचालित किया जाएगा।

> **आयुष्मान भारत के पैसे का किया जा रहा बंदरबांट**

### अस्पताल में अल्ट्रासाउंड की भी सुविधा नहीं



बताया जाता है कि सदर अस्पताल में गर्भवती महिलाओं के लिए अल्ट्रासाउंड की व्यवस्था भी नहीं है। इसके अलावा सदर अस्पताल में कई जरूरत की दवाएं यहां तक की एनएस, आरएल, कॉटन, किट, बल्ड सेट तक बाहर से मंगाया जाता है। समुचित उपचार के अभाव में आये दिन मरीजों की जान जा रही है। इसके बाद भी किसी भी स्तर पर ध्यान नहीं दिया जाना संवेदनहीनता की पराकाष्ठा है।

## सुप्रभात पलामू



**पलामू वासियों को नमस्कार।**

परिवार व समाज के उत्थान से ही कोई देश वास्तव में प्रगति कर सकता है। समस्त बुद्धिजीवियों को इस दिशा में सकारात्मक पहल करते हुए राष्ट्र की उन्नति में योगदान देना चाहिये।

**ज्ञानचंद पाण्डेय, प्रखर समाजसेवी पलामू।**

## सड़क दुर्घटना में तीन घायल

**मेदिनीनगर।** छतरपुर थाना क्षेत्र के मदनपुर गांव निवासी कृष्णा यादव उम्र 50 वर्ष मोटरसाइकिल के धक्के से मंगलवार की सुबह गंभीर रूप से घायल हो गए। वही मोटरसाइकिल से जपला निवासी प्रेम शंकर गुप्ता और नेहा कुमारी भी धक्का लगने के बाद अनियंत्रित होकर बाइक से गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा तीनों को इलाज के लिए छतरपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां इलाज के बाद भी नेहा कुमारी और कृष्णा यादव की गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया है।

### भाजपा ओबीसी मोर्चा की बैठक में बनी रणनीति, दिया गया टास्क

# कार्यकर्ताओं ने इस बार, 400 पार का जताया संकल्प




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर के बीस फुटा पुल के समीप स्थित भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में मंगलवार को ओबीसी मोर्चा द्वारा बैठक की गयी। बैठक में विशेष रूप से उपस्थित प्रदेश उपाध्यक्ष व पलामू जिले के प्रभारी प्रदीप केसरी ने कार्यकर्ताओं को फिर एक बार मोदी सरकार व इस बार, 400 के पार का संकल्प दिलाया। साथ ही जनसंपर्क लाभार्थी योजना व युवा संवाद कार्यक्रम को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया। जिला अध्यक्ष अमित तिवारी ने ओबीसी मोर्चा के सभी मंडल व प्रखंड पदाधिकारियों का मार्गदर्शन किया। उन्होंने पदाधिकारियों को पूर्ण मनोयोग से लोस चुनाव में जुट जाने के लिये प्रेरित किया। कार्यक्रम में ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष शंकर प्रसाद गुप्ता, महामंत्री मनोज विश्वकर्मा, उपाध्यक्ष मनीष भिवानिया, मंत्री चंदन प्रजापति, कोषाध्यक्ष प्रभु विश्वकर्मा, राधेश्याम मेहता, करण शर्मा, राजहंस अग्रवाल, राजेश गुप्ता, सुमन अग्रवाल मौजूद थे।

## पूर्व सैनिकों की सहायता के लिए शिविर का आयोजन

**मेदिनीनगर।** सेना मुख्यालय के रांची स्थित कार्यालय से पूर्व सैनिकों की सहायता के लिए आयी मिलाप टीम द्वारा मंगलवार की सुबह एनसीसी ऑफिस मेदिनी नगर में कैंप लगा कर जिले में निवास करने वाले पूर्व सैनिकों की मदद की गयी। इस दौरान पूर्व सैनिकों की पेंशन संबंधी विसंगतियां, उनके डॉक्यूमेंटेशन संबंधी त्रुटियां,लाइफ सर्टिफिकेट, पेंशन पर टैक्स, स्पर्श संबंधी समस्या, ईसीएचएस की समस्याएं, सीएसडी कैंटीन पॉलिसी आदि समस्याओं का मौके पर ही निराकरण किया गया। पूर्व सैनिक सेवा परिषद के जिलाध्यक्ष दामोदर मिश्र ने बताया कि आगामी दो सप्ताह के अंतराल में पुनः शिविर का आयोजन किया जायेगा। उस दौरान पूर्व सैनिकों को सीएसडी कैंटीन की सुविधा भी प्राप्त होगी। रांची से आई मिलाप टीम में नायब सूबेदार लवीश गुरुंग, हवलदार क्लर्क पुष्पेंद्र चौधरी और नायक रामू खड़का शामिल रहे।

### गांधी स्मृति टॉउन हॉल में सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

# ट्रांसजेंडरों के अधिकारों की रक्षा के लिये सरकार सजग

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** उपविकास आयुक्त रवि आनंद ने कहा कि ट्रांसजेंडरों के अधिकारों के लिए सरकार ने कई प्रकार के कानून बनाए है। जरूरत है ट्रांसजेंडरों को उन कानूनों का अध्ययन कर उसका उपयोग करने की। सुप्रीम कोर्ट ने 2019 के अपने एक जजमेंट में कहा है कि ट्रांसजेंडर भी भारत के किसी भी क्षेत्र में अपने हक व अधिकार के साथ जीवन जी सकते हैं। वह मंगलवार को गांधी स्मृति टॉउन हॉल में ट्रांसजेंडर अधिकारों को लेकर आयोजित सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इससे पूर्व डीडीसी श्री आनंद, समाजिक सुरक्षा कोषांग के सहायक निदेशक विक्रम आनंद, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रीति किस्कू, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान, जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिमा कुमारी व अन्य अतिथियों ने सामूहिक रूप से दीप जलाकर कार्यक्रम का उदघाटन किया। उन्होंने कहा कि ट्रांसजेंडरों के दशा व दिशा में सुधार के लिए सरकार के स्तर पर कई नियम बनाए गए हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य, नौकरी आदि क्षेत्र में कहीं भी इन समाज के साथ भेदभाव करना निषेध है। कार्यक्रम में पाटन सीडीपीओ अनिता कुमारी, महिला पर्यवेक्षिका अनुपम भवानी, पुनम देवी, पुनम कुमारी, राखी सिन्हा, ट्रांसजेंडरों में अमरजीत सेरगील, आयशा सिंह,कमली सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।



## एक नजर

### कलश यात्रा के साथ सलतुआ में शतचंडी महायज्ञ शुरू

**मेदिनीनगर।** चैनपुर प्रखंड के सलतुआ में कलश शोभा यात्रा श्रीशतचंडी महायज्ञ का भव्य आगाज किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सलतुआ पंचायत की मुखिया चिंतामणि देवी व विशिष्ट अतिथि पंचायत समिति सदस्य रूपा देवी ने अग्नि मंथन एवं यज्ञशाला का फीता काटकर किया। इस बीच आचार्यों के वैदिक मंत्रोच्चार से पूरा वातावरण गुंजायमान होता रहा। वही गाजे-बाजे के साथ निकली कलश यात्रा में शामिल भक्तों द्वारा भगवान के जयकारे से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। कलश यात्रा में मुख्य यजमान मुरलीधर सिंह, हरिनाथ सिंह, बालम सिंह, लड्डू सिंह, जोखन सिंह, सुमन सिंह, सत्य कुमारी, गायत्री कुमारी, रोनी कुमारी आदि शामिल रहीं।

### उपायुक्त ने की कृषि व पशुपालन विभाग के कार्यों की समीक्षा, कहा

# प्राप्त आवंटन का शत प्रतिशत व्यय सुनिश्चित किया जाये

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले के उपायुक्त शशि रंजन ने मंगलवार को अपने कार्यालय कक्ष में कृषि, गव्य विकास, पशुपालन, केसीसी, पीएमकेएसवाई एवं कर्ज माफी योजनाओं की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने मुख्यरूप से झारखंड कृषि ऋण माफी योजना की समीक्षा की। उन्होंने जिला पशुपालन पदाधिकारी को सभी योग्य लाभुकों का ई-केवाईसी करवाते हुए एसक्रो या डेडिकेटेड एकाउंट खुलवाकर लाभुकों का अंशदान जमा करवाने के लिए प्रखंड पशुपालन पदाधिकारियों को निर्देशित करने का निर्देश दिया। कहा कि मुख्यमंत्री पशुधन योजना अंतर्गत संचालित योजनाओं से शत-प्रतिशत लाभुकों को आच्छादित करें। उपायुक्त ने सभी विभागों के व्यय की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि भौतिक लक्ष्य के विरुद्ध एवं किए गए कार्य के आलोक में प्राप्त आवंटन का शत प्रतिशत व्यय सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने कहा कि यदि अनुमोदन हेतु कोई योजना लंबित है तो संचिका के माध्यम से शीघ्र अनुमोदन प्राप्त करते हुए योजना के क्रियान्वयन में प्रगति लायें। बैठक में में सहायक समाहर्ता, अपर समाहर्ता, कृषि पदाधिकारी, पशुपालन पदाधिकारी, गव्य विकास पदाधिकारी समेत अन्य उपस्थित रहे।



**उपायुक्त ने सभी विभागों के व्यय की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि भौतिक लक्ष्य के विरुद्ध एवं किए गए कार्य के आलोक में प्राप्त आवंटन का शत प्रतिशत व्यय सुनिश्चित किया जाय**

**पशुपालन पदाधिकारियों को किया निर्देशित**

मुख्यरूप से झारखंड कृषि ऋण माफी योजना की समीक्षा की। उन्होंने जिला पशुपालन पदाधिकारी को सभी योग्य लाभुकों का ई-केवाईसी करवाते हुए एसक्रो या डेडिकेटेड एकाउंट खुलवाकर लाभुकों का अंशदान जमा करवाने के लिए प्रखंड पशुपालन पदाधिकारियों को निर्देशित करने का निर्देश दिया

# अपराधियों ने दिन दहाड़े वृद्धा को मारी गोली, गंभीर

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के छट्टीपार निवासी चंद्रिका मांझी की पत्नी सुमित्रा देवी उम्र 70 वर्ष को मंगलवार की दोपहर अज्ञात अपराधियों ने गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इस घटना के बारे में परिजनों ने बताया कि दोपहर 2.30 बजे सुमित्रा अपने खेत पर काम कर रहीं थी। इसी दौरान खेत के पास दो अज्ञात व्यक्ति बाइक से पहुंचे और सुमित्रा देवी के ऊपर गोली चला दी। गोली उनके दाहिने बांह में लगी है। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना किया। महिला को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भर्ती कराया गया है। पुलिस घटना से संबंधित मामले की छानबीन में जुट गई है।



# सम्मानित किये गये लायंस क्लब के पदाधिकारी



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** लायंस इंटरनेशनल के रीजन चार की बेतला नेशनल पार्क में हुई बैठक में लायंस क्लब ऑफ मेदिनीनगर को रीजन चार के 13 क्लबों में बेस्ट क्लब ऑफ रीजन के खिताब से नवाजा गया। साथ ही क्लब के प्रेसिडेंट को बेस्ट प्रेसिडेंट व सेक्रेटरी को बेस्ट सेक्रेटरी चयनित किया गया। क्लब के सदस्य गुरवीर सिंह व रणजीत मिश्रा को आपातकाल में रक्तदान करने के लिए प्रोत्साहन खिताब से नवाजा गया। बैठक में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पीएमजेएफ कमल जैन ने कहा कि लायंस क्लब मेदिनीनगर आगामी समय में जिला 322 ए का नाम रौशन करेगा। अध्यक्ष डॉ. प्रवीण सिद्धार्थ ने सभी का आभार जताया। सचिव अमुक प्रियदर्शी ने किए गए कार्यों का रिपोर्ट प्रस्तुत किया। बैठक में मुख्य रूप से उपाध्यक्ष रंजन अग्रवाल व गुरवीर सिंह, राघवेंद्र सिंह, नवीन पांडे, सुमित पाठक, निलेश चंद्र, फिरोज अंसारी, डॉ. अमित कुमार व रंजीत कुमार मिश्रा शामिल थे।

### जोनल आईजी नरेंद्र कुमार सिंह ने पदभार ग्रहण किया

# शांतिपूर्ण लोस चुनाव प्राथमिकता



**मेदिनीनगर।** पलामू के जोनल आईजी नरेंद्र कुमार सिंह ने मंगलवार को पदभार ग्रहण किया। वे 2006 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं तथा वर्ष 2013 में पलामू के एसपी रह चुके हैं। उनकी पहचान तेज तर्रार पुलिस अधिकारी के रूप में रही है। साथ ही वे आम जनता की संवेदनाओं के प्रति हमेशा गंभीर रहे हैं। पदभार ग्रहण के बाद संक्षिप्त बातचीत में उन्होंने कहा कि फिलहाल लोक सभा चुनाव शांतिपूर्ण व निष्पक्ष संपन्न कराना है। इसके मद्देनजर पुलिस द्वारा बॉर्डर एरिया में उग्रवादी व असामाजिक तत्वों के खिलाफ पुलिस अभियान चलायेगी। उन्होंने लोगों से भयमुक्त रहकर चुनाव के राष्ट्रीय महापर्व में अपनी भागीदारी निभाने की अपील की। कहा कि पलामू में नक्सल मुवमेंट में बहुत बदलाव आया है। अब उग्रवादियों की कुछ छोटी छोटी टुकड़िया बची हैं। जिनके खिलाफ पुलिस का अभियान जारी रहेगा। पदभार ग्रहण के बाद आईजी श्री सिंह ने कोर्ट व सेन्ट्रल जेल का निरीक्षण कर सुरक्षात्मक निर्देश दिये।

### सृष्टि चाइल्ड हेल्थ केयर में नवजातों के लिये निःशुल्क शिविर का आयोजन

# नवजात के विकास में मां का दूध सर्वोत्तम : डॉ. अभय



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** चैनपुर प्रखंड के नरसिंहपुर पथरा के चौरसिया फार्मा में सृष्टि चाइल्ड हेल्थ केयर के संचालक सह नवजात शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. अभय कुमार के द्वारा निःशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया गया। जांचोंपरांत मरीजों को दवा भी उपलब्ध करायी गयी। शिविर में 125 शिशुओं की जांच की गयी। शिविर के आयोजन में रविंद्र कुमार की अहम भूमिका रही। इससे पूर्व डॉक्टर अभय कुमार का पूर्व जिला पार्षद विकास कुमार चौरसिया उर्फ संटू चौरसिया ने अंग वस्त्र तथा बुके देकर अभिनंदन किया। मौके पर डा. अभय ने बताया कि नवजात के समुचित विकास के लिये मां का दूध सर्वोत्तम आहार है। उन्होंने माताओं से कहा कि अपने बच्चों को घर का बनाया हुआ आहार दें। किसी भी हाल में पैकेट बंद कुरकुरे, चिप्स आदि का सेवन नहीं करने दे। इससे कई तरह के रोग होने लगते हैं तथा बच्चों का विकास रुक जाता है। मौके पर जिला पार्षद रामलव प्रसाद, पंचायत की मुखिया मीना देवी, पूर्व मुखिया भीष्म प्रसाद ,सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक व्यास राम चौरसिया उपस्थित थे।

# दुर्गानंद झा ने क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक का लिया प्रभार



**इन्हें पलामू का जिला शिक्षा पदाधिकारी बनाया गया है। साथ ही क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक का अतिरिक्त प्रभार भी सोपा गया है**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखण्ड शिक्षा सेवा के पदाधिकारी दुर्गानंद झा ने मंगलवार को पलामू के क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक का पद प्रभार ग्रहण किया। इसके अतिरिक्त उन्होंने पलामू के जिला शिक्षा पदाधिकारी का भी पदभार संभाला है। इसके पूर्व वे साहेबगंज में जिला शिक्षा पदाधिकारी थे। साथ ही जिला शिक्षा अधीक्षक के अतिरिक्त प्रभार में थे। इन्हें पलामू का जिला शिक्षा पदाधिकारी बनाया गया है। साथ ही क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक का अतिरिक्त प्रभार भी सोपा गया है। प्रभार ग्रहण के उपरांत क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक कार्यालय के ज्ञानेश्वर पाठक, नीरज सिन्हा, शीतलेश कुमार सिंह, रंजीत कुमार सिंह, मनीयस राज, लक्ष्मण राम आदि कर्मियों ने माला पहनाकर उनका स्वागत किया। मौके पर जिला शिक्षा अधीक्षक रंधीर कुजूर, जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय के प्रधान लिपिक महेंद्र सिंह आदि उपस्थित थे।

## स्टेडियम निर्माण अधूरा, करोड़ों रुपये बर्बाद

**मेदिनीनगर।** भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रूचिर कुमार तिवारी, अखिल भारतीय किसान सभा के जिला उपाध्यक्ष रामराज तिवारी व नौजवान संघ के जिला उपाध्यक्ष आलोक कुमार तिवारी ने जीएलए कॉलेज परिसर में बन रहे स्टेडियम का औचक निरीक्षण किया। इस क्रम अधूरे स्टेडियम निर्माण पर रोष जताते हुये उन्होंने कहा कि इससे जनता की गाढ़ी कमाई का करोड़ों रुपये पानी में चला गया है।

**पहल** बेतला नेशनल पार्क से हिरण डेगवा साफ्ट रिलीज केंद्र में छोड़ा

# बोमा ट्रक से दो चीतल पहुंचे पीटीआर




**पलामू टाइगर रिजर्व के क्षेत्र निदेशक कुमार आशुतोष ने बताया कि बेतला नेशनल पार्क से दो चीतलों को सुरक्षित हिरण डेगवा केंद्र में छोड़ा गया है। इनमें एक नर एक मादा है। यह दोनों पूर्ण रूप से वयस्क हैं।**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** बोमा ट्रक से दो चीतलों को मंगलवार को पीटीआर के हिरण डेगवा सॉफ्ट रिलीज केंद्र में छोड़ा गया। इससे पीटीआर प्रबंधन सहित वन कर्मियों में हर्ष व्याप्त है। पलामू टाइगर रिजर्व के क्षेत्र निदेशक कुमार आशुतोष ने बताया कि बेतला नेशनल पार्क से दो चीतलों को सुरक्षित हिरण डेगवा केंद्र में छोड़ा गया है। इनमें एक नर एक मादा है। यह दोनों पूर्ण रूप से वयस्क हैं। विदित हो कि पीटीआर में पहली बार बोमा तकनीक के माध्यम से चीतलों को लाया गया है। उत्तरी प्रमंडल के उप निदेशक पीके जैना ने बताया कि बेतला से 12 किलोमीटर दूर अवस्थित हिरण डेगवा सॉफ्ट रिलीज केंद्र में लाने में आधा घंटा का समय लगा। हर्ष जताते हुये मौके पर उपस्थित क्षेत्र निदेशक कुमार आशुतोष , दक्षिणी प्रमंडल के उप निदेशक कुमार आशीष, उत्तरी प्रमंडल के उप निदेशक पीके जैना आदि ने कहा कि इससे आगे भी वन्य जीवों की शिफ्टिंग का कार्य जारी रहेगा। हिरण डेगवा केंद्र पीटीआर के छिपादोहर रेंज में है। मंगलवार को बेतला नेशनल पार्क पर्यटकों के लिये बंद रहने से चीतलों को घेरेबंदी में लेने में काफी सहूलियत हुयी।

## शोक संदेश



**स्व. श्री हरि कृष्ण बजाज**

अत्यन्त दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरे अग्रज एवं समाजसेवी श्री हरि कृष्ण बजाज का निधन दिनांक 05.03.2024 मंगलवार को हो गया है. उनकी अंतिम यात्रा आज दिनांक 06.03.2024, बुधवार को सुबह 11 बजे हमारे निवास स्थान से मुक्तिधाम हरमू रोड, रांची के लिए प्रस्थान करेगी.

**शोकाकुल**

श्याम कृष्ण बजाज (भ्राता), राम निरंजन बजाज (भ्राता)
रवि बजाज (पुत्र) एवं बजाज परिवार

निवास : बालाजी गार्डन, आदित्य प्रकाश जालान पथ, कांके रोड, रांची
Mob.: 9835167479, 8897425411

## एक नजर

### विद्यालय से नाबालिग का शव हुआ बरामद

**घाघरा।** घाघरा थाना के सुदूर गांव तेंदार उत्क्रमित मध्य विद्यालय के प्रांगण से बारह वर्षीय नाबालिक अंकित उरांव का शव पुलिस ने मंगलवार को बरामद किया। इस संबंध में थाना प्रभारी तरुण कुमार ने बताया कि मृतक अंकित तेंदार मध्य विद्यालय में वर्ग दो का छात्र था जो विगत दो तीन दिन से घर से बाहर था। अंकित का शव उसके घर से करीब सौ मीटर की दूरी पर स्थित स्कूल प्रांगण में पाया गया। घटना स्थल से बरामद खून लगा डंडा पुलिस द्वारा बरामद किया गया है। मृतक अंकित के सर में चोट के निशान है, जिससे प्रतीत होता है कि अंकित की हत्या डंडे के पीटकर की गई है। पुलिस एक साथी को पूछताछ हेतु थाना लायी है। शव को पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल गुमला भेज दिया है।

### बालू लदा ट्रैक्टर जब्त

**सेन्हा।** थाना क्षेत्र के बदला स्कूल के समीप अंचलाधिकारी राकेश कुमार तिवारी एवं पुअनि मनोज कुमार ने बालू लदा एक ट्रैक्टर जब्त कर थाने में सुरक्षित रखा है। सेन्हा प्रशासन को गुप्त सूचना मिली थी की बदला की ओर से अवैध बालू लोड कर एक ट्रैक्टर बदला की ओर आ रहा है। इस पर प्रशिक्षु डीएसपी के निर्देश पर पु अ नि मनोज कुमार ने रोक कर चालक से कागजात की मांग की। चालक द्वारा कोई कागजात नही दिखाने पर इसकी सूचना सीओ राकेश कुमार को दी गई। प्रशिक्षु डीएसपी अमित कुमार सिंह ने कहा कि मामले में नियम संगत कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### कौशल रथ रवाना

**लोहरदगा।** समाहरणालय से उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा, अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार एवं डीपीएम जेएसएलपीएस अनिता केरकेट्टा द्वारा कौशल रथ को फ्लैग ऑफ किया गया। रथ यात्रा लोहरदगा जिला के सभी प्रखंडों में 5 मार्च से 9 मार्च तक चलाया जायेगा। मौके पर जिला प्रबंधक -स्किल बिपिन चंद्रा, जिला समन्वयक अप्पू मिश्रा, तकनीकी सहायक अधिकारी विवेक गौतम आदि मौजूद रहे।

### शिव मंदिर की सफाई में मिले पुराने सिक्के

**सेन्हा।** सेरेंगहातु ग्राम स्थित प्राचीन शिव मंदिर में सफाई के दौरान पुराना शिवलिंग और 1968 के अनेक सिक्के प्राप्त हुए हैं। विहिप के प्रखंड अध्यक्ष रंजीत साहू ने बताया कि नवनीत प्रजापति की अगुवाई में सेरेंगहातु बस्ती स्थित पुराना शिव मंदिर की सफाई श्रमदान से सोमवार को की जा रही थी। मंदिर के बगल में एक शिवलिंग और उसका टूटा अर्घ मिला। मौके पर रितेश प्रजापति, सोनू प्रजापति, राजेश प्रजापति, प्रसाद साहू, अमन उरांव, आलोक साहू, रितिक आदि मौजूद थे।

### थाना प्रभारी का स्वागत

**चैनपुर।** आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव सह विधानसभा प्रभारी बोनीफास कुजूर के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने नवपदस्थापित चैनपुर थाना प्रभारी अजय यादव का बुके देकर स्वागत किया। थाना प्रभारी ने कहा कि अपराध नियंत्रण पहली प्राथमिकता होगी। मौके पर जिला उपाध्यक्ष समीर अमरदीप एक्का, अरुण पांडा, प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुमार, प्रखंड सचिव दिलबाग कुमार, प्रेस सलाहकार राजन पांडे, महिला मोर्चा अध्यक्ष माधुरी एक्का, जिला महासचिव पिंकी कुजूर, प्रखंड उपाध्यक्ष दीप्ति रोश लकड़ा, छात्र संघ अध्यक्ष इरशाद खान आदि मौजूद थे।

# चौकीदार की मौत के बाद थाना गेट के सामने शव रख प्रदर्शन

**नवीन मेल संवाददाता। घाघरा**




घाघरा थाना के बाराडीह ग्राम के चौकीदार गंदुर महली (45) की मौत के बाद आक्रोशित परिजनों ने थाना गेट के सामने शव को रखकर पुलिसकर्मियों के प्रति नाराजगी व्यक्त की। मृतक की पत्नी कलसमुनी देवी एवं पुत्र राजदेव महली आदि ने पुलिसकर्मियों पर मृतक के सड़क दुर्घटना में घायल होने की ससमय जानकारी नहीं देने का आरोप लगाया। कहा कि समय से यदि उन्हें जानकारी दी जाती तो गंदुर की मौत नहीं होती। राजदेव ने बताया कि गंदुर के थाना रजिस्टर में मेरा मोबाइल नंबर होने के बाद भी उसे समय रहते शनिवार को सूचित नहीं किया गया। थाना प्रभारी तरुण कुमार ने मृतक चौकीदार गंदुर के परिजनों को समझाते हुए शव को थाना परिसर के अंदर आवश्यक कारवाई हेतु ले जाया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि विगत शनिवार की देर शाम सड़क दुर्घटना में घायल हो जाने के बाद उनके साथी चौकीदार जॉय केरकेट्टा द्वारा सीएचसी घाघरा ले जाकर घायल गंदुर का इलाज कराया गया। इलाज कराकर थाना लाया गया जिसके बाद घटना की जानकारी परिजनों को गंदुर ने नहीं देने की बात कही और अपने को सुरक्षित बताया। रात्रि में वह थाना परिसर में ही खाना खाकर सो गया। रविवार की सुबह घायल गंदुर को अस्वस्थ देख घटना की जानकारी परिजनों को दी गयी, जिसके बाद समुचित इलाज के लिए परिजनों ने गुमला के उपरांत हेल्थ पॉइंट हॉस्पिटल रांची में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान सोमवार की देर रात गंदुर की मौत हो गई। थाना प्रभारी तरुण कुमार ने बताया कि चौकीदार के पुत्र राजदेव महली द्वारा दिये गए आवेदन पर मामला दर्ज किया जाएगा। साथ ही पोस्टमार्टम के उपरांत मृतक चौकीदार गंदुर महली को थाना परिषर में श्रद्धांजलि सभा की जाएगी, जिसके बाद थाना परिवार अंतिम संस्कार में भाग लेगा।

### सदर थाने के दिवंगत चौकीदार विजय के अंतिम संस्कार में शामिल हुए चौकीदार संघ के सदस्य

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**



सदर थाना के चौकीदार विजय उरांव की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। शव का पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में मंगलवार को कराया गया। कानूनी प्रक्रिया के बाद चौकीदार के पार्थिव शरीर को उनके गांव हरमू ले जाया गया, जहां से हरमू कोयल नदी के तट पर दाह संस्कार किया गया। इस दौरान झारखंड राज्य दफादार चौकीदार पंचायत के जिला अध्यक्ष समशुल अंसारी, बैच उरांव, वर्षा उरांव, राजू राम, सुरेश उरांव, बरतू उरांव, प्रति उरांव, शनिचरिया उरांव, मुनताज अंसारी आदि उपस्थित थे। वहीं लोहरदगा थाना के रामकुमार टाना भगत पूरे दल बल के साथ दाह संस्कार में शामिल हुए। चौकीदार संघ की ओर से दिवंगत उरांव की पत्नी मंगरी मंगरी उरांव को दाह संस्कार हेतु सहयोग राशि भी दी गई। संघ ने कहा कि सरकार की ओर से मिलने वाली हर सुविधा तत्काल दिलाने में चौकीदार पंचायत सहयोग करेगी। गौरतलब है कि नोटिश बांटने के के दौरान चौकीदार विजय उरांव को शांति आश्रम के पास ट्रक ने धक्का मार दिया था, जिससे उनकी मौत घटनास्थल पर ही हो गई थी।

# पेंटिंग प्रतियोगिता में नेहा खलखो को प्रथम स्थान

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**




'मेरा पहला वोट देश के लिए' अभियान के तहत गुमला के चैनपुर स्थित परमवीर अल्बर्ट एक्का मेमोरियल कॉलेज में मंगलवार को पहली बार मतदान करने वाले युवा मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए कई कार्यक्रम हुए। दूसरे दिन के कार्यक्रम की शुरुआत पहले दिन आयोजित पेंटिंग कंपीटीशन के परिणाम की घोषणा से हुई।

इसमें नेहा खलखो को प्रथम, करीना बेबी कुमारी को द्वितीय और ज्ञानंद कुमार को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। तत्पश्चात महाविद्यालय की सहायक प्राध्यापिका डॉ. पुष्पलता डुंगडुंग द्वारा एश्ट मशीन पर कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें उससे जुड़ी हुई सभी बारीकियों के बारे में विद्यार्थियों को बताया गया। प्रोफेसर एलविन लकड़ा ने विद्यार्थियों के सभी प्रश्नों का जवाब भी दिया। कॉलेज के प्राचार्य फादर इनोसेंट कुजूर ने बताया कि उक्त अभियान में भाग लेने से कॉलेज के बच्चे बहुत उत्साहित हैं।

# बातचीत के बाद ट्रकों की बेमियादी हड़ताल वापस

## हिंडाल्को सभी माइंसों में समझौते के मुताबिक देगी ट्रिप

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**



लोहरदगा-गुमला ट्रक ऑनर एसोसिएशन एवं झारखंड ट्रक ऑनर एसोसिएशन, विमरला की संयुक्त बैठक हिंडाल्को हेड ऑफिस, लोहरदगा में हुई। बैठक में एसोसिएशन ने पूर्व में दिए गए मांग पत्र के अनुसार बिंदुवार हिंडाल्को से चर्चा की।

विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करने के पश्चात हिंडाल्को कंपनी ने एसोसिएशन को यह आश्वस्त करते हुए कहा कि सभी माइंसों में समझौते के मुताबिक ट्रिप दिए जाएंगे। कुजाम एवं विमरला माइंस में एक सप्ताह तक ए,बी,सी की तर्ज पर फिलहाल ट्रिप दिए जाएंगे और एक सप्ताह के पश्चात समझौते के मुताबिक ए और बी में सभी ट्रकों का परिचालन होगा। कंपनी ने यह भी आश्वस्त किया कि माइंस में पेपर व अन्य चीजों को लेकर जो परेशानियां ट्रक मालिक को एवं चालकों को आ रही थी वह सभी परेशानियां दूर करते हुए पूर्व की स्थिति में ही ट्रकों का परिचालन होगा। वार्ता के दौरान कंपनी ने यह भी सुनिश्चित किया कि जो भी वार्ता में आज निर्णय हो रहे हैं उसे पूर्णतः लागू किया जाएगा। कंपनी के इस आश्वासन के बाद दोनों एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने 6 मार्च से प्रस्तावित कुजाम, अमतीपानी न्यू अमतीपानी (चिरोड़ीह) एवं विमरला में चलने वाले सभी ट्रकों की अनिश्चितकालीन हड़ताल को वापस ले लिया। बंदी वापसी की घोषणा करते हुए सभी ट्रक मालिकों से एसोसिएशन ने कहा कि अपने-अपने ट्रकों को सुचारु रूप से माइंसों में भेजेंगे। वार्ता में हिंडाल्को की ओर से जीएम आर अबस्ठा, ट्रांसपोर्ट हेड अभिषेक कुमार सिंह, कौशिक कुंडू एवं लोहरदगा गुमला ट्रक ऑनर एसोसिएशन की ओर से अध्यक्ष कवलजीत सिंह, उपाध्यक्ष विनोद सिंह, अभय सिंह, सहसचिव रहमत अंसारी, गुड्डू अंसारी, राजेश शर्मा, मोहम्मद बबलू, मोहम्मद गुड्डू एवं झारखंड ट्रक ऑनर एसोसिएशन विमरला की ओर से कोषाध्यक्ष शशिकांत दास एवं कार्यकारिणी सदस्य अजमल कुरैशी आदि शामिल थे।

# हाथी ने वृद्ध को उठाकर पटका, बाल-बाल बचा

**नवीन मेल संवाददाता। कुडू**



कुडू-चंदवा प्रखंड क्षेत्र की सीमा पर स्थित बरवाटोली जंगल में मंगलवार की सुबह हाथियों ने एक बुजुर्ग पर हमला कर बुरी तरह जख्मी कर दिया। हालांकि पटके जाने के बाद बेहोश होने से बुजुर्ग की जान बच गयी। हमले में घायल बुजुर्ग को मृत समझ हाथी वहां से चलते बने। इसके बाद गांव वालों ने अस्पताल में भर्ती कराया। जानकारी के अनुसार जिंगी गांव निवासी विनोद टाना भगत (60) जो लोहरदगा के पूर्व विधायक कमल किशोर भगत के रिश्ते में चाचा बताए जा रहे हैं, लकड़ी लाने के लिए बरवाटोली जंगल में गए थे। यहां उसका सामना बीते कुछ दिनों से क्षेत्र में विचरण कर रहे हाथियों के झुंड से हो गया। हाथी को देख बुजुर्ग भागने लगे, लेकिन वो उससे बच नहीं सके। झुंड में शामिल एक हाथी ने दौड़ाकर पकड़ा और सूंड से उठाकर पटक दिया। इससे बुजुर्ग झाड़ियों के बीच गिरे और बेहोश हो गए। हाथी बुजुर्ग को मरा हुआ समझकर वहां से जंगल के अंदर चला गया। सूचना मिलने पर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और कुडू अस्पताल लेकर आए। घटना में बुजुर्ग की छाती की कई हड्डी टूटने और अंदरूनी चोट की बात चिकित्सकों द्वारा बताई गयी है। फिलहाल उसका इलाज लोहरदगा सदर अस्पताल में जारी है। हालत खतरे से बाहर बतायी जा रही है।

गौरतलब है कि कुडू प्रखंड के पूर्वी क्षेत्र मकान्दू और बड़मारा गांव में शुक्रवार की देर रात दस बारह हाथियों के एक झुंड के पहुंचने से क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई थी। हालांकि कुछ किसानों के मात्र और गेहूं की फसल को आंशिक नुकसान पहुंचाने के बाद दूसरे दिन राहे पहाड़ में शरण लिए हुए थे। इसकी सूचना स्थानीय प्रतिनिधियों और ग्रामीणों द्वारा वन विभाग को भी दी गयी थी। लेकिन उन्हें भगाने का कोई भी प्रयास नहीं किया गया।

### 'थाने में आने वाले ग्रामीणों के साथ मित्रवत व्यवहार करें'

**सेन्हा।** थाना परिसर में प्रशिक्षु डीएसपी अमित सिंह की उपस्थिति में सर्कल पुलिस इंस्पेक्टर सच्चिदानंद साहू द्वारा लोकसभा चुनाव को लेकर बैठक कर थाना क्षेत्र में हो रहे अपराध की समीक्षा की गई। साथ ही साहू ने सभी तरह के पंजी का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि जितने भी केस हैं उनकी जांच कर डिस्पोज कीजिए। सड़क दुर्घटना में कितने की मौत हुई है उसकी भी जांच कीजिए और कितने घायल हुए हैं उनकी जानकारी लीजिए तथा दुर्घटना में जो भी वाहन जब्त हैं डीटीओ को भेज कर उनकी जांच कराएं। साथ ही थाना क्षेत्र में गश्ती दल बढ़ाने और असामाजिक तत्वों को चिन्हित करने और वाहन जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। थाने में आए ग्रामीणों के साथ मित्रवत व्यवहार कर सभी लोगों की समस्या का समाधान करने की बात कही गई। बैठक में प्रशिक्षु डीएसपी अमीत कुमार सिंह, एसआई मनोज कुमार, पंकज कुमार यादव, एएसआई रामचंद्र मांझी, राजेश राम लोहरा आदि उपस्थित थे।

**पहल** शांति समिति बैठक में एसडीपीओ ने की अपील

# महाशिवरात्रि भाईचारे के साथ मनाएं

**नवीन मेल संवाददाता। चैनपुर**



थाना परिसर में मंगलवार को महाशिवरात्रि एवं शिव बरात को लेकर शांति समिति की बैठक एसडीपीओ अमिता लकड़ा की अध्यक्षता में हुई। इसमें लकड़ा ने उपस्थित लोगों को कहा कि आप सभी लोग महाशिवरात्रि का त्योहार आपसी भाईचारे के साथ मनाएं। शिव बारात के दौरान विधि व्यवस्था बनाए रखें। डीजे में भक्ति गाना ही बजाएं और हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी निर्धारित रूट पर ही शिव बरात निकालें। समिति के लोग अपने वोलेंटियर को शिव बारात के दौरान तैनात रखें ताकि सड़क जाम की स्थिति उत्पन्न न हो। वहीं समिति के लोगों ने प्रशासन से शिव बरात के दिन महिला पुलिस की तैनाती की मांग रखी, जिसपर थाना प्रभारी ने कहा शिव बरात के दिन महिला पुलिस की तैनाती की जाएगी। बैठक में मुख्य रूप से चैनपुर थाना प्रभारी अजय यादव, एसआई दिनेश कुमार, ज़िप सदस्य मेरी लकड़ा, मुखिया शोभा देवी, रघुनंदन प्रसाद, संदीप भगत, नित्यानंद शर्मा, सौरभ गुप्ता, बोनीफास कुजूर, अरविंद मौर्य, कृष्णा प्रसाद, रवि गुप्ता, जावेद खान, कादिर खान, मुनीफ खान, ताजिम खान, अर्चना देवी, उनीता देवी, संगीता देवी, अनिता देवी आदि उपस्थित थे।


**GOVT.OF. JHARKHAND**
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**Drinking Water & Sanitation Mechanical Division, Medininagar**

**Very Short e-Quotation No. 09/2023-24(2nd Call)**

Rates through e-quotations are invited for "Material" category annexed as Supplying, Installation and Commissioning of VT Pump Set and allied works to Intake Well, urban water supply scheme at Baralota for the year of 2023-24. from reputed Manufacturers / Authorized Dealers having valid G.S.T.I.N for respective items conforming to the specifications for inclusion in the Estimates under D.W.&. S. Mech. Div. Medininagar, Government of Jharkhand, to be used in different Pumping Plants replacement operation maintenance works shall be submitted online in the website http://jharkhandtenders.gov.in .

Details and list of materials are available on the above e-tender Portal. The Quotationer may download the documents from the website and quote their firm item rate excluding taxes for the Materials online from 09.03.2024 at 4.00 hrs.to 16.03.2024 at 2.50 hrs. The quotation will be opened on 18.03.2024 at 4.00 Hours

The quotation is invited to ascertain and assess the Rate of Materials at par with lowest market rate for framing of Estimates under D. W. &.S. Mech. Division, Medininagar.

Executive Engineer,
D.W. & S. Mechanical Division,
Medininagar (Palamau)

PR 321510 Drinking Water and Sanitation(23-24)#D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा**

**ई0 निविदा आमंत्रण सूचना**

ई0 निविदा संख्या– WRD/MID/GARHWA/F2-18/2023-24
पत्रांक – 185 गढ़वा/दिनांक – 05.03.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | कनहा नाला पर पक्का चेकडैम निर्माण, प्रखण्ड– भण्डरिया, जिला– गढ़वा। |
| 2 | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | 62,98,700/– |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | ई0–निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि एवं समय | 13.03.2024 (11:00 AM) |
| 5 | ई0–निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 26.03.2024 (03:00 PM तक) |
| 6 | निविदा शुल्क और EMD ऑनलाईन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | e-procurement Portal (Jharkhandteders.gov.in) 26.03.2024 (03:00 PM तक) |
| 7 | ई0–निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 27.03.2024 (03:00 PM) |
| 8 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एंव पता | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा। |
| 9 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या एवं ई–मेल पता | 8789558294 eemidgarh-cemr-jhr@nic.in |
| 10 | ई0 प्रोक्योमेन्ट सेल एवं हेल्पलाईन संख्या | 0651–2214784 |

नोट:– केवल ई0–निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट– jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।
प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा।

PR 321578 (Minor Irrigation) 23-24 (D)



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा**

**ई0 निविदा आमंत्रण सूचना**

ई0 निविदा संख्या– WRD/MID/GARHWA/F2-17/2023-24
पत्रांक – 184 गढ़वा/दिनांक – 05.03.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | कटकुआ नाला पर पक्का चेकडैम निर्माण, प्रखण्ड– भण्डरिया, जिला– गढ़वा। |
| 2 | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | 58,97,100/– |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | ई0–निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि एवं समय | 13.03.2024 (11:00 AM) |
| 5 | ई0–निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 26.03.2024 (03:00 PM तक) |
| 6 | निविदा शुल्क और EMD ऑनलाईन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | e-procurement Portal (Jharkhandteders.gov.in) 26.03.2024 (03:00 PM तक) |
| 7 | ई0–निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 27.03.2024 (03:00 PM) |
| 8 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एंव पता | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा। |
| 9 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या एवं ई–मेल पता | 8789558294 eemidgarh-cemr-jhr@nic.in |
| 10 | ई0 प्रोक्योमेन्ट सेल एवं हेल्पलाईन संख्या | 0651–2214784 |

नोट:– केवल ई0–निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट– jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा।
प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा

PR 321590 Minor Irrigation(23-24)#D



**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा।**
**आवश्यक सूचना।**

( लापता मिथुन बैठा, उम्र 16 वर्ष करीब )



केतार थाना दैनिकी सं0–13/24, दिनांक–17.02.2024 में लापता मिथुन बैठा, उम्र 16 वर्ष करीब, पिता–सतन बैठा, माता–संगीता बैठा ग्राम–नावाडीह, पो0–केतार, थाना–केतार, जिला–गढ़वा, राज्य– झारखण्ड, जो दिनांक–15.02.2024 को घर से लापता है। उक्त लापता लड़का का काफी खोजबीन किया गया परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त लापता लड़का के बारे में किसी प्रकार की लाभप्रद सूचना प्राप्त हो तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0– 9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

हुलिया:–
नाम– रंग–गेहुआ, उंचाई–05 फिट 03 इंच, बायें बॉह पर जला हुआ निशान, पहनावा–पिला रंग का फुल सर्ट, काला रंग का फुल पैन्ट, जुता–ग्रे रंग का।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,गढ़वा।

PR 321566 Police(23-24)D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा**
**ई0 निविदा आमंत्रण सूचना**

ई0 निविदा संख्या– WRD/MID/GARHWA/F2-16/2023-24
पत्रांक – 182 गढ़वा/दिनांक – 05.03.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | गोरा नाला पर पक्का चेकडैम निर्माण, प्रखण्ड– गढ़वा, जिला– गढ़वा। |
| 2 | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | 85,21,900/– |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | ई0–निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि एवं समय | 13.03.2024 (11:00 AM) |
| 5 | ई0–निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 26.03.2024 (03:00 PM तक) |
| 6 | निविदा शुल्क और EMD ऑनलाईन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | e-procurement Portal (Jharkhandteders.gov.in) 26.03.2024 (03:00 PM तक) |
| 7 | ई0–निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 27.03.2024 (03:00 PM) |
| 8 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एंव पता | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा। |
| 9 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या एवं ई–मेल पता | 8789558294 eemidgarh-cemr-jhr@nic.in |
| 10 | ई0 प्रोक्योमेन्ट सेल एवं हेल्पलाईन संख्या | 0651–2214784 |

नोट:– केवल ई0–निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट– jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।
प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा।

PR 321574 Minor Irrigation(23-24)D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा**

**ई0 निविदा आमंत्रण सूचना**

ई0 निविदा संख्या– WRD/MID/GARHWA/F2-19/2023-24
पत्रांक – 183 गढ़वा/दिनांक – 05.03.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | भौराहा नाला पर पक्का चेकडैम निर्माण, प्रखण्ड– मेराल, जिला– गढ़वा। |
| 2 | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | 82,23,400/– |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | ई0–निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि एवं समय | 13.03.2024 (11:00 AM) |
| 5 | ई0–निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 26.03.2024 (03:00 PM तक) |
| 6 | निविदा शुल्क और EMD ऑनलाईन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | e-procurement Portal (Jharkhandteders.gov.in) 26.03.2024 (03:00 PM तक) |
| 7 | ई0–निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 27.03.2024 (03:00 PM) |
| 8 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एंव पता | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा। |
| 9 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या एवं ई–मेल पता | 8789558294 eemidgarh-cemr-jhr@nic.in |
| 10 | ई0 प्रोक्योमेन्ट सेल एवं हेल्पलाईन संख्या | 0651–2214784 |

नोट:– केवल ई0–निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट– jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।
प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा।

PR.NO.321570 Minor Irrigation(23-24):D

## कार्यालय नगर परिषद,लोहरदगा

Email id- nagarparishadlohardaga@gmail.com

### आम सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय का पत्रांक– 288, दिनांक– 21.02.2024 {PR 319869 Lohardaga(2023-24)#D} में क्रम संख्या– 01 बस स्टैण्ड (बस, टेम्पू एवं अन्य) अपरिहार्य कारणवश अगले आदेश तक स्थगित किया जाता है। शेष यथावत् रहेगा।

प्रशासक
नगर परिषद, लोहरदगा

PR 321584 Lohardaga(23-24).D

---

GOVT.OF. JHARKHAND

## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER

Drinking Water & Sanitation Mechanical Division, Medininagar

### Very Short e-Quotation No. 12/2023-24

Rates through e-quotations are invited for "Material" category annexed as S/R Estimate for Repairing of 50 H.P. VT P/Set, 20 H.P. C/F Pump Set, 25 H.P. C/F Pump Set, 40 H.P. C/F Pump Set, Supplying & Fitting 200 Amp main switch etc work of Lesliganj add joining village Rural Water Supply Scheme for the year of 2023-24. from reputed Manufacturers / Authorized Dealers having valid G.S.T.I.N for respective items conforming to the specifications for inclusion in the Estimates under D.W.&. S. Mech. Div. Medininagar, Government of Jharkhand, to be used in different Pumping Plants replacement operation maintenance works shall be submitted online in the website http://jharkhandtenders.gov.in.

Details and list of materials are available on the above e-tender Portal. The Quotationer may download the documents from the website and quote their firm item rate excluding taxes for the Materials online from 09.03.2024 at 3.50 hrs. to 16.03.2024 at 2.30 hrs. The quotation will be opened on 18.03.2024 at 3.40 Hours

The quotation is invited to ascertain and assess the Rate of Materials at par with lowest market rate for framing of Estimates under D. W. &.S. Mech. Division, Medininagar.

Executive Engineer,
D.W. & S. Mechanical Division,
Medininagar (Palamau)

PR 321514 Drinking Water and Sanitation(23-24)D

---

GOVT.OF. JHARKHAND

## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER

Drinking Water & Sanitation Mechanical Division, Medininagar

### Very Short e-Quotation No. 11/2023-24

Rates through e-quotations are invited for "Material" category annexed as S/R Estimate for Repairing of 7.5 H.P. VT P/Set, 12.5 H.P. C/F Pump Set, Supplying & Fitting 63 Amp main switch etc work of Untari Road Add joining Village Rural Water Supply Scheme for the year of 2023-24. from reputed Manufacturers / Authorized Dealers having valid G.S.T.I.N for respective items conforming to the specifications for inclusion in the Estimates under D.W.&. S. Mech. Div. Medininagar, Government of Jharkhand, to be used in different Pumping Plants replacement operation maintenance works shall be submitted online in the website http://jharkhandtenders.gov.in .

Details and list of materials are available on the above e-tender Portal. The Quotationer may download the documents from the website and quote their firm item rate excluding taxes for the Materials online from 09.03.2024 at 3.30 hrs. to 16.03.2024 at 2.20 hrs. The quotation will be opened on 18.03.2024 at 3.30 Hours

The quotation is invited to ascertain and assess the Rate of Materials at par with lowest market rate for framing of Estimates under D. W. &.S. Mech. Division, Medininagar.

Executive Engineer,
D.W. & S. Mechanical Division,
Medininagar (Palamau)

PR 321512 Drinking Water and Sanitation (23-24)_D

---

## OFFICE OF THE DEPUTY COMMISSIONER, LATEHAR

District Planning Office, Latehar
Website: www.latehar.nic.in

### CORRIGENDUM

**Office of the District Planning Office, Latehar,** decided to make following amendments/addendum in the **PR No. 320627 & NIB Ref No. 75, dated 28.02.2024.**

Bids are invited for the work of Supply, Installation, Testing & Commissioning of **20W/30W White LED based Solar Street Lighting Systems (SELSs) with Lithium Ferro Phosphate Battery** on Turnkey basis at different places of Latehar. The details are as follows:

| SR.NO | DISCRIPTION | CORRIENDUM (Correction) |
|---|---|---|
| 4(b) | PAN card,TAN Card, UCAN, pollution Certificate and Factory License | PAN card,TAN Card,UCAN. For Manufacturer Factory License need to Submit. |
| 4(d) | Audited Balance sheet of last three year along with ITR with positive net worth 1cr at least & 6cr combined For the following FY of 2020-21/2021-22/2022-23 | Audited Balance Sheet of Last three Year or from date of incorporation and 01cr. Positive Net worth certificate. |
| 6 | Work Experience of Govt. agency for minimum quantity 2000nos solar in 3 years for solar street lighting systems. Preference will be given if vender has work experience with JREDA | Work Experience of Govt. agency for minimum quantity 2000nos solar street light or 500Kw solar roof top in last 3 years .Preference will be given if Vendor has work experience with JREDA |
| **Technical Specification :** | | |
| Module | Only indigenous modules shall be used in the project.75 Wp under STC | 100 Watt Poly panel for 20 Watt Light and 150 Watt poly panel for 30 Watt light |
| Battery | Minimum 12.8 V, 30 AH capacity Lithium Ferro Phosphate battery. | Minimum 12.8 V 40AH (FOR 20 Watt Street Light) and 60 H (For 30 Watt Street Light) capacity Lithium Ferro Phosphet Battery |
| | Annexure-1 Price Bid | JREDA discovered L1 Price will be applicable as per JRED letter no. 145/2023 dated 27/01/2023 |

Rest all others conditions specified in the EOI will remains unchanged.

**District Planning Officer,**
**Latehar**

PR 321499 (District) 23-24 (D)

---

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर

### शुद्धि–पत्र

पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर अन्तर्गत आमंत्रित ई–प्रोक्योरमेंट अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–DWSD/SR/DT/Med-13/2023-24 (1st Call) (Relocation of drilled tube well) जो (PR No. 320849)*23-24 द्वारा विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित है, के तिथि अपरिहार्य कारणों से निम्न प्रकार संशोधित किया जाता है :–

| विवरण | पूर्व प्रकाशित तिथि / समय | संशोधित तिथि एवं समय |
|---|---|---|
| वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | **01.03.2024 / 02.30 P.M.** | **06.03.2024 / 02.30 P.M.** |
| बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | **08.03.2024 / 5.00 P.M.** | **13.03.2024 / 5.00 P.M.** |
| सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेस, झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | **08.03.2024 / 5.00 P.M.** | **13.03.2024 / 5.00 P.M.** |
| निविदा खोलने की तिथि एवं समय | **09.03.2024 / 05.00 P.M.** | **14.03.2024 / 05.00 P.M.** |

यह शुद्धि–पत्र परिमाण विपत्र का भाग होगा एवं शेष पूर्ववत् रहेंगे।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर।

PR 321593 (Drinking Water and Sanitation) 23-24 (D)

---

## झारखण्ड सरकार, कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा

### ई-अतिअल्पकालीन् निविदा आमंत्रण सूचना

ई–अतिअल्पकालीन् निविदा संख्या– 19/2023-24/RWD/CHATRA दिनांक– 05.03.2024

कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | आईडेन्टिफिकेशन संख्या / पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि अंक में (लाख) | प्राक्कलित राशि अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि | टेण्डर कॉल सं. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/ CHATRA/ STPKG/18/ 2023-24 | तरवागड़ा से हटवरिया तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं.–3.900 कि.मी.) | 1187.07 | ग्यारह करोड़ सतासी लाख सात हजार मात्र | 15 माह | प्रथम |
| 2 | | दन्तार से नकटी भवानी सिमाना तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं.–2.802 कि.मी.) | | | | |
| 3 | | जोतडीह मोड़ से कल्याणपुर तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं.–2.350 कि.मी.) | | | | |
| 4 | | प्रतापपुर से कारूडीह होते हुए मंझगावा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं.–5.500 कि.मी.) | | | | |
| 5 | | बिलासपुर से गजवा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं.–4.250 कि.मी.) | | | | |
| 6 | | विलासपुर से भुसिया तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं.–4.550 कि.मी.) | | | | |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– **08.03.2024**
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– **14.03.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक।**
4. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– **16.03.2024 पूर्वाह्न 3.30 बजे।**
5. ई–निविदा आमंत्रित करनेवाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– **कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा, द्वितीय तल, विकास भवन, चतरा।**
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष संख्या :– **06541-296208**

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट **www.jharkhandtenders.gov.in** में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा

PR 321537 Rural Work Department (23-24)_D

---

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर

### शुद्धि–पत्र

पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर अन्तर्गत आमंत्रित ई–प्रोक्योरमेंट अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–DWSD/MED/RRP/12/2023-24 (1st Call) (विभिन्न प्रखण्डों में 32mm व्यास के I.M-II हैण्ड पम्प के क्षतिग्रस्त राईजर पाईप, सी0आई0 सिलिन्डर एवं कनेक्टिंग रॉड इत्यादि को सम्परिवर्तित कर नलकूप को चालू करने का कार्य) जो (PR No. 320847)*23-24 द्वारा विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित है, के तिथि एवं प्राक्कलित राशि अपरिहार्य कारणों से निम्न प्रकार संशोधित किया जाता है :–

संशोधित

| ग्रुप सं0 | नलकूपों की सं0 | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| MED RRP-1 | 100 Nos. | 14,58,434/- | 29,500/- | 2500/- | 01 (एक) माह |
| MED RRP-2 | 100 Nos. | 14,58,434/- | 29,500/- | 2500/- | 01 (एक) माह |
| MED RRP-3 | 100 Nos. | 14,58,434/- | 29,500/- | 2500/- | 01 (एक) माह |
| MED RRP-4 | 100 Nos. | 14,58,434/- | 29,500/- | 2500/- | 01 (एक) माह |
| MED RRP-5 | 100 Nos. | 14,58,434/- | 29,500/- | 2500/- | 01 (एक) माह |
| MED RRP-6 | 100 Nos. | 14,58,434/- | 29,500/- | 2500/- | 01 (एक) माह |

| | | |
|---|---|---|
| 2 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | 06.03.2024 / 02.30 बजे अपराह्न में। |
| 3 | बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 13.03.2024 / 5.00 बजे अपराह्न तक। |
| 4 | सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेस, झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 13.03.2024 / 5.00 बजे अपराह्न तक। |
| 5 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 14.03.2024 / 05.00 बजे अपराह्न में। |

यह शुद्धि–पत्र परिमाण विपत्र का भाग होगा एवं शेष पूर्ववत् रहेंगे।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर।

PR 321618 Drinking Water and Sanitation(23-24)D

---

## झारखण्ड सरकार
## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा।

### ई–अतिअल्पकालीन् निविदा आमंत्रण सूचना

ई–अतिअल्पकालीन् निविदा संख्या– 18/2023-24/RWD/CHATRA दिनांक– 05.03.2024

कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | आईडेन्टिफिकेशन संख्या / पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि अंक में (लाख) | प्राक्कलित राशि अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि | टेण्डर कॉल सं. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/ CHATRA/ STPKG/08/ 2023-24 | ग्राम बजराही एन.एच.–99 मोड़ से ईचाहर तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं.–1.360 कि.मी.) | 1243.246 | बारह करोड़ तैंतालीस लाख चौबीस हजार छः सौ मात्र | 15 माह | प्रथम |
| 2 | | ग्राम हफुआ में पी.डब्ल्यू.डी. पथ से डोकिया तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं.–3.200 कि.मी.) | | | | |
| 3 | | ग्राम गोवा मोड़ एन.एच.–100 बारा से सबानो नदी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं.–2.625 कि.मी.) | | | | |
| 4 | | ग्राम बगरा एन.एच.–100 से कुठान तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं.–2.050 कि.मी.) | | | | |
| 5 | | बान्दु पक्की सड़क (प्रकाश मोड़) से बड़की आहर तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं.–1.600 कि.मी.) | | | | |
| 6 | | ग्राम सोहावन आर.ई.ओ. पथ से ईमली टोला भाया अम्बाडाबर तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं.–1.500 कि.मी.) | | | | |
| 7 | | ग्राम परामातु पी.डब्ल्यू.डी. पथ से बेलकुरआ पी.डब्ल्यू.डी. तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं.–1.650 कि.मी.) | | | | |
| 8 | | गिद्धौर से पहरा तक पथ सुदृढ़ीकरण कार्य (लं.–2.000 कि.मी.) | | | | |
| 9 | | लोहरी से सिंदुआरी कला तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं.–1.207 कि.मी.) | | | | |
| 10 | | बरवाघाट से जोरी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं.–4.100 कि.मी.) | | | | |
| 11 | | बघासाडम से कुबा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं.–3.125 कि.मी.) | | | | |
| 12 | | ग्राम सलगी जगमंडप बगीचा से कुरूमडाडी स्कूल तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं.–2.610 कि.मी.) | | | | |
| 13 | | परामातु करमतर से टेढ़ी महुआ तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं.–1.900 कि.मी.) | | | | |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 08.03.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 14.03.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 16.03.2024 पूर्वाह्न 3.30 बजे।
5. ई–निविदा आमंत्रित करनेवाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा, द्वितीय तल, विकास भवन, चतरा।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष संख्या :– **06541-296208**

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट **www.jharkhandtenders.gov.in** में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा।

PR 321541 Rural Work Department(23-24)D

---

## झारखण्ड सरकार
## श्रम, नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग,
## जिला नियोजनालय-सह-मॉडल कैरियर सेन्टर गुमला

National Career Service

### भर्त्ती कैम्प–2024
### रिक्ति सूचना

राज्य के बेरोजगार युवक / युवतियों को निजी क्षेत्र में नियोजन का अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला नियोजनालय–सह–मॉडल कैरियर सेन्टर गुमला के तत्वाधान में दिनांक–07.03.2024 दिन (वृहस्पतिवार) के पूर्वाहन 10:30 बजे से 4:00 बजे तक एक दिवसीय भर्त्ती कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। भर्त्ती कैम्प में निम्नांकित प्रमुख नियोजक ने उपस्थित रहने की सहमति प्रदान की है :–

स्थान :– जिला नियोजनालय, गुमला कार्यालय परिसर में।

| Sl NO | Name of the Employer & Address | Name of the post | No. of Vacancy | Qualification Required Essential | Qualification Required Desirable | Experience / Height | Age ( Min. / Max) | (Pay/ Scale) | Job Location |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | ARYAN STEELS | HELPER | 03 | Non Matric, 10th Pass (Male/ Female) | | Fresher | 18-45Years | 15,000/- Per Month (For 12 hours) | Nagpur. |
| | | Machine Operator | 03 | 12th , ITI, Pass (Male/ Female) | | Fresher | 18-45Years | 16,000/- Per Month (For 12 hours) | Nagpur. |

नोट :– योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार जो निबंधित नहीं है वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा नजदीकी नियोजनालय पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त मिनी रोजगार मेला में नियोजक / नियोजकों के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों **Residential, Resume (Self Attested), Aadhar Card (Self Attested), Voter Id (Self Attested), Educational Mark sheet and Certificate,** एवं उसकी एक छायाप्रति तथा बायोडाटा (02 कॉपी) दो पासपोर्ट साईज फोटो एवं अनिवार्य रूप के साथ साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो। जो उम्मीदवार पूर्व से निबंधित है, उन्हें पुनः निबंधन कराने की आवश्यकता नहीं। चूँकी रिक्ति निजी क्षेत्र की है, अतः चयन प्रक्रिया में नियोजनालय का किसी भी प्रकार का हस्तक्षेप नहीं होगा।

❖ किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं है।

जिला नियोजन पदाधिकारी,
जिला नियोजनालय, गुमला।

PR.NO.321498 Labour Employment and Traning(23-24):D

---

## अभिहित अधिकारी -सह- अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी का कार्यालय, गुमला (खाद्य सुरक्षा शाखा)

पत्रांक........................ दिनांक....................

### आम सूचना

सभी खाद्य कारोबारकर्त्ता यथा होटल, रेस्टोरेंट, रिटेलर, हॉलसेलर अपने प्रतिष्ठान **FSS Act** 2006 के तहत बनाए गए नियमों के अनुसार संचालन करना सुनिश्चित करेंगे :–

- अपने प्रतिष्ठान में साफ–सफाई का विशेष ध्यान रखेंगे एवं प्रतिष्ठान पर ढक्कन युक्त कुड़ेदान का प्रयोग करेंगे।
- सभी खाद्य कारोबारकर्त्ता यथा होटल, रेस्टोरेंट, रिटेलर, हॉलसेलर शीतल पेय, खाद्य व अन्य पैक्ड खाद्य पदार्थ पर पैकिंग तिथि व बेस्ट बिफोर तिथि, FSSAI लाईसेंस / रजिस्ट्रेशन युक्त सामानों का ही प्रयोग करेंगे।
- खाद्य पदार्थों की वैधता तिथि का भी ध्यान रखेंगे। अवधि समाप्त सामग्रियों का विक्रय नहीं करेंगे।
- स्ट्रीट वेंडरों पर बिक्री करने वाले खाद्य कारोबारकर्त्ता खाद्य सामग्रियों को मारकीन कपड़े व जाली से ढक कर रखेंगे। अखबार के कागज का प्रयोग खाद्य सामग्री को रख कर बेचने व ढकने में कदापि न करें। खाद्य पदार्थ को हमेशा सादे पेपर में ही रखकर बेंचे।
- फल विक्रेता फलों को पकाने के लिए कैल्सियम कारबाईड नामक रासायनिक का प्रयोग न करें, चूँकि इस रासायनिक पदार्थ के इस्तेमाल से कैंसर एवं विभिन्न प्रकार के गंभीर बिमारी होने की संभावना होती है। फलों को पकाने हेतु Ethylene gas/Ripening chamber का ही प्रयोग करें।
- होटलों एवं रेस्टोरेंट में उपयोग होने वाले कटलरी एव यूटेनसिल्स (बर्तनों) के साफ– सफाई एवं फ्रीज एवं Water Storage Tank का साफ–सफाई नियमित रूप से करायेंगे।
- मिठाई उत्पादक दुकानों में प्रायः यह देखा जाता है कि रासायनिक रंगों का इस्तेमाल लड्डू, जलेबी एवं बूंदी बनाने के समय किया जाता है ज्ञात हो कि सभी तरह के मिठाई बनाने में केवल खाद्य रंगों (Food Grade Colour) का ही प्रयोग किया करेंगे जिसमें लाईसेंस नं0 अंकित हो। रसायनिक रंगों के प्रयोग खाद्य पदार्थ में नहीं करेंगे।
- वैसे प्रतिष्ठान जिन्होंने अब तक अपने प्रतिष्ठान का **FSSAI** अनुज्ञप्ति अथवा राजिस्ट्रेशन नहीं कराये है। वे यथाशीघ्र अपने प्रतिष्ठान का अनुज्ञप्ति अथवा राजिस्ट्रेशन करवाना सुनिश्चित करेंगे। अनुज्ञप्ति अथवा निबंधन के लिए www.foscos.fssai.gov.in में जाकर Online Apply किया जा सकता है। अथवा कार्यालय में आकर आवेदन दे सकते है।
- सभी खाद्य कारोबारकर्त्ता अपने स्तर से किसी भी खाद्य सामग्री में मिलावट नहीं करेंगें।
- खाद्य एवं अखाद्य पदार्थ का भण्डारण एक ही जगह नहीं करेंगे।
- खाद्य पदार्थ बनाने के लिए उपयोग में लाये जा रहे तेल का प्रयोग तीन बार से ज्यादा नहीं करेंगे।
- Veg एवं Non Veg Food का भण्डारण एक साथ नहीं करेंगे एवं उनके बनाने में उपयोग में लाये जा रहे बर्त्तन भी अलग रखेंगे।
- निरीक्षण के दौरान वैसे सभी खाद्य कारोबारकर्त्ता जो भी FSS act 2006 के नियमों का पालन करते हुए नहीं पाये जाने पर FSS act 2006 के सुसंगत धाराओं के तहत कार्यवाही की जाएगी। जिसमें अर्थदण्ड अधिरोपित करने के साथ साथ कारावास का भी प्रावधान है।

खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी
गुमला।

अभिहित अधिकारी –सह– अपर
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गुमला।

PR.NO.321522 District(23-24):D

---

## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT
## BUILDING DIVISION, DALTONGANJ.
### Very SHORT NOTICE INVITING TENDER

Tender Reference No. BCD/DALTONGANJ DIV/22/2023-24

1. Name of Department :- Building Construction Department
2. Name of Advertiser :- Executive Engineer, B.C.D, Building Division, Daltonganj.
3. Date of time of Sale of BOQ :- 12.03.2024 from 10:00 am to 1:00 pm
4. Date and time of Receiving sealed tenders :- 13.03.2024 from 1:00 to 3:00 pm
5. Date and time of Opening of Sealed tenders :- 13.03.2024 from 3:00 to 3:30 pm
6. Place of Sale of BOQ :- 1. In the Office of S.P Office Campus (B Block Collectriate Building), Daltonganj, Palamu.
   2. In the Office of Superintendent Engineer, B.C.D Circle No.-02, Ranchi.
7. Place of Opening and Receiving Tender :- As per Place mention in serial No.- 6 (1)
8. Details of Work :-

| Sl.No. | Name of Work | Estimated Cost | Amount of Earnest Money | Cost of Tender Paper | Time Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Construction of Block Public Health Unit in the Campus of Public Health Center Tarhasi, Palamu. | 4992300.00 | 100000.00 | 5000.00 | 06 Months |
| 2. | Construction of Block Public Health Unit in the Campus of Public Health Center Panki, Palamu. | 4992300.00 | 100000.00 | 5000.00 | 06 Months |
| 3. | Construction of Block Public Health Unit in the Campus of Public Health Center Pandu, Palamu. | 4992300.00 | 100000.00 | 5000.00 | 06 Months |
| 4. | Construction of Block Public Health Unit in the Campus of Public Health Center Mohammadganj, Palamu. | 4992300.00 | 100000.00 | 5000.00 | 06 Months |
| 5. | Construction of Block Public Health Unit in the Campus of Public Health Center Untari Road , Palamu. | 4992300.00 | 100000.00 | 5000.00 | 06 Months |
| 6. | Construction of Block Public Health Unit in the Campus of Public Health Center Satbarwa, Palamu. | 4992300.00 | 100000.00 | 5000.00 | 06 Months |
| 7. | Construction of Block Public Health Unit in the Campus of Public Health Center Aashehar, Palamu. | 4992300.00 | 100000.00 | 5000.00 | 06 Months |
| 8. | Construction of Single Classroom with Verandah Attach with Boys and Girls Toilet in Dhabkalan Utkramit Madhya Vidhayal at Village Dhabkalan under Block hariharganj Palamu. | 1751700.00 | 35500.00 | 5000.00 | 03 Months |

निविदा में परिमाण विपत्र कय हेतू निम्नांकित शर्तें का पालन आवश्यक है:–

- निविदा के साथ सत्यापित निबंधन पत्र, UCAN, पैन कार्ड, विगत तीन साल का आयकर रिटर्न, GST में निबंधन प्रमाण पत्र एवं फार्म अधतन 3B एवं 1 R, अद्यतन चरित्र प्रमाण पत्र एवं विद्युत लाइसेंस या निविदाकार एवं अन्य अनुज्ञप्तिधारी का अलग–अलग शपथ पत्र (यदि कार्य में विद्युत संबंधी कार्यमद हो) की छायाप्रति इत्यादि स्वअभिप्रमाणित प्रति संलग्न करना होगा।
- परिमाण विपत्र के लिए जमा किया जाने वाला डिमान्ड ड्राफ्ट भारतीय स्टेट बैंक के शाखा के निविदा सूचनापोरांत निर्गत ही मान्य होगा।
- यदि निबंधित संवेदक के प्राधिकृत व्यक्ति द्वारा निविदा डाली जाती है तो निविदा के साथ मूल प्रति में इस आशय का शपथ पत्र संलग्न करना आवश्यक होगा कि प्राधिकृत व्यक्ति (प्रतिनिधि) किसी आपराधिक मामले में सजायफ्ता नहीं है न किसी प्रकार का आपराधिक मामला दर्ज है। (प्राधिकृत व्यक्ति के द्वारा प्राधिकृत किया हुआ पत्र एवं शपथ पत्र साथ लाने पर निविदा (Hard Copy) लिया जाएगा)
- किसी अपरिहार्य कारण से निविदा रद्द या स्थगित की जाती है तो परिमाण विपत्र की राशि (डिमान्ड ड्राफ्ट) के रूप में वापस नहीं की जायेगी।
- जिला के किसी विभाग द्वारा आवंटित कार्य का एकरारित अवधि बीत जाने के बाद लंबित नहीं होने संबंधी शपथ–पत्र (Affidavit) देंना अनिवार्य होगा।
- निविदा से संबंधित अन्य सूचनाओं एवं NIT के अन्य शर्तों के लिए भवन प्रमण्डल, डालटनगंज के सूचना पट्ट को देखा जा सकता है या कार्यालय अवधि में कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है तथा परिमाण विपत्र में संलग्न नियम एवं शर्तों का अनुपालन करना अनिवार्य होगा।

**Executive Engineer,**
**Building Division, Daltonganj.**

PR 321503 District(23-24)D

सुप्रभात

**समय किसी के लिए नहीं रुकता है, इसलिए आप अपने समय को किसी भी चीज के इंतजार में व्यर्थ मत गवांइये : अज्ञात**



# सुप्रीम कोर्ट का ऐतिहासिक निर्णय

**सुप्रीम** कोर्ट ने वोट के बदले नोट मामले में एक बड़ा फैसला सुनाया है। अब अगर सांसद पैसे लेकर सदन में भाषण या वोट देते हैं तो उनके खिलाफ केस चलाया जा सकेगा। यानी अब माननीयों को इस मामले में कानूनी छूट नहीं मिलेगी।सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ ने बड़ा फैसला सुनाते हुए पिछले फैसले को पलट दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने 1998 के नरसिम्हा राव के फैसले को पलट दिया है।1998 में 5 जजों की संविधान पीठ ने 3:2 के बहुमत से तय किया था कि इस मुद्दे को लेकर जनप्रतिनिधियों पर मुकदमा नहीं चलाया जा सकता है।लेकिन, सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले को पलटने के चलते अब सांसद या विधायक सदन में मतदान के लिए रिश्वत लेकर मुकदमे की कार्रवाई से नहीं बच सकते हैं। मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली बेंच ने सहमति से दिए गए अहम फैसले में कहा है कि विधायिका के किसी सदस्य द्वारा किया गया भ्रष्टाचार या रिश्वतखोरी सार्वजनिक जीवन में ईमानदारी को खत्म कर देती है।सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस ने कहा कि हमने विवाद के सभी पहलुओं पर स्वतंत्र रूप से निर्णय लिया है।क्या सांसदों को इससे छूट मिलनी चाहिए।इस बात से हम असहमत हैं और बहुमत से इसे खारिज करते हैं। नरसिम्हा राव मामले में बहुमत का फैसला, जिससे रिश्वत लेने के लिए अभियोजन को छूट मिलती है।वह सार्वजनिक जीवन पर बड़ा प्रभाव डालता है। मुख्य न्यायाधीश ने कहा,'अनुच्छेद 105 के तहत रिश्वतखोरी को छूट नहीं दी गई है, क्योंकि अपराध करने वाले सदस्य वोट डालने से संबंधित नहीं हैं। नरसिम्हा राव के मामले की व्याख्या भारतीय संविधान के अनुच्छेद 105(2) और 194 के विपरीत है। इसलिए हमने पी नरसिम्हा राव मामले में फैसले को खारिज कर दिया है।' 5 सदस्यीय पीठ ने इस केस से जुड़े मसले को व्यापक और जनहित से जुड़ा हुआ मानते हुए 7 सदस्यीय पीठ को सौंप दिया था। तब कहा गया था कि यह मसला राजनीतिक सदाचार से जुड़ा हुआ है। यह भी कहा गया था कि संसद और विधानसभा सदस्यों को छूट का प्रावधान इसलिए दिया गया है, ताकि वे मुक्त वातावरण और बिना किसी परिणाम की चिंता के अपने दायित्व का पालन कर सकें। यह मामला झामुमो के सांसदों के रिश्वत कांड पर आये आदेश से जुड़ा है, जिस पर सुप्रीम कोर्ट विचार कर रहा था। आरोप था कि सांसदों ने 1993 में नरसिम्हा राव सरकार को समर्थन देने के लिए वोट दिया था। इस मसले पर 1998 में 5 जजों की बेंच ने फैसला सुनाया था। लेकिन अब 25 साल बाद सुप्रीम कोर्ट ने उस फैसले को पलट दिया है। यह मुद्दा दोबारा तब उठा, जब झमुमो की विधायक सीता सोरेन ने अपनने खिलाफ जारी आपराधिक कार्रवाई को रद्द करने की याचिक दाखिल की। उन्होंने कहा कि संविधान में उन्हें अभियोजन से छूट मिली हुई है। दरअसल, सीता सोरेन पर आरोप था कि उन्होंने 2012 के झारखंड राज्यसभा चुनाव में एक खास प्रत्याशी को वोट देने के लिए रिश्वत ली थी। अब इस ऐतिहासिक फैसले से तो यह साबित होगा कि आम और खास कुछ नहीं संविधान के सामने सभी बराबर है।

> **मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली बेंच ने सहमति से दिये गये अहम फैसले में कहा है कि विधायिका के किसी सदस्य द्वारा किया गया भ्रष्टाचार या रिश्वतखोरी सार्वजनिक जीवन में ईमानदारी को खत्म कर देती है। सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस ने कहा कि हमने विवाद के सभी पहलुओं पर स्वतंत्र रूप से निर्णय लिया है। क्या सांसदों को इससे छूट मिलनी चाहिए। इस बात से हम असहमत हैं और बहुमत से इसे खारिज करते हैं।**

महान कथाकार फणीश्वर नाथ रेणु की जयंती पर विशेष

# हरित भविष्य की निरंतरता व भावी पीढ़ी

**पर्यावरणीय** चुनौतियों से भरी तेजी से बदलती दुनिया में, ज्यादा टिकाऊ कार्यप्रणालियों की आवश्यकता पहले कभी इतनी महत्वपूर्ण नहीं रही थी। बड़े उद्योगों से लेकर स्थानीय व्यवसायों एवं व्यक्तियों तक, एक बेहतर धरती और अधिक टिकाऊ भविष्य बनाने के लिए मानकों में सस्टेनेबिलिटी को शामिल करना बेहद आवश्यक है। मौलिक रूप से, सस्टेनेबिलिटी (निरंतरता) का अर्थ भावी पीढ़ियों की जरूरतों को पूरा करने के क्रम में उनकी क्षमताओं को हतोत्साहित किये बिना वर्तमान समय की जरूरतों को पूरा करना है। इस अवधारणा के तीन मजबूत स्तंभ अर्थव्यवस्था, समाज और पर्यावरण हैं। भारत, दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में, 2030 के लिए संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को आगे बढ़ाने में अग्रणी भूमिका में है। सस्टेनेबल इंडिया, क्लीन इंडिया, सशक्त और रेजिलियंट इंडिया, यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज, और समावेशी व उद्यमशील भारत जैसी पहलें एक व्यापक सस्टेनेबल एजेंडे का आधार हैं। इन कार्यक्रमों में आर्थिक सशक्तिकरण, जलवायु परिवर्तन संबंधी कार्य, बुनियादी ढांचे का विकास, नवीकरणीय ऊर्जा को प्रोत्साहन, स्वच्छता में सुधार और स्वास्थ्य सेवा पर अधिक जोर शामिल हैं। पर्यावरण की रक्षा, आर्थिक विकास को बढ़ावा देने, सामाजिक जिम्मेदारी को पूरा करने और वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाने के लिए भारतीय मानकों में सस्टेनेबिलिटी को शामिल करना महत्वपूर्ण है। ये मानक जलवायु के प्रति अधिक तैयारी, जन स्वास्थ्य और समग्र कल्याण में योगदान करते हैं, साथ ही एक स्थायी और समृद्ध भविष्य को भी बढ़ावा देते हैं। भारत सरकार की मदद करने के लिए, राष्ट्रीय मानक निकाय के रूप में कार्य करने वाले भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) ने भारतीय मानकों का एक व्यापक नेटवर्क बनाने का महत्वाकांक्षी प्रयास किया है जो सस्टेनेबिलिटी के विभिन्न पहलुओं को कवर करता है। बुनियादी सिद्धांतों से लेकर उत्पादों, प्रक्रियाओं, प्रणालियों और सेवाओं के लिए विशिष्ट दिशानिर्देशों तक के ये मानक, कई क्षेत्रों में सस्टेनेबिलिटी को बढ़ावा देने के लिए बीआईएस का व्यापक दृष्टिकोण पेश करते हैं। एक क्षेत्र जहां बीआईएस ने महत्वपूर्ण प्रगति की है वह निर्माण क्षेत्र है। यह कुशलतापूर्वक विकसित भारतीय मानकों की एक श्रृंखला के माध्यम से, बीआईएस सस्टेनेबल निर्माण सामग्री और निर्माण कार्यप्रणालियों के उपयोग को बढ़ावा देता है। ये मानक औद्योगिक और कृषि अपशिष्टों के इनोवेटिव उपयोग, उन्हें मूल्यवान संसाधनों में बदलने और नई सामग्रियों पर निर्भरता को कम करने का समर्थन करते हैं। फ्लाई ऐश का उपयोग, स्लैग सीमेंट उत्पादन और जल-कुशल पाइपलाइन जैसी कार्यप्रणालियों की हिमायत करके, बीआईएस न केवल सतत विकास की सुविधा प्रदान करता है, बल्कि यह भी सुनिश्चित करता है कि निर्माण की गुणवत्ता भी बनी रहे। इस श्रेणी में मानकों के उदाहरणों में एसपी 7:2016 नेशनल बिल्डिंग कोड ऑफ इंडिया 2016 (एनबीसी 2016) और एसपी 30: 2023 नेशनल इलेक्ट्रिकल कोड ऑफ इंडिया शामिल हैं। उत्पादन प्रक्रिया में टिकाऊ कार्यप्रणालियों को बढ़ावा देने के लिए, बीआईएस ने एक भारतीय मानक-आईएस 17022: 2018 'ग्रीन मैन्युफेक्चरिंग प्रैक्टिसेज के लिए दिशानिर्देश' तैयार किया है। इसके अलावा, बीआईएस की प्रतिबद्धता नवीकरणीय ऊर्जा के दायरे तक फैली हुई है, जिसमें सोलर और पवन ऊर्जा इंस्टॉलेशन्स को बढ़ावा देने के लिए मानक तैयार किये गये हैं। ये मानक न केवल नवीकरणीय ऊर्जा प्रणालियों की विश्वसनीयता और सुरक्षा की गारंटी देते हैं, बल्कि जलवायु परिवर्तन से निपटने के वैश्विक प्रयासों के साथ तालमेल बिठाते हुए, स्वच्छ ऊर्जा स्रोतों को व्यापक रूप से अपनाने में भी योगदान देते हैं। आईएस 17941:2022 हैंडपंप-के साथ-सोलर पंप, आईएस 12976:1990 सोलर वॉटर हीटिंग सिस्टम- कोड ऑफ प्रैक्टिस और आईएस 12933:2003 सोलर फ्लैट प्लेट कलेक्टर- स्पेसिफिकेशन सोलर ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देते हैं। क्ले से बने लोकप्रिय मिट्टी कूल रेफ्रिजरेटर, स्वदेशी अनुसंधान और विकास के आधार पर, 'मिट्टी से बने नॉन-इलेक्ट्रिक कूलिंग कैबिनेट' पर एक विशिष्ट भारतीय मानक, आईएस 17693:2022 तैयार किया गया है। कृषि क्षेत्र में, भारतीय मानक ब्यूरो स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम, जैव उर्वरकों और छोटी सिंचाई तकनीकों के मानकों के माध्यम से टिकाऊ कृषि प्रणाली को सुविधाजनक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। जैविक कृषि प्रणाली को बढ़ावा देकर और पर्यावरण अनुकूल पैकेजिंग के लिए दिशानिर्देश प्रदान करके, बीआईएस खेत से लेकर थाली तक पर्यावरण के प्रति जागरूक कृषि तौर-तरीकों को बढ़ावा देता है। विभिन्न प्रकार के सूक्ष्मजीवों से युक्त बायोफर्टिलाइजर्स के लिए भारतीय मानकों में राइजोस्फीयर को स्थापित करके पौधों के पोषक तत्वों को बढ़ाने और पौधों की जड़ों तक पोषक तत्वों को आसानी से पहुंचाने की क्षमता है। इसके अतिरिक्त, भारतीय मानक ब्यूरो प्लास्टिक के बायोडिग्रेडेबिलिटी मूल्यांकन, रीसाइक्लिंग दिशा निर्देशों और फ्लाई ऐश जैसी अपशिष्ट सामग्री के उपयोग पर ध्यान केंद्रित करने वाले मानकों के साथ अपशिष्ट प्रबंधन के महत्व पर जोर देता है। ये मानक पर्यावरण प्रदूषण को कम करने और संसाधनों के पुनः उपयोग व रीसाइक्लिंग को प्रोत्साहित करके चक्रीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ब्यूरो ने एक सुरक्षित और स्वस्थ दुनिया सुनिश्चित करने के अपने प्रयासों में, विभिन्न रसायनों के लिए सुरक्षा मानकों के कोड पर मानकों की एक व्यापक श्रृंखला तैयार की है। ये मानक विभिन्न रसायनों के उत्पादन, भंडारण, रख-रखाव और निपटान में शामिल उद्योगों के लिए दिशानिर्देश के रूप में कार्य करते हैं। भारतीय मानक ब्यूरो धातु क्षेत्र में सस्टेनेबिलिटी पर भी कई पहल शुरू कर रहा है। इसमें ग्रीन स्टील की टेक्सॉनमी विकसित करने और लोहे व स्टील में कार्बनडाइऑक्साइड उत्सर्जन और तीव्रता के लिए गणना विधियों को मानकीकृत करने के लिए भारत सरकार के इस्पात मंत्रालय के टास्क फोर्स में सक्रिय योगदान शामिल है। सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) में भारतीय मानक ब्यूरो की पहल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और साइबर सिक्युरिटी प्रैक्टिसेज को मानकीकृत करने पर केंद्रित है। एआई एप्लिकेशन, डेटा प्राइवेसी और इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) सिस्टम के मानक भी डिजिटल प्रौद्योगिकियों में विश्वसनीयता बढ़ाते हैं। इसी प्रकार, सतत विकास के लिए कुशल जल प्रबंधन आवश्यक है। बीआईएस मानक जल प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं पर ध्यान देते हैं, जिसमें पेयजल आपूर्ति प्रणाली, वर्षा जल-संचयन और अपशिष्ट जल का पुनः उपयोग शामिल है। ये मानक संसाधन संरक्षण को बढ़ावा देते हैं और स्वच्छ पानी तक समान पहुंच सुनिश्चित करते हैं। इसके अलावा, बीआईएस पर्यावरण प्रबंधन के लिए आईएसओ 14001 और ऊर्जा प्रबंधन के लिए आईएसओ 50001 आदि जैसे अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप सस्टेनेबिलिटी के लिए प्रबंधन प्रणालियों के महत्व पर जोर देता है।

**■ विमल महेंद्रू**

**विमल महेंद्रू के बारे में**

श्री महेंद्रू ने 1 जनवरी 2023 को आईईसी- इंटरनेशनल इलेक्ट्रोटेक्निकल कमीशन के स्टैंडडार्जेशन मैनेजमेंट बोर्ड (एसएमबी) के वाइस-चेयरमैन और चेयरमैन के रूप में अपने छह साल के कार्यकाल की शुरूआत की है। वह 9 वर्षों से अधिक समय से कई आईईसी के कार्यक्रमों में शामिल रहे हैं और 8 वर्षों से अधिक समय तक लीडरशिप रोल में रहे हैं। श्री महेंद्रू वर्तमान में यूएन सस्टेनेबल गोल्स (यूएन एसडीजी) के लिए आईईसी के विशेष दूत; संयुक्त राष्ट्र एसडीजी पर आईईसी बोर्ड टास्क फोर्स के सदस्य; आईईसी व्यापार सलाहकार समिति (बीएससी) के सदस्य; और कई एसएमबी संबंधित बोर्डों, रणनीतिक समूहों और एड-हॉक समूहों के लिए अध्यक्ष, संयोजक या सह-संयोजक भी हैं। वह लो वोल्टेज डायरेक्ट करंट और लो वोल्टेज डायरेक्ट करंट फॉर इलेक्ट्रिसिटी एक्सेस के लिए आईईसी सिस्टम कमेटी के अध्यक्ष भी हैं। वह आईएसओ (इंटरनेशनल स्टैंडर्ड्स ऑर्गेनाइजेशन) के तकनीकी प्रबंधन बोर्ड (टीएमबी) के पदेन आमंत्रित सदस्य भी हैं। इसके अतिरिक्त, श्री महेंद्रू वर्तमान में एक प्रबंधन सलाहकार कंपनी, वैल्यूऑन स्ट्रैटेजिक, इंडिया के सीईओ हैं; भारत सरकार के भारतीय मानक ब्यूरो के इलेक्ट्रोटेक्निकल डिविजनल काउंसिल के सदस्य, और भारतीय इलेक्ट्रिक एवं इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (आईईईएमए) के साथ सक्रिय रूप से जुड़े हुए हैं। इससे पहले, महेंद्रू लेग्रैंड इंडिया के अध्यक्ष थे और इंडो एशियन फ्यूजगियर लिमिटेड में शीर्ष पदों पर कार्यरत थे। उन्होंने अमेरिका के जॉर्ज वॉशिंगटन यूनिवर्सिटी से इंटरनेशनल बिजनेस में एमबीए और भारत के थापर कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी से इंजीनियरिंग में बैचलर्स डिग्री हासिल की है।

## आपकी बात

### निष्पक्ष व निर्भीक प्रस्तुति



दिलीप कुमार

शीर्षक 'पिछड़ा पलामू जहाँ विकास नहीं नाच गाने की होड़ मची है' के माध्यम से वरिष्ठ पत्रकार श्री सुनील बादल ने निर्भीक एवं निष्पक्ष पत्रकारिता का एक सुन्दर उदाहरण प्रस्तुत किया है। वास्तव में एक सच्चे पत्रकार को निष्पक्ष रहकर समाज की समस्याओ को उजागर करना ही चाहिए। इसलिए ही मीडिया को लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ कहा जाता है। वर्षों से उपेक्षित पलामू में जितना विकास होना चाहिए था, निश्चित ही वह नहीं हुआ। आज भी बेहतर शिक्षा, चिकित्सा आदि के लिए पलामू -गढ़वा वासियों को पलामू से बाहर जाना पड़ता है। स्पष्ट है कि राजनैतिक इच्छाशक्ति एवं प्रतिबद्धता की कमी के कारण ही पलामू का समुचित विकास नहीं हुआ। कृषि, रोजगार, के क्षेत्र में भी बहुत सुधार नहीं हुआ। और यही कारण है कि पलायन का दंश पालामूवासी लगातार झेल रहे हैं। राजनीति एवं सामाजिक सरोकार से जुड़े लोगों को वास्तव में इस दिशा में ध्यान देने की जरुरत है। मनोरंजन का भी अलग महत्व है, इससे इंकार नहीं किया जा सकता। परन्तु, नाच गानों के माध्यम से मनोरंजन की सीमा भी निर्धारित होना चाहिए। हमें यह भी देखना होगा कि ऐसे कार्यक्रमों से हमें क्या लाभ मिलनेवाला है। कला को उचित सम्मान मिलना चाहिए, इसमें अतिश्योक्ति नहीं, लेकिन जन कल्याण एवं क्षेत्र के विकास की भावना सर्वोपरि होना चाहिए। इससे न केवल इस क्षेत्र का नाम ऊपर उठेगा, बल्कि यहाँ के लोगों को पिछड़ेपन से भी निजात मिलेगी। आशा है कि हमे राष्ट्रीय नवीन मेल के माध्यम से आगे भी जन सरोकार से जुड़े ऐसे आलेख पढ़ने को मिलते रहेंगे। लेखक महोदय को धन्यवाद।






**(सहायक लेखा अधिकारी, कार्यालय रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक (पेंशन ), प्रयागराज)**

न्याय जगत

# अदालत और सरकार के बीच फंसा उपभोक्ता आयोग



**अजय खेमरिया**

**देश** में उपभोक्ता आयोगों के अध्यक्ष की नियुक्तियों को लेकर इन दिनों सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका पर सुनवाई जारी है। पिछले दिनों मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ ने अध्यक्ष के रूप में चयनित होने के लिए लिखित परीक्षा के प्रावधान को जजों की गरिमा के विरुद्ध माना। उन्होंने सरकार से इस पर जबाब मांगा है। रोचक तथ्य यह है कि लिखित परीक्षा के आदेश खुद सुप्रीम कोर्ट ने ही पिछले साल दिये थे। अब हाईकोर्ट और जिला जजों को जब सामान्य लोगों के साथ परीक्षा में बैठना पड़ा तो सुप्रीम कोर्ट को न्यायिक गरिमा का ख्याल आ गया। वस्तुतः देश में उपभोक्ता अदालतें (आयोग) 2019 के नये एक्ट के अनुरूप खुद को खड़ा नही कर पाया है। आम लोगों में अभी भी आयोगों को लेकर जागरूकता का अभाव है। शीर्ष अदालतें कानून के जमीनी प्रवर्तन के स्थान पर अनावश्यक रूप से आयोगों के गठन औ? नियुक्तियों में हस्तक्षेप कर सरकारों को इस मामले में हीला-हवाली का मौका उपलब्ध करा रही हैं। बेहतर होगा नियुक्तियों का कार्यक्षेत्र सरकारों पर ही छोड़कर अदालतें कानून के समयबद्ध एवं त्वरित प्रवर्तन पर निगाहें रखें। हाल ही में मुख्य न्यायाधीश डी.वाई.चन्द्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने राज्य एवं जिला उपभोक्ता आयोगों में रिटायर्ड न्यायाधीशों को अध्यक्ष के रूप में नियुक्ति से पूर्व आयोजित होने वाली लिखित एवं मौखिक परीक्षा को उपभोक्ता कानून की भावना के विरुद्ध माना। समझा जा रहा है कि जल्द ही सरकार इस परीक्षा के प्रावधान को खत्म कर देगी। अलबत्ता पिछले साल सुप्रीम कोर्ट ने ही ऐसी परीक्षा के आदेश दिए थे। जिसके तहत सभी स्तर के आयोगों में नियुक्ति के लिए दो लिखित परीक्षा एवं हाईकोर्ट जज की अध्यक्षता वाले बोर्ड के जरिये साक्षात्कार अनिवार्य कर दिया गया था। कई राज्यों में इसी आदेश के अनुरूप नियुक्तियों की प्रक्रिया चल रही है। अब उच्चतम न्यायालय को यह लगने लगा कि हाईकोर्ट और जिला जज के पद पर काम करने वाले लोग रिटायरमेंट के बाद परीक्षा दें, यह न्यायाधीश की गरिमा के विरुद्ध है।

> **पिछले दिनों मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ ने अध्यक्ष के रूप में चयनित होने के लिए लिखित परीक्षा के प्रावधान को जजों की गरिमा के विरुद्ध माना। उन्होंने सरकार से इस पर जबाब मांगा है।**



बोधि वृक्ष

## फल्गु नदी के किनारे पर स्थित विष्णु मंदिर

**गया** में फल्गु नदी के किनारे पर स्थित विष्णुपद मंदिर का इतिहास काफी पुराना है। इस मंदिर का वर्णन रामायण में भी है। वर्तमान में स्थित मंदिर का निर्माण इंदौर की महारानी अहिल्या बाई द्वारा कराया गया था। गया में मोक्षदायिनी फल्गु नदी के किनारे पर स्थित विष्णुपद मंदिर का इतिहास काफी पुराना है. इस मंदिर का वर्णन रामायण में भी है। इतिहासकारों की मानें तो वर्तमान में स्थित मंदिर का निर्माण इंदौर की महारानी अहिल्या बाई द्वारा कराया गया था। विष्णुपद मंदिर सोने को कसने वाला पत्थर कसौटी से बना है, जिसे गया अतरी प्रखंड के पत्थरकट्टी से लाया गया था। इस मंदिर की ऊंचाई करीब 100 फीट है। सभा मंडप में 44 पिलर हैं। इस मंदिर की भव्यता और वैभव अद्भुत है।



**मंदिर में हैं भगवान विष्णु के पद चिन्ह**


विष्णुपद मंदिर 40 सेमी लंबे पदचिह्न के लिए प्रसिद्ध है, जिसमें शंकम, चक्रम और गधम सहित नौ प्रतीक हैं। कहा जाता है कि ये भगवान विष्णु के अस्त्रों का प्रतीक हैं। विष्णुपद को धर्मशिला के नाम से भी जाना जाता है। यहां एक ठोस चट्टान पर उत्कीर्ण है और चांदी के धातु से सुसज्जित है। इन पदचिह्नों का श्रृंगार रक्त चंदन से किया जाता है। इस पर गदा, चक्र, शंख आदि अंकित किए जाते हैं। यह परंपरा भी काफी पुरानी बताई जाती है जो कि मंदिर में अनेक वर्षों से की जा रही है।

**(क्रमशः)**

## फेसबुक वॉल से

**Vasundhara Arts**
21 h ·

रंग बिरंगा ऑड्रे हाउस, जिसपर लगेगा विश्व रंगमंच दिवस पर नाटकों का मेला....



Fazal + 20 · 7 comments 68 views
Like · Comment · Send

**Fazal Imam**
Ati Sundar👍
Like Reply

## X - से

**Dr Anuj Kumar** @dranuj_k · Follow

अभी बुख़ारों का मौसम चल रहा है।

कई बार बुख़ार आते ही लोग घबरा कर ख़ुद से तरह तरह के जाँच करा लेते हैं जिससे बेवजह पैसे की बर्बादी होती है। ज़्यादातर मौसमी बुख़ार ख़ुद से ही 2-3 दिनों में ठीक हो जाते हैं।

क्या करें अगर बुख़ार आए
1) ज़्यादा से ज़्यादा आराम करें
2) बुख़ार आने पर पैरासिटमोल की गोली लें
3) ज़्यादा से ज़्यादा पेय पदार्थ लें
4) सुपाच्य भोजन लें।
ये एक ग़लत अवधारणा है की बुख़ार में चावल या अंडा नहीं ख़ाना चाहिये। आप बिलकुल ले सकते हैं।

5) पीने का पानी उबाल कर फिर ठंढा कर के पियें।
6) गरम पानी में नमक डाल कर gargle करें
7) ORS घोल का उपयोग करें

❌कब हो जायें सतर्क और तुरंत लें चिकित्सकीय परामर्श ?❌
1) अगर आप पहले से ही अन्य बीमारी से ग्रसित हैं
2) अगर दवाई से भी बुख़ार कम ना हो या 3 दिनों के बाद भी बुख़ार आये
3) बुख़ार के साथ साथ पेट दर्द, डायरिया जैसे लक्षण हों

Post your reply

अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

# खेती और सेहत पर भारी पड़ता रसायनिक उर्वरकों का अत्यधिक उपयोग



**डॉ. राजेन्द्र प्र. शर्मा**

**रासायनिक** उर्वरकों और कीटनाशकों का उपयोग खेत, खेती और सेहत पर भारी पड़ रहा है। देश में रासायनिक उर्वरकों के बढ़ते उपयोग को इसी से समझा जा सकता है कि आजादी के समय 1950-51 में देश में 7 लाख टन रासायनिक उर्वरकों का उपयोग होता था। एक मोटे अनुमान के अनुसार आज देश में 335 लाख टन से अधिक रासायनिक उर्वरकों का उपयोग हो रहा है। इसमें 75 लाख टन उर्वरकों का तो आयात करना पड़ रहा है। यूरिया से नाइट्रोजन चक्र प्रभावित होता है और उससे ग्रीन हाउस गैस का उत्सर्जन बढ़ने से पर्यावरण प्रभावित होता है। दरअसल समस्या की जड़ दूसरी ओर है और वह यह कि उर्वरकों के संतुलित उपयोग के स्थान पर अंधाधुंध उपयोग से अधिक हालात खराब हुए हैं। देश में उर्वरकों की खपत का विश्लेषण किया जाय तो केन्द्र शासित प्रदेशों सहित 797 जिलों में से केवल ओर केवल 292 जिलों में ही देश में उर्वरकों की कुल खपत की 83 फीसदी उर्वरकों की खपत हो रही है। यह अपने आप में गंभीर है। ऐसा नहीं है कि सरकार इसे लेकर गंभीर नहीं है अपितु सरकार ने उर्वरकों के अत्यधिक प्रयोग से होने वाले दुष्प्रभावों को देखते हुए ही 2004 में यूरिया के अत्यधिक उपयोग से होने वाले दुष्प्रभाव के अध्ययन के लिए सोसायटी फॉर कंजर्वेशन ऑफ नेचर की स्थापना की। दुनिया की सहकारी क्षेत्र की उर्वरक उत्पादक सहकारी समिति इफको द्वारा नैनो उर्वरक तैयार कर उनकी उपलब्धता व उपयोग बढ़ाने के प्रयास इसी दिशा में बढ़ते प्रयासों में से एक माना जा सकता है। रासायनिक उर्वरकों के संतुलित उपयोग के लिए केन्द्र व राज्यों के कृषि मंत्रालयों द्वारा सावचेत किया जाता रहा, पर यह नाकाफी होने के साथ ही सही मायने में प्रभावी तरीके से अवेयरनेस कार्यक्रमों का संचालन नहीं हो पा रहा है। आज पंच नदियों के प्रदेश में तेजी से जलस्तर कम होता जा रहा हे। पंजाब के लोग ही पंजाब में उत्पादित गेहूं को अन्य प्रदेशों में खपाने और दूसरे प्रदेशों से गेहूं मंगाकर उपयोग में लेने लगे हैं।

> **देश में उर्वरकों की खपत का विश्लेषण किया जाय तो केन्द्र शासित प्रदेशों सहित 797 जिलों में से केवल ओर केवल 292 जिलों में ही देश में उर्वरकों की कुल खपत की 83 फीसदी उर्वरकों की खपत हो रही है।**

टेक वर्ल्ड

## फ्लिपकार्ट ने लांच किया खुद का यूपीआई

फ्लिपकार्ट ने एक्सिस बैंक के साथ मिलकर अपना यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस यानी वढक सर्विस लॉन्च किया है। फ्लिपकार्ट यूपीआई सर्विस शुरूआत में एंड्रोयड यूजर्स के लिए उपलब्ध होगी और इसका इस्तेमाल ऑनलाइनल और ऑफलाइन पेमेंट के लिए किया जा सकता है।




ई-कॉमर्स कंपनी फ्लिपकार्ट ने एक्सिस बैंक के साथ मिलकर अपना यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस यानी UPI सर्विस लॉन्च किया है। फ्लिपकार्ट यूपीआई सर्विस शुरूआत में एंड्रोयड यूजर्स के लिए उपलब्ध होगी और इसका इस्तेमाल ऑनलाइनल और ऑफलाइन पेमेंट के लिए किया जा सकता है। वहीं अब ग्राहक अब सीधे फ्लिपकार्ट ऐप से बिलों का भुगतान और फंड ट्रॉसफर कर सकते हैं। फ्लिपकार्ट यूपीआई अन्य पॉपुलर थर्ड-पार्टी यूपीआई ऐप्स जैसे Paytm, Phonepay, Google Pay और अमेजन पे से प्रतिस्पर्धा करेगा। फ्लिपकार्ट इंडिया के मुख्य कॉर्पोरेट मामलों के अधिकारी रजनीश कुमार ने पर फ्लिपकार्ट के अपने यूपीआई हैंडल के लॉन्च की घोषणा की। जैसा कि बताया गया है कि, कंपनी ने इस सर्विस के लिए एक्सिस बैंक के साथ साझेदारी की है और ये वर्तमान में एंड्रॉयड यूजर्स तक सीमित है। ग्राहक फ्लिपकार्ट ऐल का इस्तेमाल करके अपने डिजिटल लेनदेन के लिए @fkaxis हैंडल से फ्लिकार्ट यूपीआई सर्विस के लिए रजिस्टर कर सकते हैं। फ्लिपकार्ट यूपीआई सर्विस का इस्तेमाल किसी भी प्रोडक्ट या सर्विस के पेमेंट, रिचार्ज और बिल पेमेंट के लिए किया जा सकता है।

**(क्रमशः)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## एक नजर

### खजूरतला की वोटर लिस्ट में सेमरबुढ़नी के सात वोटरों के नाम

**महुआडांड़।** प्रखंड की चैनपुर पंचायत के खजूरतला (पोटमाडीह) गांव की वोटर लिस्ट में सेमरबुढ़नी गांव के 7 लोगों का नाम बीएलओ द्वारा दर्ज किया गया है। खजूरतला के ग्राम प्रधान आनंद कुमार बेक ने इस पर आपत्ति जताते हुए कहा कि बीएलओ ने जान बुझकर गलती की है। उन्होंने जल्द से जल्द वोटर लिस्ट में सुधार करते हुए महुआडांड़ प्रखंड विकास पदाधिकारी से बीएलओ पर कार्रवाई की मांग की है।

### घर के पास खड़ी मोटरसाइकिल चोरी

**बालूमाथ।** थाना से महज कुछ दूरी पर स्थित बुनियादी विद्यालय के पास घटी है। पीड़ित निर्मल यादव ने बालूमाथ थाने में एक आवेदन देकर बताया है कि उसके घर के पास से बाइक रात में चोरों ने चोरी कर ली है। सोमवार रात्रि लगभग समय 1:38 बजे चोरों ने घटना को अंजाम दिया है। वारदात सड़क पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। मोटरसाइकिल चोरी होने से पीड़ित निर्मल परेशान है, क्योंकि डिक्की में बैंक का पासबुक और जरूरी दस्तावेज हैं। पीड़ित ने इस संबंध में थाने में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस अग्रेतर कार्रवाई में जुट गई है।

### डीसी ने जनता दरबार में सुनीं 20 शिकायतें

**लातेहार।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी गरिमा सिंह ने मंगलवार को साप्ताहिक जनता दरबार में जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र से आए फरियादियों की समस्याओं को सुना। उपायुक्त ने सभी को अश्वासन दिया कि उनकी सभी शिकायतों की जल्द से जल्द जांच कराते हुए शिकायतों का समाधान किया जाएगा। बता दें कि जनता दरबार में कुल 20 आवेदन प्राप्त हुए, जो मुख्य रूप से आवास, जमीन विवाद, रोजगार, शिक्षा आदि से संबंधित थे। उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को अग्रसारित कर जल्द से जल्द निष्पादित करने का निर्देश दिया।

### 13 लाभुकों के बीच बकरी का वितरण



**बारियातु।** मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत प्रखंड सह अंचल कार्यालय स्थित पशुपालन कार्यालय परिसर से मंगलवार को जिला परिषद सदस्य रमेश राम, बीस सूत्री अध्यक्ष राजेंद्र गंझू, प्रमुख उर्मिला देवी, पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर सुशिला वागे ने संयुक्त रूप से 13 लाभुकों के बीच बकरी तथा बकरे का वितरण किया। मौके पर काजल कुमारी, मुमित्रा देवी, मनोज राम, प्रदीप राम, बनवारी राम, मेघलाल गंझू मौजूद थे।

### 80 मरीजों की जांच

**चतरा।** सदर अस्पताल में दिव्यांगता जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें कूल 80 मरीजों की जांच की गई। करीब एक दर्जन मरीजों को जांच के लिए हजारीबाग एवं रांची रेफर किया गया। शिविर के सफल आयोजन में सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. मनीष लाल, डॉ. अरविंद केशरी, डॉ. शोभोजीत हलदर, डॉ. अनुराधारा कुमारी, दिनेश कुमार, पारा मेडिकल कर्मी अजय कुमार, निरंजन कुमार, नीरज कुमार ने भूमिका निभाई।

मत्स्यजीवी सहयोग समिति के आग्रह पर सहकारिता पदाधिकारी ने किया निरीक्षण, स्थिति देख हुईं चिंतित

# खतरे में जगराहा डैम का अस्तित्व

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**

शहर के जगराहा डैम में मत्स्य पालन कर रही मत्स्यजीवी सहयोग समिति लिमिटेड के आग्रह पर जिला सहकारिता पदाधिकारी जगमनी टोपनो चंदवा शहर की वाटर लाइफ लाइन कहे जाने वाले जगराहा डैम का निरीक्षण किया। वह मंगलवार को प्रखंड कार्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होने पहुंची थीं, जहां समिति के सदस्यों ने उनसे जगराहा डैम की समस्या से अवगत होने का आग्रह किया था। उनके साथ सहकारिता प्रसार पदाधिकारी सुदर्शन प्रसाद, ईभा देवी आदि मौजूद थे। उन्होंने डैम की स्थिति देख चिंता व्यक्त की।

समिति के सदस्यों ने बताया कि इस डैम में मछली पालन कर लगभग एक सौ परिवारों का जीविकोपार्जन चलता था लेकिन वर्तमान समय में यहां पर जलकुंभीय पौधों की वजह से मछली पालन का कार्य विगत दो वर्षों से बंद है। अगर जल्द ही डैम की सफाई नहीं कराई गई तो इस डैम का अस्तित्व ही खतरे में पड़ जायेगा। इसके साथ मत्स्य जीवी सहयोग समिति के सदस्यों के समक्ष भी विकट स्थिति उत्पन्न हो जायेगी। समिति की बात सुनने के बाद जिला सहकारिता पदाधिकारी ने कहा कि वे इस बात को लेकर जल्द ही उपायुक्त गरिमा सिंह से मिलेंगी और उन्हें जगराहा डैम की समस्या से अवगत कराया जायेगा और अगर जरूरत पड़ी तो वे विभाग के उच्च अधिकारियों को डैम को विकसित करने के संबंध में पत्राचार भी करेंगे।



### तत्कालीन डीसी ने विकसित करने के लिए की थी पहल, तबादला होते ही ठंडे बस्ते में योजना

तत्कालीन डीसी अबु इमरान द्वारा जगराहा डैम को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने को लेकर पहल की गई थी। इसको लेकर राष्ट्रीय पर्यटन दिवस के अवसर पर तत्कालीन एसडीओ शेखर कुमार ने जगराहा डैम को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की घोषणा भी की थी। इसके बाद अधिकारियों के एक दल ने डैम का निरीक्षण भी किया था। उक्त डैम को विकसित करने को लेकर वाटर ट्रीटमेंट, कैंटीन, पार्किंग, पेबर ब्लॉक कार्य आदि से संबंधित निविदा भी निकाली जा चुकी थी। पेबर ब्लॉक का काम भी हो चुका है। इसी बीच डीसी अबु इमरान का तबादला हो गया और यह योजना ठंडे बस्ते में चली गई। वर्तमान समय में जलकुंभीय पौधों की वजह से उक्त डैम एक खेल मैदान के रूप में दिखाई पड़ता है। निरीक्षण के दौरान मौके पर समिति के असगर अली, मो सरफराज समेत हरि कुमार भगत, जितेंद्र सिंह आदि मौजूद थे।



**खतरे में है अस्तित्व :** कभी न सूखने वाले उक्त डैम की स्थिति दिन ब दिन दयनीय होती जा रही है। किसी जमाने में यह डैम लबालब भरा रहता था, लेकिन आज यह सूखने के कगार पर है। लगातार हो रहे अतिक्रमण व वाटर लिकेंज टूटने से यह स्थिति उत्पन्न हुई है। बताया जाता है कि उक्त डैम का निर्माण 60 के दशक में मिशन द्वारा कराया गया था। यह विस्तृत भूभाग में फैला हुआ है। यह डैम आसपास के क्षेत्र के वाटर लेवल को रिचार्ज करता है। बुजुर्गों की माने तो निर्माण के बाद से अबतक यह डैम कभी सूखा नहीं है लेकिन अब डैम की स्थिति चिंताजनक बनती जा रही है। डैम पूरी तरह से जलकुंभी व जलीय पौधे से ढक चुकी है। ऑक्सीजन की कमी से मछलियों व अन्य जीव जंतुओं पर भी आफत आ गई है। अगर समय रहते डैम की सफाई नहीं कराई गई तो आने वाले समय में शहर में पानी की समस्या विकराल रूप धारण कर सकती है।

**नहीं हो पा रहा है मछली पालन का कार्य :** जगराहा डैम में मछली पालन का कार्य कर रहे मत्स्य जीवी सहयोग समिति लिमिटेड के सामने भी स्थिति दयनीय हो गई है। मछली पालन का कार्य कर रहे सदस्यों ने बताया कि समिति द्वारा हर वर्ष डैम में मछली का जीरा डाला जाता था, जिससे हमलोगों का जीवकोपार्जन चलता था पर अब डैम पूरी तरह से जलकुंभी पौधों से ढक चुका है, जिसकी वजह से डैम में मछली पालन का कार्य पूरी तरह बंद पड़ा हुआ है।

# जिला अधिवक्ता संघ के चुनाव को लेकर उम्मीदवारों ने किया नामांकन

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**



जिला अधिवक्ता संघ के चुनाव को लेकर जिले के व्यवहार न्यायालय में कार्यरत सभी अधिवक्ताओं ने विभिन्न पदों पर चुनाव लड़ने के लिए नामांकन कर रहे हैं। 16 मार्च को संघ का चुनाव होना है, जिसमें अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महासचिव संयुक्त सचिव, कोषाध्यक्ष, उपकोषाध्यक्ष एवं कार्यकारिणी सदस्य के पद पर चुनाव कराए जाएंगे। संघ के अध्यक्ष पद के लिए दुखी प्रसाद, राजेंद्र कुमार और रमेश जायसवाल सहित चार लोगों ने नामांकन किया है, जबकि उपाध्यक्ष पद के लिए सत्येंद्र सिंह, जमाल अहमद और अरविंद सिंह ने नामांकन किया है। महासचिव के लिए आशुतोष कुमा, सुबोध मिश्रा और मुरली मनोहर मिश्रा ने नामांकन किया है। वहीं संयुक्त सचिव के पद के लिए राजीव कुमार श्रीवास्तव, कामेश्वर प्रसाद, प्रमोद शर्मा, अमर कुमार और मोहम्मद आलमगीर ने नामांकन किया है। कोषाध्यक्ष और उपकोषाध्यक्ष के लिए रवि कुमार, गणेश पंडित और समर संकल्प ने नामांकन किया है। इसके साथ ही कार्यकारिणी सदस्य के लिए 9 लोगों ने नामांकन किया है। महासचिव पद के लिए नामांकन करने वाले सुबोध मिश्रा ने बताया कि अधिवक्ता हित के लिए लंबित कार्यों को पूरा करना हमारी प्राथमिकता होगी।

### यदुनंदन बने कान्य कुंज ब्राह्मण महासभा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य

**गिद्धौर।** प्रखंड मुख्यालय निवासी यदुनंदन पांडेय को कान्य कुंज ब्राह्मण महासभा झारखंड प्रदेश कार्यकारिणी का सदस्य बनाया गया है। पांडेय को समाज के प्रखंड अध्यक्ष संजय कुमार पांडेय, बनवारी पांडेय, प्रदीप पांडेय, पंकज पांडेय, शंभू पांडेय, मुन्नी पांडेय, महावीर पांडेय, जमुना पांडेय, कामदेव पांडेय, जगदेव पांडेय, लखन पांडेय, सूर्यदेव व राजकुमार पांडेय आदि ने बधाई दी है।

## युवा व्यवसायी के दस क्रम में शामिल हुए सैकड़ों लोग

**नवीन मेल संवाददाता। गिद्धौर**

प्रखंड के बारीसाखी गांव निवासी सह युवा व्यवसायी रामदेव यादव के दस क्रम में मंगलवार को भारी संख्या में लोग शामिल हुए। वहीं पंचायत भवन के समीप शोक सभा का आयोजन किया गया, जिसमें झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी, सिमरिया के पूर्व विधायक योगेंद्र नाथ बैठा मुख्य रूप से उपस्थित थे। ज्ञात हो कि 25 फरवरी को कार दुर्घटना में रामदेव यादव का निधन हो गया था। शोक सभा में दिवंगत के भाई वीरेंद्र यादव, जिला परिषद सदस्य चंद्रदेव गोप, व्यवसायी आशीष, प्रमोद कुमार, ब्रजेश सिन्हा आदि शामिल थे।




# सीएस ने किया स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता। बारियातु**

प्रखंड के बालूभांग, गोनिया, मकरा, बारियातु, मनातू सहित बालूमाथ के सभी स्वास्थ्य उपकेंद्रों में सीएस अवधेश कुमार सिंह, डीडीएम अखलेश्वर सिंह, आईडीपीएस वेद प्रकाश, डीपीसी आशीष डिन, यूनिसेफ के धनंजय व बालूमाथ सीएचसी प्रभारी प्रकाश बड़ाइक ने निरीक्षण किया। एएनएम, सीएचओ बीटीटी व सहिया साथी से गर्वती महिलाओं के पंजीकरण, प्रसव, नियमित टिकाकरण सहित स्वास्थ्य संबंधित विभिन्न जानकारी ली। जिस उपकेंद्र में सीएनसी का कार्य शत प्रतिशत पूर्ण नहीं हुआ है वैसे संबंधित स्वास्थ्य उपकेंद्र के एएनम, बीटीटी, सीएचओ व सहिया साथी को ससमय कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। पीएचसी बारिखाप में सीपीएचसी मॉडल एमएनएस व ओईईई का चल रहे आठ दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण शिविर में एएनएम, बीटीटी, सीएचओ व सहिया साथी को कार्य अविलंब पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। मौके पर बीपीएम मृतुन्जय, बंधु उरांव, पंकज पांडेय, दिलीप दांगी आदि मौजूद थे।



### जिप उपाध्यक्ष ने सीएस की कार्यशैली पर उठाए सवाल

**नवीन मेल संवाददाता। बरियातु**

निजी नर्सिंग होम मां उग्रतारा में झोलाछाप डॉक्टर द्वारा महिला की सिजेरियन के बाद मौत होने पर जिप उपाध्यक्ष अनीता देवी ने बताया कि संगीता देवी की हत्या की गई है। झोलाछाप एवं उसके संचालक पर हत्या का मामला दर्ज करते हुए कार्रवाई की जानी चाहिए। पूर्व में भी उन्होंने उपायुक्त को पत्र लिखकर और जिले के सिविल सर्जन से मामले की जांच कर अवैध कार्य करने वाले निजी नर्सिंग होम पर कार्रवाई की मांग की थी। लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं होना अत्यंत दुखद और चिंताजनक है। उन्होंने सिविल सर्जन को कहा कि यदि आप तुरंत कार्रवाई नहीं करते हैं तो फिर आपके विरुद्ध कार्रवाई के लिए सरकार को पत्र लिखेंगे। ज्ञात हो कि अनीता देवी ने पूर्व में सिद्धेश्वर मिस्त्री की पत्नी के घटनाक्रम से उपायुक्त को अवगत कराया था। उपायुक्त ने सिविल सर्जन को जांच के लिए आदेशित किया था। अनीता ने बताया कि सिविल सर्जन की कार्यशैली से ऐसा प्रतीत होता है कि वह निजी नर्सिंग होम को संरक्षण दे रहे हैं और यदि ऐसा होता है तो हम चुप नहीं बैठेंगे।

### युवा कांग्रेस की बैठक में यूथ जोड़ो बूथ जोड़ो पर हुई चर्चा

**बरवाडीह।** प्रखंड कांग्रेस कार्यालय में मंगलवार को युवा कांग्रेस की बैठक यूथ कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह की अध्यक्षता में हुई। इसमें युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष अमित यादव मुख्य रूप से उपस्थित थे। आसन्न लोकसभा चुनाव की तैयारी हेतु चर्चा हुई। बैठक में यूथ जोड़ो बूथ जोड़ो कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर सभी युवा कांग्रेस के सदस्यों को अपने-अपने बूथों पर कोई कम से कम पांच युवा कार्यकर्ताओं को जोड़ने का निर्देश दिया गया। बैठक में सभी युवा कांग्रेस सदस्यों को संगठित होकर लोकसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी को एकजुट होकर जिताने के लिए काम करने हेतु कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में मुख्य रूप से यूथ कांग्रेस के प्रदेश कोऑर्डिनेटर झारखंड सह जिला उपाध्यक्ष लातेहार हिमांशु गुप्ता रिक्की, युवा कांग्रेस मनिका विधानसभा अध्यक्ष मिथिलेश पासवान, मनिका विधानसभा उपाध्यक्ष राहुल गुप्ता, आलोक सिंह, दीपक सिंह, अजीत कुमार राहुल गुप्ता आदि शामिल थे।

### अबुआ योजना में अनियमितता की जांच की मांग

**चतरा।** गिद्धौर प्रखंड के उप प्रमुख प्रीतम यादव एवं जिला पंचायत समिति संघ के लोगों ने अबुआ आवास में हो रही अनियमितता को लेकर उप विकास उपयुक्त पवन कुमार मंडल को ज्ञापन सोपा है। ज्ञापन में लिखा है कि आवास विहीन व कच्चा मकान वाले व्यक्तियों को आवास मुहैया किया जाना था, किंतु ग्राम सभा में प्राथमिकता के आधार पर चयनित लोगों से अलग व्यक्तियों का जीओ टैग कर लाभुकों का चयन किया गया है। इसकी सूचना पंचायत समिति सदस्यों को नहीं है। जिसका भी जियो टैग किया गया है उसकी सूची सभी पंचायतों में उपलब्ध कराने व जांच की मांग की है।

# मतदाताओं को किया गया जागरूक

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

लोकसभा आम चुनाव को लेकर मंगलवार को मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से समाहरणालय परिसर में स्वीप कार्यक्रम के तहत हस्ताक्षर अभियान का आयोजन किया गया। इसमें उप विकास आयुक्त पवन कुमार मंडल, उप निर्वाचन पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी सुरेंद्र उरांव, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सन्नी राज, जिला स्वीप नोडल सह भू अर्जन पदाधिकारी चतरा वैभव सिंह, जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्र आदि ने बोर्ड पर हस्ताक्षर कर मतदाताओं को जागरूक किया।




**उप विकास आयुक्त ने दिए दिशा निर्देश :** समाहरणालय में उप विकास आयुक्त पवन मंडल की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक की गई। इसमें लोक सभा चुनाव की समीक्षा करते हुए सभी नोडल पदाधिकारी, सहायतार्थ पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि आम चुनाव के अंतर्गत अपने-अपने कोषांगों के कार्यों का निवर्हन करेंगे। प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि कर्मियों को प्रशिक्षण रोस्टर अनुसार समय-समय पर बेहतर रूप से दिया जाय। सभी नोडल पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी क्रियाशील कोषांग जहां गठित की गई है वहां अपने कोषांगों में सभी कार्यों का निष्पादन करेंगे। बैठक में मुख्य रूप से अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, निदेशक डीआरडीए, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा, सिमरिया समेत सभी कोषांगों के नोडल पदाधिकारी एवं सहायतार्थ पदाधिकारी उपस्थित थे।


## झारखण्ड शिक्षा परियोजना, गढ़वा

**आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2024–25 में जिले के 14 कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय–गढ़वा, मेराल, डंडई, रमना, नगर उँटारी, धुरकी, भवनाथपुर, खरौन्धी, कांडी, मझिआंव, रंका, चिनियां, रमकण्डा, भण्डरिया एवं 5 झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालय– डण्डा, बरडीहा, केतार, बिशुनपुरा, सगमा तथा नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय रंका में खाद्य–अखाद्य, हरी सब्जी, मछली, चिकेन, दूध, पनीर, पोशाक व अन्य वस्त्र, स्टेशनरी आदि आपूर्ति हेतु संस्थाओं/प्रतिष्ठानों से विद्यालयवार निविदा द्विलिफाफा पद्धति के माध्यम से दिनांक–27.02.2024 को जमा करायी जानी थी, जिसे अपरिहार्य कारणों से आवश्यक सूचना पत्रांक–226 दिनांक–26.02.2024 के माध्यम से स्थगित की गई। अब उक्त निविदा बिड जमा करने एवं खालने की तिथि निम्नरुपेण निर्धारित किया जाता है–

- निविदा बिड जमा करने की तिथि–07.03.2024 पूर्वा0 09:00 बजे से मध्याह्न 12:00 बजे तक।
- जिला क्रय समिति द्वारा निविदा बिड खोलने की तिथि–07.03.2024 के अप0 12:30 बजे।

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
झारखण्ड शिक्षा परियोजना, गढ़वा।

PR 321596 Human Resource Developement(23-24)D

## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय गढ़वा।

**आवश्यक सूचना।**

**(चोरी गयी सुपर स्पलेण्डर मोटर साईकिल, रंग–काला/सिल्वर)**

गढ़वा थाना कांड सं0–94/24 दिनांक–20.02.2024, धारा–379, भा0द0वि0 में चोरी गयी मोटर साईकिल सुपर स्पलेण्डर (रंग–काला/सिलवर) जिसका रजि0 न0–JH14J3861 का दिनांक– 20.02.2024 को अज्ञात अपराधकर्मी द्वारा चोरी कर लिया गया है। जिसकी बरामदगी अबतक नहीं हो पाई है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त चोरी गयी मोटरसाईकिल के बारे में किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की सूचना प्राप्त हो, तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) गढ़वा के मो0नं0–9431706284 अथवा पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0–9431706281 पर सूचित करने का कष्ट करेंगे।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा।

PR 321568 (Police) 23-24 (D)

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, मेदिनीनगर

**आम सूचना- I**

**नियंत्रण कक्ष की स्थापना संबंधी सूचना**

पलामू जिला अन्तर्गत साधारण मरम्मति हेतु बन्द नलकूपों को चालू कर पेयजल सुविधा उपलब्ध कराने हेतु प्रखण्डवार नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। आम नागरिकों से अनुरोध है कि अपने–अपने प्रखण्ड से संबंधित शिकायत प्रखण्ड के विरूद्ध नामित सहायक अभियंता/प्राक्कलन पदाधिकारी/कनीय अभियंता के मोबाईल नम्बर पर शिकायत दर्ज कराना चाहेंगे।

(क) प्रमंडल स्तर पर नियंत्रण कक्ष : E-mail ID – eedwsd.medininagar@gmail.com

| क्र0 सं0 | नियंत्रण कक्ष स्थल | नियंत्रण कक्ष का दूरभाष/मोबाईल नं0 |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर का कार्यालय, E.E - Mob. & Whatsapp No. 7543089612 | मो0 सलीम अंसारी, निम्न वर्गीय लिपिक – 9939186845<br>मो0 फैसल आलम, निम्न वर्गीय लिपिक – 7488425718<br>श्री मनोज कुमार सिंह, निम्न वर्गीय लिपिक – 9153725151 |
| 2 | राज्य स्तरीय Call Centre | 1800-3456-502 (Toll Free no.) & Mob No. 9470176901<br>E-mail ID – callcentredwsd.jharkhand@gmail.com |

(ख) अवर प्रमंडल स्तर पर नियंत्रण कक्ष

| क्र0 सं0 | नोडल पदाधिकारी का नाम | प्रखंड का नाम | मोबाईल नं0 |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री हरेराम सिंह<br>सहायक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमंडल, मेदिनीनगर। | मेदिनीनगर, सतबरवा, चैनपुर, रामगढ़, पाटन, पड़वा, विश्रामपुर, नावा बाजार, पाण्डु, उंटारी रोड, | 9031196860 |
| 2. | श्री राजेश कुमार सिंह<br>सहायक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमंडल, जपला/पाँकी। | लेस्लीगंज, मनातू, तरहसी, पाँकी, हुसैनाबाद, हैदरनगर, मोहम्मदगंज, हरिहरगंज, पीपरा, छतरपुर, नौडीहा बाजार | 8987526732 |
| 3. | श्री सतीश कुमार<br>कनीय अभियंता | चैनपुर, रामगढ़ | 7909050800 |
| 4. | श्री ददन राम,<br>कनीय अभियंता | विश्रामपुर, नावा बाजार, पाण्डु, उंटारी रोड, मनातू, तरहसी, लेस्लीगंज | 7250723350 |
| 5. | श्री सरयु प्रसाद मेहता,<br>कनीय अभियंता | हुसैनाबाद, हैदरनगर, मोहम्मदगंज, हरिहरगंज, पीपरा, पाटन, पड़वा, पाँकी, छतरपुर, नौडीहा बाजार | 9430186764<br>9973457140 |

उपर्युक्त के अलावे सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी के कार्यालय में शिकायत पंजी संधारित करने की व्यवस्था की गयी है, जिसमें चापाकल मरम्मति की शिकायतें दर्ज करायी जा सकती है, जो कि प्रखण्ड विकास पदाधिकारी के माध्यम से पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यालय के संबंधित अधिकारियों को सूचना प्राप्त हो सकेंगी तथा चापाकल मरम्मति यथाशीघ्र सुनिश्चित की जायेगी।

**अपनी शिकायत 9939186845 No. पर Whats app के जरिये भी भेज सकते हैं।**

!! जल बचाओं, जीवन बचाओं !! !! बूंद – बूंद अनमोल, पलामू !!

(रामेश्वर गुप्ता)
कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, मेदिनीनगर

PR 321587 Drinking Water and Sanitation (23-24)_D


## कार्यक्रम: निवर्तमान प्रखंड विकास पदाधिकारी को दी गई भावपूर्ण विदाई

# आम व खास सबके चहेते थे बीडीओ साकेत सिन्हा

**नवीन मेल संवाददाता। मयूरहंड**

निवर्तमान बीडीओ साकेत कुमार सिन्हा को प्रखंड कार्यालय में समारोह आयोजित कर भावपूर्ण विदाई दी गई। इसका आयोजन मुखिया संघ, डीलर संघ, मनरेगा व प्रखंड सह अंचल कर्मियों द्वारा किया गया, जिसमें प्रमुख मिक्की देवी, समाजसेवी शिवकुमार सिंह, विधायक प्रतिनिधि अनिल कुमार सिंह, समाजसेवी संजय कुमार सिंह, भाजपा नेता अश्विनी कुमार सिंह, मुखिया मंजीत सिंह, अशोक कुमार भुईयां, रामनाथ यादव, अजय कुमार भुईयां, पूर्व मुखिया इशाक अंसारी, बीस सूत्री अध्यक्ष रामभरोष यादव, डीलर संघ के अध्यक्ष सतेंद्र कुमार सिंह ने बीडीओ को बुके और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। वक्ताओं ने बीडीओ की प्रशंसा करते हुए कहा कि इन्होंने आम और खास दोनों का समान रूप से सम्मान किया और उनके कार्यों का निष्पादन किया। साथ ही आमजनों के लिए सदा उपलब्ध रहकर कल्याणकारी कार्यों का निष्पादन किया। इनकी सबसे बड़ी उपलब्धि स्वतंत्रता और गणतंत्र दिवस समारोह के भव्य आयोजन की शुरुआत स्टेडियम में प्रारंभ कराना रही, जिसमें स्थानीय विद्यालयों, झारखंड आवासीय विद्यालय के छात्राओं द्वारा शानदार झांकी निकाली गई और सांस्कृतिक कार्यक्रम में बढ़ चढकर भाग लिया गया और उन्हें पारितोषिक देकर सम्मानित किया गया। प्रखंड, पुलिस प्रशासन और प्रेस के बीच आपसी सौहार्द कायम रखने के लिए फुटबॉल और क्रिकेट के दोस्ताना मैच का आयोजन किया गया। इन्होंने भद्रकाली महोत्सव में भी अपनी कला से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मौके पर समाजसेवी सीताराम सिंह, ईश्वरी मेहता, पंचायत समिति सदस्य रामटहल गुप्ता, डीलर विकास सिंह, रामरक्षा सिंह, बीपीओ राजीव रंजन सिंह आदि मौजूद थे।



## होम डेब्यू से पहले दिल्ली कैपिटल्स का हुआ भव्य स्वागत




**एजेंसी। नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स महिला टीम का राष्ट्रीय राजधानी पहुंचने पर टीम के आधिकारिक फैन क्लब, डीसी टोली द्वारा भव्य स्वागत किया गया। 2023 में महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के अस्तित्व में आने के बाद डीसी पहली बार अपने घरेलू मैदान पर खेलेगी।

लीग का पहला भाग बेंगलुरु में आयोजित किया गया था। डब्ल्यूपीएल का दिल्ली चरण मंगलवार से अरुण जेटली स्टेडियम में शुरू होगा। मेग लैनिंग की अगुवाई वाली घरेलू टीम दिल्ली कैपिटल्स आज शाम अपने घरेलू मैदान अरुण जेटली स्टेडियम में अपने पहले मैच में मुंबई इंडियंस से भिड़ेगी।

टूर्नामेंट के उद्घाटन संस्करण में फाइनल में पहुंचने वाली कैपिटल्स वर्तमान में चार मैचों में तीन जीत के बाद छह अंकों के साथ तालिका में शीर्ष पर है।

### मेग लैनिंग ने अपने संन्यास के बाद की योजनाओं पर कहा

## किसी भी चीज में जल्दबाजी नहीं करूंगी

**एजेंसी। नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया की पूर्व कप्तान मेग लैनिंग, जो मौजूदा महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में दिल्ली कैपिटल्स का नेतृत्व कर रहीं हैं। उन्होंने स्वीकार किया है कि वह अपनी अंतरराष्ट्रीय सेवानिवृत्ति के बाद कुछ अलग विकल्प तलाश रही हैं, लेकिन किसी भी चीज में जल्दबाजी नहीं करेंगी।

लैनिंग ने उस समय आश्चर्यचकित कर दिया जब उन्होंने पिछले साल के अंत में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया और 31 वर्षीय खिलाड़ी केवल कुछ समय के लिए ऑस्ट्रेलिया में घरेलू प्रतियोगिताओं में दिखाई दीं।

हाल के दिनों में उन्होंने भारत में अपने जीवन के अगले चरण को अपना लिया है और मौजूदा डब्ल्यूपीएल में दिल्ली कैपिटल्स की कप्तान बन गई हैं। जहां वह अपनी टीम के लिए बल्लेबाजी क्रम के शीर्ष पर शानदार फॉर्म में हैं। उन्होंने अब तक टूर्नामेंट में 117.46 की प्रभावशाली स्ट्राइक रेट से 146 रन बनाए हैं।



उस फॉर्म ने कैपिटल्स को चार मैचों में तीन जीत के साथ डब्ल्यूपीएल तालिका में शीर्ष पर पहुंचने में मदद की है और लैनिंग ने कहा कि वह ऑस्ट्रेलिया के पूर्व साथियों एनाबेल सदरलैंड और जेस जोनासेन के साथ टीम में अपनी भूमिका का आनंद ले रही हैं।

आईसीसी ने लैनिंग के हवाले से कहा मैं बस क्रिकेट खेलने का आनंद ले रही हूं। दिल्ली के साथ बहुत अच्छा समय बिता रही हूं हमारे पास खिलाड़ियों और कर्मचारियों की एक बहुत अच्छी टीम है जो इसे एक अच्छा माहौल बनाती है। मुझे लगता है कि थोड़ा कम दबाव और अपेक्षा है। मैं खेल में योगदान देने और टीम को जीत दिलाने के इरादे से ही आयी हूं।

उन्होंने आगे कहा तो ऐसा करने में सक्षम होना अच्छा रहा। मुझे लगता है कि हम जिस तरह से खेल रहे हैं उसमें थोड़ा सुधार की जरूरत है, मैं पूरी तरह संतुष्ट नहीं हूं लेकिन योगदान देना अच्छा रहा है। जैसा कि मैंने कहा मैं बस कुछ मौज-मस्ती करने और आनंद लेने की कोशिश कर रही हूं।

उन्होंने कहा वास्तव में मेरे पास अभी तक ऐसा करने (नई चीजें तलाशने) के लिए ज्यादा समय नहीं है। जाहिर तौर पर ऑस्ट्रेलिया में घरेलू क्रिकेट खेल रही हूं और फिर यहां डब्ल्यूपीएल खेल रही हूं। एक बार टूर्नामेंट खत्म होने के बाद, समय का एक बड़ा हिस्सा होगा। यह संभवतः मुझ पर अधिक प्रभाव डालेगा और आप जानते हैं। इसके साथ थोड़ा और अधिक समझौता करना होगा।

### खबरें व्यापार जगत की

## एलन मस्क को पछाड़ फिर दुनिया के सबसे अमीर शख्स बने जेफ बेजोस



**एजेंसी। नई दिल्ली।** टेस्ला प्रमुख एलन मस्क को पछाड़कर जेफ बेजोस फिर दुनिया के सबसे अमीर शख्स बन गये हैं। बेजोस ने लंबे समय तक सबसे अमीर शख्स रहने वाले मस्क का यह ताज अब छीन लिया है। बेजोस 200.3 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ पहले स्थान पर हैं जबकि मस्क 197.7 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ दूसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स की रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया के सबसे अमीर शख्स जेफ बेजोस 200.3 बिलियन डॉलर की दौलत के साथ टॉप पर हैं। वहीं, एलन मस्क अब 197.7 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ दूसरे नंबर पर हैं। इससे पहले लगातार 9 महीने से एलन मस्क दुनिया के सबसे अमीर शख्स बने हुए थे। वहीं, भारत के अरबपति कारोबारी मुकेश अंबानी 11वें पायदान पर हैं।

मुकेश अंबानी की दौलत ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स के मुताबिक 115 अरब डॉलर है। वे इस साल अब तक 18.2 अरब डॉलर की दौलत अपनी नेटवर्थ में जोड़ चुके हैं। इसी तरह भारत के ही एक और अरबपति कारोबारी गौतम अडानी इस सूची में 12वें नंबर पर हैं और उनके पास फिलहाल 104 अरब डॉलर की नेटवर्थ है।

## ग्लोबल मार्केट से सुस्त संकेत, एशिया में मिला जुला कारोबार

**नई दिल्ली।** ग्लोबल मार्केट से आज सुस्त संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान गिरावट के साथ बंद हुए। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स भी आज दबाव में कारोबार करता नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार पिछले सत्र के दौरान दबाव में कारोबार करने के बाद मिलेजुले परिणाम के साथ बंद हुए। एशियाई बाजारों में भी आज मिलाजुला कारोबार हो रहा है।

## सर्राफा बाजार में लौटी तेजी, सोने और चांदी की बढ़ी चमक

**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में आज एक बार फिर तेजी का माहौल बना हुआ नजर आ रहा है। आज सोने की कीमत में 700 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर एक हजार रुपये प्रति 10 ग्राम तक की तेजी आ गई है। इसी तरह चांदी में भी आज 900 रुपये से लेकर एक हजार रुपये प्रति किलोग्राम तक की तेजी आई है। इस तेजी के कारण देश के कई सरार्फा बाजारों में 24 कैरेट सोना 65 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम या इससे ऊपर चला गया है। वहीं 22 कैरेट सोना आज 59,450 रुपये प्रति 10 ग्राम या इससे ऊपर के स्तर पर बिक रहा है। चेन्नई में 22 कैरेट सोना आज 60 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर से भी ऊपर चला गया है। आज की तेजी के कारण दिल्ली के सरार्फा बाजार में चांदी 74,400 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

## फरवरी में कोयला उत्पादन और रवानगी में इजाफा

**नई दिल्ली।** देश में फरवरी, 2024 के दौरान कुल कोयला उत्पादन में भारी इजाफा दर्ज हुआ है। कोयला मंत्रालय की ओर से मंगलवार को जारी अस्थाई आंकड़ों में यह जानकारी दी है। कोयला मंत्रालय द्वारा जारी बयान के मुताबिक फरवरी 2024 में 96.60 मिलियन टन (एमटी) (अनंतिम) कोयला का उत्पादन हुआ जबकि पिछले वर्ष की समान अवधि में कोयला उत्पादन 86.38 मीट्रिक टन रहा था। मंत्रालय के मुताबिक फरवरी में कोयला उत्पादन में सालाना आधार पर 11.83 फीसदी की वृद्धि दर्ज हुई है। मंत्रालय के मुताबिक कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) का उत्पादन फरवरी 2024 में 8.69 फीसदी की वृद्धि के साथ 74.76 मिलियन टन (अनंतिम) रहा है जबकि फरवरी 2023 में यह 68.78 मिलियन टन था। चालू वित वर्ष 2023-24 में संचयी कोयला उत्पादन (फरवरी 2024 तक) 880.72 मिलियन टन (अनंतिम) रहा है जबकि इससे पिछले वित्त वर्ष 2022-23 की इसी अवधि के दौरान 785.39 मिलियन टन कोयला का उत्पादन हुआ था। इस प्रकार यह 12.14 फीसदी की वृद्धि को दर्शाता है।

## न्यूजप्रिंट की लागत बढ़ने से पब्लिशरों ने की कस्टम ड्यूटी माफ करने की मांग

**नई दिल्ली।** इंडियन न्यूजपेपर सोसाइटी (आईएनएस) ने सरकार से अखबार के लिए इस्तेमाल होने वाले कागज पर 5 प्रतिशत सीमा शुल्क माफ करने का आग्रह किया है। लागत में वृद्धि के कारण प्रकाशक वित्तीय तनाव झेल रहे हैं। आईएनएस ने कहा कि भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं, लॉजिस्टिक्स, रुपए के मूल्यह्रास और सीमा शुल्क जैसे कारकों ने कुल मिलाकर अखबार के कागज की कीमत और उपलब्धता को प्रभावित किया है, जिससे प्रकाशकों के लिए एक बड़ा बोझ पैदा हो गया है। आईएनएस प्रेसिडेंट राकेश शर्मा के हवाले से एक बयान में कहा गया, पश्चिम एशिया में संघर्ष बढ़ने और रूस-यूक्रेन युद्ध ने वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला पर काफी प्रभाव डाला है। इसमें कहा गया है कि लाल सागर क्षेत्र में जहाजों को लगातार निशाना बनाने से भी स्थिति बिगड़ गई है, जिससे अखबारी कागज सहित आवश्यक वस्तुओं के परिवहन में बाधा पैदा हो रही है। आईएनएस ने कहा इसके चलते अखबारी कागज आपूर्तिकर्ता ऑर्डर रद्द कर रहे हैं। भारत और दुनिया भर में कई न्यूजप्रिंट मिलों ने या तो अपना परिचालन निलंबित कर दिया है या बंद कर दिया है, जिससे भारत में न्यूजप्रिंट की आपूर्ति को लेकर चिंताएँ पैदा हो गई हैं।

## एआई पर जल्द ही बाजार अध्ययन शुरू करेगा सीसीआई : रवनीत कौर



**नई दिल्ली।** भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) जल्द ही कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) पर बाजार का अध्ययन शुरू करेगा। एआई को लेकर बढ़ती चिंताओं को समझने के लिए यह अध्ययन किया जाएगा। इससे नवाचार और निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने के लिए आयोग की तैयारियों में मदद मिल सकती है। सीसीआई प्रमुख रवनीत कौर ने मंगलवार को यहां आयोजित प्रतिस्पर्धा कानून के अर्थशास्त्र पर 9वें राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि हम जल्द ही भारतीय बाजारों में एआई और एआई के उपयोग के संबंध में व्यापक समझ हासिल करने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर एक बाजार अध्ययन शुरू करेंगे। निष्पक्ष व्यापार नियामक सीसीआई की प्रमुख कौर ने कहा कि प्रतिबद्धता और निपटान पर नियम जल्द ही जारी किए जाएंगे। सीसीआई ने अगस्त 2023 में प्रतिस्पर्धा कानून के तहत प्रतिबद्धता और निपटान प्रावधानों के लिए मसौदा नियम जारी किए थे। दरअसल हाल के दिनों में विभिन्न क्षेत्रों में एआई अनुप्रयोगों का इस्तेमाल तेजी से बढ़ा है। उभरते दृष्टिकोण, सिद्धांत और उपकरण विषय पर आयोजित पहले सत्र की अध्यक्षता शिव नादर विश्वविद्यालय के प्रोफेसर और डीन डॉ रजत कथूरिया ने किया।

### अपने 100वें टेस्ट से पहले अश्विन ने कहा

## मैंने अपनी सफलता का उतना आनंद नहीं लिया जितना मुझे लेना चाहिए था



अश्विन ने कहा उदाहरण के लिए स्टीवन स्मिथ ने मेरे खिलाफ शतक बनाया है। मैं उसे कैसे पकड़ सकता हूं या जो रूट ने शतक बनाया है। मैं उसे कैसे पकड़ सकता हूं इसलिए लगातार वह विचार एक नई कार्रवाई शुरू करता है।

**एजेंसी। नई दिल्ली।** भारतीय स्पिन लीजेंड रविचंद्रन अश्विन अपना 100वां टेस्ट मैच खेलने के लिए तैयार हैं लेकिन उन्होंने खुलासा किया कि मैंने अपनी सफलता का उतना आनंद नहीं लिया जितना मुझे लेना चाहिए था क्योंकि वह हर दौरे के बाद एक बेहतर खिलाड़ी बनने के लिए अपने आप में वापस चले जाते हैं।

धर्मशाला में इंग्लैंड के खिलाफ 7 मार्च से शुरू होने वाले पांचवें और अंतिम टेस्ट के दौरान, अश्विन खेल के लंबे प्रारूप में अपना 100वां मैच खेलेंगे।

राजकोट में चल रही श्रृंखला के तीसरे टेस्ट में अश्विन 500 टेस्ट विकेट हासिल करने वाले नौवें और अनिल कुंबले के बाद दूसरे भारतीय गेंदबाज बन गये तथा मुथैया मुरलीधरन, शेन वार्न, जेम्स एंडरसन, स्टुअर्ट ब्रॉड, कुंबले, ग्लेन मैकग्रा, कर्टनी वॉल्श और नाथन लियोन जैसे गेंदबाजों के विशिष्ट क्लब में शामिल हो गये। अपने महत्वपूर्ण अवसर से पहले अश्विन कुंबले के साथ जियोसिनेमा पर स्पिन मास्ट्रोस कार्यक्रम में बातचीत कर रहे थे। यह पूछे जाने पर कि यदि चीजें सही नहीं होती हैं या सही होती हैं तो आप किस पर भरोसा करते हैं? अश्विन ने कहा मैं एक व्यक्ति के पास वापस जाता हूं और यह उस व्यक्ति के लिए बहुत तनावपूर्ण है। वह व्यक्ति मैं हूं।

उन्होंने कहा क्योंकि मुझे लगता है कि क्रिकेट सबसे महान आत्म-विचार वाले खेलों में से एक है और यदि आप अपने बारे में निर्दयी और बहुत आलोचनात्मक हैं तो मुझे लगता है कि यह आपके चेहरे पर सच्चाई देखेगा। भारत में पर्याप्त और अधिक आलोचक हैं जो ऐसा करेंगे आपको बता देंगे। उनमें से 10 आपको गलत बातें बताएंगे लेकिन वे निश्चित रूप से आलोचनात्मक हैं। लेकिन उनमें से 10 आपको सही चीजें भी बताएंगे।

मैं हमेशा कहता हूं, मेरी सबसे बड़ी पीड़ा यह है कि मैं अपनी सफलता का उतना आनंद नहीं ले पाता, जितना मुझे लेना चाहिए था। लेकिन इससे मुझे एक बेहतर क्रिकेटर बनने में भी मदद मिली है। मैंने लगातार चीजों में सुधार की तलाश की है और मैंने यह सुनिश्चित कर लिया है कि किसी विशेष दिन मैं जो हूं उससे मैं बहुत असहज हूं और फिर मैं ड्राइंग बोर्ड पर वापस आता हूं और इस पर ध्यान केंद्रित करता हूं कि खेल में और अधिक लाने के लिए मैं और क्या कर सकता हूं।

अश्विन ने कहा उदाहरण के लिए स्टीवन स्मिथ ने मेरे खिलाफ शतक बनाया है। मैं उसे कैसे पकड़ सकता हूं या जो रूट ने शतक बनाया है। मैं उसे कैसे पकड़ सकता हूं इसलिए लगातार वह विचार एक नई कार्रवाई शुरू करता है और अंततः इसने मेरे लिए वर्षों काम किया है इसलिए मैं वहां आराम से बैठा हूं।

इस महत्वपूर्ण अवसर से पहले बोलते हुए अश्विन ने विनम्रतापूर्वक अपनी क्रिकेट यात्रा के दौरान अपने परिवार के अपार समर्थन और त्याग को स्वीकार किया। वह इस बात पर जोर देते हैं कि जहां 100वां टेस्ट व्यक्तिगत महत्व रखता है। वहीं यह उनके पिता, मां, पत्नी और बच्चों के लिए और भी अधिक मायने रखता है। जो उनके लिए समर्थन और प्रोत्साहन के दृढ़ स्तंभ रहे हैं। मेरे बच्चे टेस्ट को लेकर अधिक उत्साहित हैं। एक खिलाड़ी की यात्रा के दौरान परिवार बहुत कुछ झेलता है। मेरे पिता अभी भी जवाब देते हैं उनके बेटे ने मैच के दौरान क्या किया। इस पर 40 कॉल आईं।

जब 37 वर्षीय खिलाड़ी से सफेद गेंद वाले क्रिकेट के संदर्भ में स्पिनरों के सामने आने वाली चुनौतियों के बारे में पूछा गया और वह फिंगर-स्पिन गेंदबाजी को आगे कैसे देखते हैं, तो अश्विन ने कहा फिंगर स्पिन की सबसे बड़ी सफलता की कहानियों में से एक यह है कि मैं कैसा हूं पिछले कुछ वर्षों में टी20 टीम और वनडे टीम में वापसी की है। मैं यह नहीं कह रहा हूं कि यह मेरे साथ हुआ है, इसलिए यह एक सफलता की कहानी है। ऐसा कुछ भी नहीं है कि फिंगर-स्पिनर कम कुशल हों और कलाई-स्पिनर अधिक कुशल हों या इसके विपरीत।

## इंडियन वेल्स में वापसी करेंगे नडाल

### पहला मुकाबला 'मिसाइल मैन' राओनिक से



**इंडियन वेल्स (यूएस) :** तीन बार के चैंपियन स्पेन के राफेल नडाल को परिबा ओपन के पहले दौर में कनाडा के पूर्व फाइनलिस्ट मिलोस राओनिक से भिड़ना है क्योंकि साल के पहले एटीपी मास्टर्स 1000 का ड्रा निकाला गया है। नडाल, जो इंडियन वेल्स टेनिस गार्डन की अपनी आखिरी यात्रा के दौरान 2022 में फाइनल में पहुंचे थे। सीजन के पहले सप्ताह में ब्रिस्बेन में एटीपी 250 के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने के बाद, वर्ष की अपनी दूसरी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। कूल्हे की चोट के कारण 11 महीने के अंतराल के बाद 37 वर्षीय स्पैनियार्ड ने जनवरी की शुरूआत में दौरे पर वापसी की। ब्रिस्बेन में दो मैच जीते। फिर एक के दौरान उनके बाएं कूल्हे के पास की मांसपेशी में हल्की चोट लग गई जिसमें उन्हें जॉर्डन थॉम्पसन से क्वार्टर फाइनल में हार का सामना करना पड़ा।

## शहबाज नदीम ने लिया संन्यास



**एजेंसी। नई दिल्ली।** प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 500 से भी अधिक विकेट लेने वाले बाएं हाथ के अनुभवी गेंदबाज शहबाज नदीम ने सभी फॉर्मेट से संन्यास ले लिया है। नदीम ने इस रणजी सीजन में राजस्थान के खिलाफ अपना आखिरी प्रथम श्रेणी मैच खेला था। संन्यास के बाद वह विश्व भर के अलग-अलग टी20 लीगों में हिस्सा लेने का मन बना रहे हैं। हाल ही में झारखंड के दो और वरिष्ठ क्रिकेटर सौरभ तिवारी और वरूण आरोन ने भी संन्यास की घोषणा की थी।

क्रिकइंफो हिंदी के साथ बात करते हुए नदीम ने कहा मैं काफी समय से अपने संन्यास के फैसले पर विचार कर रहा था और अब मैंने यह फैसला लिया है कि मैं तीनों फॉर्मेट से संन्यास ले रहा हूं। मुझे हमेशा से ऐसा लगता है कि जब आपके पास कोई मोटिवेशन हो तो आप हमेशा खुद को अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करते रहते हैं। हालांकि अब मुझे जब पता है कि भारतीय टीम में मुझे मौका नहीं मिल सकता तो यह बेहतर है कि मैं युवा क्रिकेटरों को मौका दूं। साथ ही अब मैं दुनिया भर की टी20 लीग में खेलने का भी मन बना रहा हूं।

नदीम ने भारत के लिए दो टेस्ट मैच खेले। उन्होंने अपना पदार्पण मैच रांची में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अक्टूबर 2019 में खेला था। जहां उन्होंने चार विकेट लिए थे। इसके बाद उन्हें 2021 में इंग्लैंड के खिलाफ एक मैच खेलने का मौका मिला था।

## डब्ल्यूसीबीए ऑल-स्टार गेम का आयोजन 16-17 मार्च को हांग्जो में

**हांग्जो।** 2023-24 महिला चीनी बास्केटबॉल एसोसिएशन (डब्ल्यूसीबीए) ऑल-स्टार गेम 16 से 17 मार्च तक हांग्जो ओलंपिक स्पोर्ट्स सेंटर जिम्नेजियम में आयोजित किया जायेगा। राइजिंग स्टार गेम और थ्री-पॉइंट कॉन्टेस्ट और स्किल चैलेंज की प्रारंभिक प्रतियोगिताएं 16 मार्च को आयोजित की जाएंगी, जबकि ऑल-स्टार गेम और व्यक्तिगत स्पर्धाओं का फाइनल एक दिन बाद होगा। स्किल चैलेंज में चीनी अंतरराष्ट्रीय ली युआन के साथ-साथ ली शुआंगफेई और फैंग मिन सहित अन्य प्रसिद्ध खिलाड़ी प्रतिस्पर्धा करेंगे। थ्री-पॉइंट प्रतियोगिता में राष्ट्रीय खिलाड़ी वांग सियू और हुआंग सिजिंग के साथ-साथ शार्पशूटर झांग जिंगी और डोंग कीर भी शामिल होंगी।

## रोहित और द्रविड़ ने सांसद खेल महाकुंभ -3 का किया आगाज



**एजेंसी। बिलासपुर।** मंगलवार को बिलासपुर के लुहणू मैदान में रोहित शर्मा और राहुल द्रविड़ ने सांसद खेल महाकुंभ के तीसरे संस्करण का शुभारंभ किया। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर भी इस अवसर पर उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में अनुराग ठाकुर ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने खेलों को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाए हैं, जिसका नतीजा है कि भारतीय खिलाड़ियों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन किया है।

ठाकुर ने कहा कि सांसद खेल महाकुंभ के दूसरे चरण में लगभग 45 हजार युवाओं ने भाग लिया था और यह कार्यक्रम युवाओं को नशे से दूर रखने तथा खेलों के प्रति जागरूक करने में कारगर साबित हुआ है।

## अंतिम क्वालीफाइंग दौर में पहुंचे सुमित नागल



**इंडियन वेल्स।** भारतीय नंबर एक टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने इंडियन वेल्स ओपन के अपने पहले दौर के क्वालीफाइंग मैच में अमेरिकी वाइल्डकार्ड स्टीफन डोस्टानिक पर सीधे सेटों में 6-2, 6-2 से जीत हासिल की और अंतिम क्वालीफाइंग दौर में प्रवेश कर लिया। अंतिम क्वालीफाइंग दौर में पहुंचते हुए, नागल ने न केवल जीत दर्ज की, बल्कि पुरस्कार राशि में 14,400 अमेरिकी डॉलर भी प्राप्त किए। इंडियन वेल्स में नागल की सफलता उनकी हालिया उपलब्धियों में शामिल है।

## एथलेटिक बिलबाओ ने अल्वारो जालो के साथ किया पांच साल का करार



**एजेंसी। मैड्रिड।** एथलेटिक बिलबाओ ने सोमवार को पुर्तगाली पक्ष स्पोर्टिंग ब्रागा के साथ 24 वर्षीय फॉरवर्ड अल्वारो जालो को 20 मिलियन यूरो (21.7 मिलियन अमेरिकी डॉलर) की फीस पर अनुबंधित करने के लिए एक समझौता किया है। इनिगो मार्टिनेज और यूरी बर्चिचे के बाद जालो क्लब के तीसरा सबसे महंगे खिलाड़ी बन गये हैं। क्लब के अनुसार, वह अगले सीजन में एथलेटिक बिलबाओ में शामिल होंगे। उन्होंने जून 2029 के अंत तक पांच साल के अनुबंध पर सहमति व्यक्त की है।

हालांकि उनका जन्म मैड्रिड में हुआ था और उन्होंने पिछले छह साल पुर्तगाल में बिताये हैं। जालो केवल बास्क क्षेत्र में पैदा हुए या पले-बढ़े खिलाड़ियों को साइन करने की एथलेटिक बिलबाओ की नीति में फिट बैठते हैं क्योंकि उनका पालन-पोषण बिलबाओ के बगल में बसौरी शहर में हुआ था और उनके करियर की शुरूआत स्थानीय टीम, बेगोना के साथ हुई थी।

अगस्त 2022 में जालो को ब्रागा की पहली टीम में पदोन्नत किया गया था, उन्होंने 41 मैचों में पांच गोल किए और छह सहायता दी, जबकि इस सीजन में उन्होंने 14 गोल किये हैं, जिसमें यूईएफए चैंपियंस लीग में पांच गोल शामिल हैं।

## डब्ल्यूपीएल टीम से मिलने के बाद खुश हैं पैरा-क्रिकेटर आमिर



**बेंगलुरु।** विमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल), जो अपने दूसरे सीजन में है, किसी उत्सव से कम नहीं है। इसमें भाग लेने वाली टीमों में अदाणी स्पोर्ट्सलाइन के स्वामित्व वाली गुजरात जायंट्स भी शामिल है। लीग के बेंगलुरु लेग में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ हुए मैच के दौरान पैरा क्रिकेटर आमिर हुसैन लोन इसके विशेष अतिथि थे। जम्मू-कश्मीर टीम के कप्तान पैरा-क्रिकेटर आमिर को अदाणी ग्रुप का सपोर्ट प्राप्त है। वह गुजरात जायंट्स की टीम से मिलने और प्रतिष्ठित एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में उनका मैच देखने के लिए बेंगलुरु में थे।

## पेरिस ओलंपिक ने शहर के शानदार अतीत से प्रेरित आर्ट डेको-शैली के पोस्टर का किया अनावरण



**एजेंसी। पेरिस।** फ्रांसीसी चित्रकार उगो गैटोनी द्वारा डिजाइन किये गये पेरिस 2024 ओलंपिक और पैरालंपिक खेलों के प्रतिष्ठित पोस्टर सोमवार को म्यूसी डी'ऑर्से में जारी किये गये। पोस्टर शहर के शानदार अतीत से प्रेरित आर्ट डेको-शैली के हैं। पोस्टरों का एक विशाल संस्करण प्रसिद्ध कला संग्रहालय में प्रदर्शित किया गया और दुनिया भर के आगंतुकों के लिए 10 मार्च तक वहां रखा जायेगा। पेरिस 2024 आयोजन समिति के अध्यक्ष टोनी एस्टांगुएट ने सिन्हुआ के हवाले से कहा ग्रीष्मकालीन खेलों में पहली बार प्रतिष्ठित पोस्टर एक ही कलात्मक दिशा के साथ एक डिप्टीच का रूप लेते हैं। वे ओलंपिक और पैरालंपिक खेलों की कहानी बताने वाले दो स्वतंत्र पोस्टर हैं। जो एक साथ रखे जाने पर, पेरिस 2024 की पूरी कहानी बताते हैं। समृद्ध विवरण के साथ पोस्टरों में एक स्टेडियम शहर का एक सपने जैसा चित्रण दिखाया गया है। जो पेरिस 2024 के नारे गेम्स वाइड ओपन को प्रतिध्वनित करता है और आयोजकों की महत्वाकांक्षा को दर्शाता है। गैटोनी ने कहा जब मुझसे पेरिस 2024 के लिए प्रतिष्ठित पोस्टर डिजाइन करने के लिए कहा गया तो मैंने तुरंत दुनिया के लिए खुले एक शहर के स्टेडियम की कल्पना की, एक समय जिसमें आप सूक्ष्म जगत में घूम सकते हैं जहां पेरिस के स्मारक और खेल अनुशासन खुशी से सह-अस्तित्व में हैं।

पोस्टर म्यूसी डी'ऑर्से और पेरिस 2024 शॉप वेबसाइट पर खरीदने के लिए उपलब्ध होंगे। 5 मार्च से, उन्हें पेरिस 2024 स्टोर्स और पेरिस 2024 गेम्स के भागीदार एफएनएसीमें भी उपलब्ध कराया जाएगा।

# सुप्रीम कोर्ट के फैसले से सोरेन परिवार पर उल्टा पड़ गया दांव, शिबू और सीता बड़ी मुश्किल में

**उपेन्द्र गुप्ता। रांची।**
सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले से झामुमो सुप्रीमो दिशोम गुरु शिबू सोरेन और उनकी बड़ी बहू बड़ी मुश्किल में फंस गए हैं। उनका दांव उन्हें के ऊपर उल्टा पड़ गया है। दरअसल, मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचुड़ की अध्यक्षता वाली सात न्यायाधीशों की खंडपीठ ने 1998 में पीवी नरसिम्हा राव मामले में आए फैसले को पलट दिया है। संविधान पीठ ने साफ कर दिया है कि रिश्वत से जुड़े मामले में सांसद और विधायक मुकदमों से नहीं बच सकते हैं। सांसद और विधायकों द्वारा रिश्वत लेकर वोट देने या सदन में सवाल पूछने पर आपराधिक मुकदमों से मिली छूट वाले विशेषाधिकार को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया है।

**झामुमो के चार सांसदों ने पैसे लेकर दिया वोट :** 1993 में केंद्र में नरसिम्हा राव के नेतृत्व वाली सरकार के अविश्वास प्रस्ताव के खिलाफ झामुमो के चार सांसद शिबू सोरेन, शैलेंद्र महतो, सूरज मंडल और साइमन मरांडी ने पैसे लेकर वोट दिया था। जिस वजह से नरसिम्हा राव की सरकार बच गई थी। लेकिन 1995 में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने इस सांसद रिश्वत कांड का खुलासा किया था। तब शैलेंद्र महतो ने स्वीकार किया था कि नरसिम्हा राव की सरकार को बचाने के लिए वोट के बदले चारों सांसदों को 50-50 लाख रुपए की घूस मिली थी। इसी के बाद सीबीआई जांच शुरू हुई थी।

## राज्यसभा हॉर्स ट्रेडिंग मामले में जेल जा चुकी हैं सीता सोरेन



जामा से झामुमो की विधायक सीता सोरेन पर साल 2012 में हुए राज्यसभा चुनाव के दौरान प्रत्याशी आरके अग्रवाल से डेढ़ करोड़ रु लेकर वोट देने का आरोप लगा था। उनके खिलाफ आपराधिक मुकदमा दर्ज हुआ था। उनके धुर्वा स्थित आवास की कुर्की भी हुई थी। बाद में उन्होंने सीबीआई कोर्ट में सरेंडर कर दिया था। जहां से जेल भेज दिया गया था। उन्होंने हाईकोर्ट में इसको चुनौती दी थी लेकिन उनकी याचिका खारिज हो गई थी। तब उन्होंने सुप्रीम कोर्ट से अपने ससुर सह झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन समेत चार सांसदों को 1993 के संसद रिश्वत कांड में 1998 में मिली राहत का हवाला देते हुए क्रिमिनेल केस से छूट की मांग की थी। तब साल 2019 में सुप्रीम कोर्ट के तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश ने सीता की याचिका को वृहद पीठ को भेज दिया था। उन्होंने पूर्व के फैसले पर दोबारा विचार करने का फैसला दिया था। उन्होंने कहा था कि क्या किसी सांसद या विधायक को वोट के बदले नोट लेने की छूट दी जा सकती है। क्या कोई ऐसा कर आपराधिक मामलों से बचने का दावा कर सकता है।

## कोर्ट के फैसले की समीक्षा कर कानूनी सलाह लेंगे

सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से झारखंड की सत्ताधारी पार्टी झामुमो को बड़ा झटका लगा है। झामुमो के प्रवक्ता मनोज पांडेय का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले की जानकारी मीडिया के माध्यम से मिली है। अब इस पर कानूनी सलाह लिया जाएगा कि यह फैसला कब से लागू माना जाएगा। यह देखना है कि आदेश में क्या है। इसी के आधार पर पार्टी अपना स्टैंड साफ करेगी।

## बेनामी संपत्ति मामले में भी सोरेन परिवार पर लोकपाल का भी चल सकता है डंडा



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झामुमो अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद शिबू सोरेन की भी मुश्किलें सिर्फ सुप्रीम कोर्ट तक ही नहीं सीमित है। उनके खिलाफ लोकपाल ने आय से अधिक संपत्ति मामले में दाखिल शिकायत पर सुनवाई की पूरी कर ली है और अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। जिससे सोरेन परिवार की एक और मुश्किलें बढ़ गयी है। लोकपाल ने सीबीआई को जल्द से जल्द जांच करने का आदेश दिया है। इस मामले की प्रारंभिक जांच छह महीने के अंदर पूरी करने को कहा गया है। इसके साथ जांच रिपोर्ट की एक प्रति सौंपने को कहा है।

**गोड्डा के भाजपा सांसद ने उठाया था मामला :** गोड्डा से भाजपा सांसद डॉ निशिकांत दुबे ने 2020 में लोकपाल के समक्ष शिकायतवाद दर्ज करायी थी। भाजपा सांसद ने राज्यसभा सांसद व झारखंड के पूर्व सीएम शिबू सोरेन व उनके परिवार के अन्य सदस्यों के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का आरोप लगाया था और 2020 में लोकपाल के समक्ष शिकायतवाद दर्ज करायी था। इसी शिकायतवाद पर लोकपाल ने फैसला सुनाते हुए सीबीआई को आदेश दिया है। लेकिन लोकपाल द्वारा की जा रही प्रारंभिक जांच के आदेश को शिबू सोरेन ने दिल्ली हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। लेकिन शिबू सोरेन को दिल्ली हाईकोर्ट से अपील याचिका पर राहत नहीं मिली थी। सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने एकल पीठ के आदेश को बरकरार रखा था और एकल पीठ ने लोकपाल के आदेश में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया था।

## मोदी परिवार डरने वाला, सोरेन परिवार लड़ने वाला : सुप्रियो

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने भाजपा की केंद्र की मोदी सरकार पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने मोदी परिवार को डरनेवाला परिवार और सोरेन परिवार को लड़ने वाला बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने नया परिवार की शुरूआत की है। ललित मोदी, विजय माल्या, बृजभूषण सिंह, बिलकिस बनो के दोषी, कठुआ के लोग मोदी का परिवार हो गया है। पीएम को समझ आ गया है कि परिवार क्या होता है। जब- जब जरूरत होती है तब-तब वो बात करते हैं। भट्टाचार्य मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन में हरमू रोड स्थित पार्टी कार्यालय में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि देश में भगवान बिरसा को जेल में डाला गया था। क्या उलगुलान रुका, गुरु जी शिबू सोरेन को जेल में डाला गया क्या जेएमएम रुका, हेमंत सोरेन को जेल में डाला गया है, क्या हम रुके। हम डरनेवालों में से नहीं हैं। हम लड़नेवाले हैं। इसका परिणाम जनता भाजपा को देगी। उन्होंने कहा कि अब देश में कोई मुद्दा तो रह नहीं गया। तो उन्होंने भारतीय स्टेट बैंक को अपने हाथ में कर लिया है।

## भ्रष्टाचार के आरोपी हेमंत से बिरसा भगवान की तुलना उनका अपमान

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
भाजपा ने मंगलवार को झामुमो पर पलटवार करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की भगवान बिरसा मुंडा से तुलना करने पर कड़ी आपत्ति दर्ज की है। प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा पूरे देश के गौरव के प्रतीक है और उनको भगवान का दर्जा दिया जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उनके जन्मस्थली ऊलिहातू और भगवान बिरसा मुंडा कारागार में भी जाकर अपना श्रद्धा सुमन अर्पित कर चुके हैं। भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्रीय सरकार ने भगवान बिरसा मुंडा के जन्म दिवस के अवसर पर जनजातीय गौरव दिवस की पहली बार शुरूआत की है। ऐसे भगवान बिरसा मुंडा की एक भ्रष्टाचार के आरोपी से तुलना करके आज झारखंड मुक्ति मोर्चा ने न सिर्फ आदिवासी समाज बल्कि पूरे देश का अपमान किया है। प्रतुल ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने तो अंग्रेजों से देश को स्वतंत्रता दिलाने के लिए अपनी सर्वोच्च आहुति दी थी।


सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा के नर्सिंग कॉलेज में शामिल हों
बीएससी (नर्सिंग) पाठ्यक्रम–2024

JOIN COLLEGES OF NURSING UNDER AFMS
B.Sc (NURSING) COURSE - 2024

सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा के नर्सिंग कॉलेज में बीएससी (नर्सिंग) पाठ्यक्रम–2024 के लिए इच्छुक महिला उम्मीदवार का नीट (यूजी) 2024 परीक्षा में सफल होना अनिवार्य हैं। पात्रता, नियम एवं शर्तों की जानकारी रोजगार समाचार में प्रकाशित की जायेगी। यह सूचना इस वेबसाइट www.joinindianarmy.nic.in पर भी उपलब्ध होगी।

Female candidates desirous of seeking admission to Colleges of Nursing under AFMS have to mandatorily qualify NEET (UG) 2024. The Eligibility, Terms and Conditions will be published in the Employment News/Rozgar Samachar in due course of time. The same will also be available on the website www.joinindianarmy.nic.in.

CBC10601/11/0072/2324


## कांग्रेस महासचिव से गुलाम अहमद मीर, राजेश ठाकुर और मंत्रियों ने की मुलाकात



**नवीन मेल संवाददाता। रांची।**
भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के महासचिव सह संगठन प्रभारी केसी वेणु गोपाल से दिल्ली में प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, मंत्री आलमगीर आलम, रामेश्वर उरांव, बन्ना गुप्ता एवं बादल पत्रलेख ने शिष्टाचार मुलाकात की।

कांग्रेस प्रदेश मीडिया चेयरमैन सतीश पॉल मुंजनी ने मंगलवार को बताया कि झारखंड में सरकार की ओर से किये जा रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही आगामी लोकसभा चुनाव के तैयारी के संदर्भ में विशेष चर्चा किया और सभी ने उनका दिशा निर्देश प्राप्त किया। इसमें प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर उपस्थित रहेंगे। झारखंड प्रभारी, प्रदेश अध्यक्ष सहित मंत्री मंगलवार को दिल्ली से रांची आएंगे। इसके बाद गुलाम अहमद मीर पांच मार्च को रांची लोकसभा, खूंटी लोकसभा स्तरीय बैठक में भाग लेने के पश्चात गुमला के लिए प्रस्थान करेंगे। वह रात्रि विश्राम गुमला में करेंगे। छह मार्च को दस बजे से लोहरदगा लोकसभा और तीन बजे लातेहार में चतरा लोकसभा स्तरीय बैठक में भाग लेंगे। रात्रि विश्राम हजारीबाग परिसदन में करेंगे। सात मार्च को दस बजे से हजारीबाग लोकसभा तीन बजे से धनबाद लोकसभा स्तरीय बैठक में भाग लेने के बाद रात्रि विश्राम देवघर में करेंगे। आठ मार्च को 10 बजे से गोड्डा लोकसभा स्तरीय बैठक में भाग लेंगे। नौ मार्च को दस बजे से पश्चिम एवं अपराह्न दो बजे से पूर्वी सिंहभूम लोकसभा स्तरीय बैठक में भाग लेंगे।

**झारखंड में लोस की 75 फीसदी सीट जीतकर दें, तो राहुल गांधी का पीएम बनना तय : मीर**

**खूंटी।** झारखंड के कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा कि देश में कांग्रेस के सभी नेताओं कार्यकर्ताओं सहित अन्य करोड़ों समर्थकों की यह चाहत और भावना है कि देश का अगला प्रधानमंत्री राहुल गांधी बनें लेकिन इसके लिए हमें पर्याप्त संख्या में लोकसभा की सीटें जितनी होंगी। यह तभी संभव है जब राहुल गांधी को प्रधानमंत्री के रूप में देखने का सपना पाल रहे कार्यकर्ता चुनाव में अपना सर्वस्व सहयोग एवं योगदान दें। इसके लिए प्रत्येक कार्यकर्ता को अपने आपको पार्टी का प्रत्याशी मानकर चुनाव में पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में ईमानदारी से काम करना होगा।

### समाहरणालय, लातेहार
(कार्मिक कोषांग)

**प्रेस विज्ञप्ति**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि जो पदाधिकारी/कर्मी अपने गंभीर/ असाध्य/ जटिल बिमारियों के कारण अगामी लोकसभा चुनाव 2024 में निर्वाचन कार्य करने में असमर्थ हैं। वैसे पदाधिकारी/ कर्मी दिनांक–07.03.2024 तक अपना अभ्यावेदन साक्ष्य के साथ कार्मिक कोषांग(जिला स्थापना शाखा) लातेहार को देना सुनिश्चित करेंगे। उक्त तिथि के बाद आवेदन स्वीकार्य नहीं होगा। प्राप्त अभ्यावेदन के आलोक में जिला स्तर पर गठित मेडिकल बोर्ड के द्वारा दिनांक 11.03.2024 को समाहरणालय, लातेहार में स्वास्थ्य संबंधित जांच किया जायेगा। संबंधित पदाधिकारी/ कर्मी निर्धारित तिथि को स्वयं उपस्थित होकर जांच कराना सुनिश्चित करेंगे।

मेडिकल बोर्ड द्वारा जांच के क्रम में यदि उनके दावे गलत/ असत्य पाये जाते हैं तो जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की सुसंगत धाराओं के तहत कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

**जिला निर्वाचन पदाधिकारी –सह–उपायुक्त, लातेहार**

PR 321497 Election(23-24)D

### OFFICE OF EXECUTIVE OFFICER, NAGAR PANCHAYAT, SHRI BANSHIDHAR NAGAR
**Corrigendum**

Request for Proposal are invited on behalf of **SHRI BANSHIDHAR NAGAR, NAGAR PANCHAYAT (NPSBN),** Jharkhand for work on DBOT basis from reputed and eligible companies / firm/ Consortium/Joint Ventures having sound Technical and Financial capability for the following works:

| No. | Description of Package | Estimated Capital &O&M Cost (Rs. in lac) | Earnest Money (Rs in lac) | Tender Fee (Rs.) | Completion Period |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Door to Door Collection & Source Segregation of Municipal Solid Waste, setting up & operation of Material Recovery facility, Transfer Station & Transportation Facility, Developing & Operating a Wet & Dry Waste Processing Facility and Engineered Sanitary La ndfill Facility in municipal area as per SWM Rules 2016 &SBM 2.0 guidelines, for Nagar Panchayat, Shri Banshidhar Nagar in Jharkhand, on a long-term Design, Build, Operate and Transfer (DBOT) basis with 20 years O&M | 950.65 & 6064.07 | 9.50 | 25000.00 | 16 Month Construction & 20 YrsO&M |

All terms and conditions will remain unchanged
**PR321289 Urban Developent (2023-24)**
http://jharkhandtenders.gov.in
**Memo No 196, Dated 04/03/2024**
**Copy To:JE/CM/EE, Nagar Panchayat, Shri Banshidhar Nagar.**
**Copy To: DPRO/DIO(NIC), Garhwa for Publication the above mentioned RFP.**
**Copy To:Director Sir, SUDA, UDHD, Ranchi.**

**Administrator, NP. S.B. Nagar.**

PR 321506 Urban Development(23-24)D

### पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, पलामू
**(सर्वसाधारण के लिए सूचना)**

शहर थाना कांड सं0–45/2022, दिनांक–16.02.2022 के प्रा0 अभियुक्त संजीत शर्मा उर्फ सोनू शर्मा, ग्राम शांतिनगर, थाना चैनपुर, जिला पलामू, झारखण्ड के संबंध में सूचना/जानकारी प्राप्त होने पर पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में सूचित करें अथवा निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर :– 9431706239
थाना प्रभारी, शहर :– 7004498197

पुलिस अधीक्षक, पलामू

**PR 321589 Police(23-24)#D**

### GOVT.OF. JHARKHAND
### OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
### Drinking Water & Sanitation Mechanical Division, Medininagar

**Very Short e-Quotation No. 08/2023-24(2nd Call)**

Rates through e-quotations are invited for "Material" category annexed as Supplying, Installation and Commissioning of VT Pump Set and allied works to Intake Well, urban water supply scheme at Chainpur for the year of 2023-24. from reputed Manufacturers / Authorized Dealers having valid G.S.T.I.N for respective items conforming to the specifications for inclusion in the Estimates under D.W.&. S. Mech. Div. Medininagar, Government of Jharkhand, to be used in different Pumping Plants replacement operation maintenance works shall be submitted online in the website http://jharkhandtenders.gov.in . Details and list of materials are available on the above e-tender Portal. The Quotationer may download the documents from the website and quote their firm item rate excluding taxes for the Materials online from 09.03.2024 at 4.00 hrs.to 16.03.2024. at 2.50 hrs. The quotation will be opened on 18.03.2024 at 4.00 Hours

The quotation is invited to ascertain and assess the Rate of Materials at par with lowest market rate for framing of Estimates under D. W. &.S. Mech. Division, Medininagar.

**Executive Engineer, D.W. & S. Mechanical Division, Medininagar (Palamau)**

PR 321509 (Drinking Water and Sanitation) 23-24 (D)

### GOVT.OF. JHARKHAND
### OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
### Drinking Water & Sanitation Mechanical Division, Medininagar

**Very Short e-Quotation No. 10/2023-24 (2nd Call)**

Rates through e-quotations are invited for "Material" category annexed as Supply, Installation and Commissioning of ACB (4 Pole) 1000 Amp. And GOAB switch 800 Amp. With all accessories at Belwatika Urban Water Supply Scheme, under D.W.&.S. Mech. Division, Medininagar for the year of 2023-24. from reputed Manufacturers / Authorized Dealers having valid G.S.T.I.N for respective items conforming to the specifications for inclusion in the Estimates under D.W.&. S. Mech. Div. Medininagar, Government of Jharkhand, to be used in different Pumping Plants replacement operation maintenance works shall be submitted online in the website http://jharkhandtenders.gov.in . Details and list of materials are available on the above e-tender Portal. The Quotationer may download the documents from the website and quote their firm item rate excluding taxes for the Materials online from 09.03.2024 at 4.00 hrs.to 16.03.2024 at 2.50 hrs. The quotation will be opened on 18.03.2024 at 4.00 Hours

The quotation is invited to ascertain and assess the Rate of Materials at par with lowest market rate for framing of Estimates under D. W. &.S. Mech. Division, Medininagar.

**Executive Engineer, D.W. & S. Mechanical Division, Medininagar (Palamau)**

PR 321511 Drinking Water and Sanitation(23-24).D

### कार्यालय, जिला परिषद्, लोहरदगा
(अभियंत्रण कोषांग)
**Phone Number:- 06526-222064 , email-id: zplohardaga@gmail.com**

**निविदा सूचना**
**अति अल्पकालीन पुर्न निविदा आमंत्रण सूचना**

निविदा संख्या – 19/2023–24 | दिनांक 05.03.2024

| क्र0/ ग्रुप संख्या | प्रखण्ड | ग्राम | योजना का नाम | मात्रा | अधिकतम दर प्रति पीस |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | |
| 1 | भण्डरा | बिटपी | जय सरना लूरकुडिया विटपी में फाइबर का टू सीटर डेस्क–बेंच की आपूर्ति | 40 पीस | 5000.00 |
| 2 | | बिटपी | जय सरना लूरकुडिया बिटपी में स्टील का थ्री सीटर डेस्क – बेंच की आपूर्ति | 50 पीस | 6000.00 |
| 3 | सेन्हा | कण्डरा | जय सरना लूरकुडिया कण्डरा में स्टील का थ्री सीटर डेस्क – बेंच की आपूर्ति | 50 पीस | 6000.00 |
| 4 | | कण्डरा | जय सरना लूरकुडिया कण्डरा में स्टील का कुर्सी की आपूर्ति | 100 पीस | 1500.00 |
| 5 | | कण्डरा | जय सरना लूरकुडिया कण्डरा में 8X4 फिट आकार का वाइट बोर्ड की आपूर्ति | 10 पीस | 5000.00 |

2 बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि व समय :– 15.03.2024/03:00 बजे अपराह्न तक
3 निविदा खोलने की तिथि व समय :– 16.03.2024/03:30 बजे अपराह्न
4 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता :– जिला परिषद कार्यालय, लोहरदगा
5 निविदा खोलने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता :– जिला परिषद कार्यालय, लोहरदगा
6 मद :– विधायक मद

जिला अभियन्ता, जिला परिषद्, लोहरदगा

PR 321548 Lohardaga(23-24).D

### जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार
**सूचना**

राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन दिनांक:–09-3-2024

**व्यवहार न्यायालय, लातेहार में निःशुल्क, सुलभ एवं त्वरित न्याय के लिए**

विदित हो कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली के तत्वावधान एवं झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार (झालसा), रॉची के निर्देशन मे **जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार** के द्वारा **दिनांक 09.3.2024** दिन शनिवार समय 11.00 बजे पूर्वाहन से **व्यवहार न्यायालय, लातेहार के परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत** का आयोजन किया जा रहा है, जिसमे निम्नलिखित मामलों का निष्पादन किया जाएगा। आप सभी आमजनों से अनुरोध है कि **दिनांक 09.1.2024** से जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार अंतर्गत विभिन्न बेंचों द्वारा शुरु किए गए **"पूर्व राष्ट्रीय लोक अदालत कॉन्सिलिएशन बैठक"** में अपने मामलों का निष्पादन हेतु स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से सूचीबद्ध करा सकते है, जिससे आपके मामलों का निष्पादन दिनांक **09.3.2024** को **राष्ट्रीय लोक अदालत** में हो सके।

उक्त **राष्ट्रीय लोक अदालत** मे निम्नलिखित प्रकार के मामलों का निष्पादन किया जायेगा।

| | |
|---|---|
| 1. सभी प्रकार के दीवानी मामले | 9. विद्युत विभाग से संबंधित मामले |
| 2. सुलहनीय अपराधिक मामले | 10. वन विभाग से संबंधित मामले |
| 3. बैंक सर्टिफिकेट केस | 11. माप तौल विभाग से संबंधित मामले |
| 4. वैवाहिक पारिवारिक मामले | 12. चेकबाउन्स से संबंधित मामले |
| 5. श्रम संबंधित मामले | 13. विवाद पूर्वनिस्तारण योग्य मामले |
| 6. भू–अधिग्रहण से संबंधित मामले | 14. उत्पाद विभाग के मामले |
| 7. राजस्व संबंधित मामले | 15. अंतिम प्रपत्र से संबंधित वाद |
| 8. वाहन दुर्घटना से संबंधित मामले | 16. उपभोक्ता फोरम से संबंधित मामले एवं अन्य सुलहनीय मामले |

अतः सामान्य जनता एवं समस्त वादकारी गण एवंसंबंधित पक्षकारों से अनुरोध है कि वे अपने उपरोक्त वर्णित मामलों से संबंधित वादों को उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत मे निष्पादित करा कर लाभ उठावे तथा इसे सफल बनायें।

(अंजनी अंजन) पुलिस अधीक्षक–सह–सदस्य जिला विधिक सेवा प्राधिकार प्राधिकार, लातेहार।

(गरिमा सिंह) उपायुक्त–सह–उपाध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार।

(अखिल कुमार) प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश–सह–अध्यक्ष जिला विधिक सेवा लातेहार।

नोटः–उक्त **राष्ट्रीय लोक अदालत** के संबंध मे किसी भी प्रकार की विस्तृत जानकारी हेतु आप किसी भी कार्य दिवस को व्यवहार न्यायालय परिसर, लातेहार मे स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार के कार्यालय में उपस्थित होकर या दूरभाष सं0 8987736366 से सम्पर्क कर सकते हैं।

निवेदक
(स्वाति विजय उपाध्याय)
सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार


**PR 321554 Law(23-24)#D**

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
" Smiles & More"
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिबल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## एक नजर

### मोदी ने शहबाज शरीफ को दी पाक का पीएम बनने पर बधाई



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शहबाज शरीफ को पाकिस्तान के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण करने पर आज बधाई दी। प्रधानमंत्री ने एक्स पर पोस्ट किया, शहबाज शरीफ को पाकिस्तान के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण करने पर बधाई। उल्लेखनीय है कि हाल ही में हुए चुनाव के बाद शहबाज शरीफ दूसरी बार और पाकिस्तान के 24वें प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली है। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज के नेता ने पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी, मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट-पाकिस्तान और अन्य के साथ गठबंधन कर सरकार बनाई है।

### जम्मू-कश्मीर के डोडा में 3.2 तीव्रता का भूकंप

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में सोमवार की रात भूकंप के झटके महसूस किए गए। 9.08 बजे आये भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 3.2 दर्ज की गई। इस दौरान भूकंप के झटकों से घबराए लोग अपने-अपने घरों से बाहर निकल आए। हालांकि इसमें अभी तक किसी के जानमाल के नुकसान की कोई खबर नहीं है। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के मुताबिक भूकंप का केंद्र डोडा क्षेत्र में जमीन से 10 किलोमीटर नीचे स्थित था।

### कर्नाटक के डिप्टी सीएम शिवकुमार के खिलाफ ईडी केस रद्द

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार के खिलाफ ईडी द्वारा शुरू की गई मनी लॉन्ड्रिंग जांच को रद्द कर दिया है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ कर्नाटक हाई कोर्ट के उस फैसले के खिलाफ कांग्रेस नेता की एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें ईडी के समन को रद्द करने से इनकार कर दिया गया था। ईडी ने आईटी विभाग द्वारा दायर आरोप पत्र के आधार पर शिवकुमार, दिल्ली में कर्नाटक भवन के एक कर्मचारी हौमनथैया और अन्य के खिलाफ धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत जांच शुरू की थी।

# वो कहते हैं परिवार प्रथम, मोदी कहता है राष्ट्र प्रथम

## तेलंगाना की लूट में एक दूसरे को कवर फायर दे रहे बीआरएस और कांग्रेस

### 'परिवारवाद' लोकतंत्र के लिए खतरा, नई प्रतिभाओं को उभरने नहीं देता

**एजेंसी। संगारेड्डी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को भ्रष्टाचार को लेकर बीआरएस और कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि दोनों के बीच घोटाला बंधन बहुत मजबूत है। ये दोनों तेलंगाना की लूट में एक-दूसरे को कवर फायर दे रहे हैं। इसे रोकना है इसलिए तेलंगाना को भी कहना चाहिए अबकी बार 400 पार। गठबंधन के परिवारवाद पर हमला करते हुए कहा कि ये लोग कहते हैं कि मोदी का कोई परिवार नहीं है। वो कहते हैं परिवार प्रथम। मोदी कहता है राष्ट्र प्रथम। उनके लिए उनका परिवार ही सबकुछ है। मेरे लिए देश का हर परिवार सबकुछ है। इन्होंने अपने परिवार के हितों के लिए देशहित को बलि चढ़ा दिया। मोदी ने देशहित के लिए खुद को खपा दिया है। कहा कि 'परिवारवाद' लोकतंत्र के लिए खतरा है और नई प्रतिभाओं को उभरने नहीं देता है। कहा जम्मू-कश्मीर से लेकर तमिलनाडु तक, शासक परिवार मजबूत हो गए हैं, लेकिन राज्य कमजोर हो गए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि परिवार केंद्रित पार्टियां इतनी असुरक्षित हैं कि वे युवाओं को राजनीति में आने ही नहीं देतीं। जब से कांग्रेस परिवारवादी बनी है, उसने 50 वर्ष से कम उम्र के किसी भी व्यक्ति को आने की अनुमति नहीं दी है। वे 75, 80 और 85 साल के लोगों को लाते हैं, क्योंकि उन्हें डर है कि अगर 50-55 साल के लोग आकर उनसे आगे निकल गए तो उनके परिवार का क्या होगा।"

तेलंगाना के संगारेड्डी में भाजपा की जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि बीआरएस सरकार में भ्रष्टाचार से परेशान होकर आपने कांग्रेस को मौका दिया है। यह समझना जरूरी है कि दोनों दलों में समानताएं हैं। विपक्ष की आलोचना करते हुए मोदी ने कहा, उन्होंने विदेशी बैंकों में अपना काला धन छिपाने के लिए विदेशी खाते खोलने का सहारा लिया। मैंने लाखों गरीब भाइयों और बहनों के लिए जन धन खाते खोले।



### सीएआरओ से हैदराबाद को मिलेगी नई पहचान : पीएम

तेलंगाना दौरे के दूसरे दिन मंगलवार को प्रधानमंत्री ने नागरिक उड्डयन अनुसंधान संगठन (सीएआरओ) को देश को समर्पित किया। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने 72,00 करोड़ की कई विकास परियोजनाओं की नींव रखी। इन परियोजनाओं में रोड, रेल, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस शामिल हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि सीएआरओ से केंद्र के साथ आगामी दिनों में हैदराबाद और तेलंगाना को भी नई पहचान मिलेगी। यह अपनी तरह का पहला विमानन केंद्र, जो बेगमपेट हवाई अड्डे पर खुला है। यह विमानन स्टार्टअप, अनुसंधान और कौशल विकास के लिए एक मंच प्रदान करेगा। प्रधानमंत्री ने 1,300 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत वाली एनएच-65 के 30 किलोमीटर लंबे पुणे-हैदराबाद (संगारेड्डी एक्स रोड-मदीनागुडा) खंड को छह लेन बनाने की आधारशिला रखी, जो यह परियोजना क्षेत्र में आईटी, औद्योगिक गलियारे और आईआईटी जैसे शैक्षणिक संस्थानों को बेहतर कनेक्टिविटी प्रदान करेगी। प्रधानमंत्री ने इंडियन ऑयल पारादीप-हैदराबाद उत्पाद पाइपलाइन भी राष्ट्र को समर्पित किया। 4.5 एमएमटीपीए की क्षमता वाली 1,212 किमी लंबी उत्पाद पाइपलाइन ओडिशा (329 किमी), आंध्र प्रदेश (723 किमी) और तेलंगाना (160 किमी) राज्यों से होकर गुजरती है। पाइपलाइन, जिसकी लागत 3,340 करोड़ रुपये है, पारादीप रिफाइनरी से विशाखापत्तनम, अचुतापुरम और विजयवाड़ा (आंध्र प्रदेश में) और हैदराबाद के पास मलकापुर (तेलंगाना में) के डिलीवरी स्टेशनों तक पेट्रोलियम उत्पाद का सुरक्षित और किफायती परिवहन सुनिश्चित करेगी। इसके साथ ही छह नए स्टेशन भवनों के साथ-साथ सनथनगर-मौला अली रेल लाइन के दोहरीकरण और विद्युतीकरण का भी उद्घाटन किया।

### अनुच्छेद 370 हटने के बाद कल पहली बार श्रीनगर जाएंगे पीएम

**श्रीनगर।** अनुच्छेद 370 हटने के बाद सात मार्च को पहली बार कश्मीर घाटी जा रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वागत के लिए श्रीनगर पूरी तरह तैयार है। संघीय क्षेत्र के सभी वरिष्ठ भाजपा नेता यह सुनिश्चित करने के लिए श्रीनगर में डेरा डाले हुए हैं कि सात मार्च को बख्शी स्टेडियम में प्रधानमंत्री की रैली पूर्ण रूप से सफल हो। इस अवसर पर पूरे शहर में स्वागत द्वार, झालरें, होर्डिंग्स और झंडे लगाए गए हैं। सड़कों व गलियों को साफ कर दिया गया है। व्यापार, यात्रा, पर्यटन, आतिथ्य, लघु उद्योग, हस्तशिल्प आदि से जुड़े लोग पीएम मोदी के दौरे को लेकर उत्सुक हैं। उनका मानना है कि पीएम मोदी जम्मू-कश्मीर में कभी खाली हाथ नहीं आए हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता अशोक कौल ने कहा, हमें यकीन है कि प्रधानमंत्री को सुनने के लिए आने वाले लोगों की संख्या को देखते हुए स्टेडियम की क्षमता कम पड़ जाएगी। श्रीनगर में भी प्रधानमंत्री का विकास परियोजनाओं के उद्घाटन/शिलान्यास का कार्यक्रम है।

## पीएम आज देश के पहले अंडर रिवर मेट्रो का करेंगे उद्घाटन

**एजेंसी। कोलकाता**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बुधवार को फिर बंगाल आ रहे हैं। पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता से सटे उत्तर 24 परगना के बारासात में उनके कार्यक्रमों की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। एक मार्च को ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बंगाल आए थे। प्रधानमंत्री सुबह करीब 10:15 बजे कोलकाता में 15 हजार 400 करोड़ रुपये की कई कनेक्टिविटी परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। इनमें सबसे महत्वपूर्ण हुगली (गंगा) नदी के नीचे चलने वाली देश की पहली मेट्रो सेवा सहित कोलकाता मेट्रो रेलवे की तीन परियोजनाएं शामिल हैं, जिसका प्रधानमंत्री उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री उसी दिन उत्तर 24 परगना जिले के बारासात में एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। महानगर में लोगों की आवाजाही को आसान बनाने के लिए प्रधानमंत्री जिन तीन नए मार्ग पर मेट्रो सेवाओं का शुभारंभ करेंगे, उनमें कोलकाता मेट्रो के हावड़ा मैदान-एस्पलेनेड खंड, कवि सुभाष-हेमंत मुखोपाध्याय खंड और तारातला-माझेरहाट मेट्रो खंड (जोका-एस्पलेनड लाइन का हिस्सा) शामिल है। प्रधानमंत्री इन खंडों पर मेट्रो ट्रेन सेवाओं को हरी झंडी दिखाएंगे।

### एक सप्ताह में दूसरी बार आ रहे हैं पश्चिम बंगाल



### गंगा नदी के नीचे 30 मीटर गहरी सुरंग बनाई

4.8 किलोमीटर लंबी हावड़ा मैदान- एस्प्लेनेड मेट्रो खंड देश की पहली ऐसी मेट्रो परियोजना हैं, जिसमें हुगली नदी के नीचे सुरंगें तैयार की गई हैं। भारत की किसी भी नदी के नीचे यह पहली परिवहन सुरंग है। नदी सुरंग की लंबाई 520 मीटर है। अप व डाउन लाइन के लिए दो सुरंगें तैयार की गई है। मेट्रो को नदी पार करने में एक मिनट से कम का समय लगेगा। रेलवे के एक अधिकारी ने बताया कि यह देश की सबसे गहरी सुरंग है, क्योंकि गंगा नदी के नीचे 30 मीटर गहरी सुरंग बनाई गई है, जिसमें से मेट्रो गुजरेगी।

## तमिलनाडु में कांग्रेस एआईएडीएमके के साथ कर सकती है गठबंधन

**एजेंसी। चेन्नई**



आगामी लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस तमिलनाडु में एआईएडीएमके के साथ हाथ मिला सकती है। डीएमके से कांग्रेस ने 9 सीटों की मांग की थी लेकिन डीएमके महज 7 सीटें ही दे रही है। तमिलनाडु में कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि कांग्रेस का स्थानीय नेतृत्व एआईएडीएमके के साथ हाथ मिलाने के लिए तैयार है। कांग्रेस नेता ने कहा, हम आगामी लोकसभा चुनाव में ज्यादा से ज्यादा सीटें जीतना चाहते हैं। एआईएडीएमके हमें 16 सीटें देना चाहती है, तो हम क्यों नहीं उनके साथ गठबंधन करें। कांग्रेस के सूत्रों ने बताया कि एआईएडीएमके और कांग्रेस एक-दूसरे के हाथ मिलाने के लिए तैयार है। एआईएडीएमके कांग्रेस को 16 सीटें देने का मन बना चुकी है। सूत्रों ने बताया कि डीएमके द्वारा ज्यादा सीटें नहीं दिए जाने के बाद कांग्रेस ने अपमानित महसूस किया। स्थानीय कांग्रेस के नेताओं का कहना है कि पार्टी एआईएडीएमके के साथ अच्छा तालमेल स्थापित कर सकती है और इसके अलावा ज्यादा से ज्यादा सीटें जीतने की अपनी इच्छा को भी मूर्त रूप दे सकती है।

**भारी बर्फबारी व बारिश**

## अबतक 39 की मौत 30 से ज्यादा घायल

**काबुल।** भारी बारिश और बर्फबारी की वजह से अफगानिस्तान के अलग-अलग हिस्सों में अभी तक 39 लोगों की मौत हो चुकी है और 30 से अधिक लोग घायल हैं। अफगानिस्तान इस वक्त भारी बारिश और बर्फबारी से जूझ रहा है। चार दिनों से भीषण बर्फबारी और बर्फीले तूफान का सिलसिला चल रहा है। इससे प्रांतों और जिलों को जोड़ने वाली ज्यादातर सड़कें पूरी तरह अवरुद्ध हैं। अफगानी आपदा प्रबंधन मंत्रालय के प्रवक्ता जनान सईक ने खामा प्रेस से कहा कि हाल ही में हुई बर्फबारी और बारिश ने 637 आवासीय घरों को पूरी तरह या आंशिक रूप से नष्ट कर दिया है और 14,000 मवेशियों की जान ले ली है।

## लोस चुनाव की निगरानी में शामिल होंगी केंद्रीय एजेंसियां : मुख्य चुनाव आयुक्त

**एजेंसी। कोलकाता**

भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कोलकाता में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि आयोग लोकसभा चुनाव की निगरानी के लिए केंद्रीय एजेंसियों को भी शामिल करेगा। मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि निगरानी के लिए अलग से एक पोर्टल खोला जाएगा, जिसमें सभी केंद्रीय एजेंसियों को शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा, "सी-विजिल : नागरिक सतर्क रहें" नाम से एक मोबाइल एप लॉन्च किया जाएगा। इस एप्लिकेशन के जरिए कोई भी व्यक्ति चाहे तो अपने क्षेत्र में होने वाली चुनावी अनियमितता या हिंसा के बारे में फौरन जानकारी दे सकेंगे। मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि



निर्वाचन आयोग की संपूर्ण पीठ ने पश्चिम बंगाल दौरे में सभी राजनीतिक दलों के साथ बैठक की थी। मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि चुनाव में धन और बल के दुरुपयोग के अलावा अधिकारियों द्वारा कोताही बरतने की भी शिकायत मिलती है। आमतौर पर शिकायत में कहा जाता है कि अधिकारी निष्पक्ष ढंग से काम नहीं कर रहे हैं। उन्होंने कहा, एक राजनीतिक दल को छोड़कर सभी पार्टियों ने अतिरिक्त सुरक्षाबलों को तैनात करने का निवेदन किया है। एक राजनीतिक दल ने एक ही चरण में पश्चिम बंगाल में चुनाव कराने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि राज्य के सभी प्रशासनिक अधिकारियों के साथ पुलिस को शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव कराने के निर्देश दिए गए हैं। पत्रकारों से बातचीत के दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा, मतदान त्योहार के रूप में होना चाहिए। राज्य के सभी प्रशासनिक अधिकारियों और पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वो अपने सभी अधीनस्थ अधिकारियों को इस संदर्भ में संदेश भेजें, ताकि हिंसामुक्त चुनाव संपन्न हो सके।

## हिजबुल्लाह के हमले में एक भारतीय की मौत, दो अन्य घायल

**तिरुवनंतपुरम।** इजरायल में हिजबुल्लाह के हमले में एक भारतीय की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। हिजबुल्लाह आतंकवादी समूह ने मार्गालियट में मिसाइल हमला किया था। कई सालों में लेबनान के साथ इजरायल की सीमा के पास किसी भारतीय की मौत की यह पहली रिपोर्ट है। रिपोर्ट के अनुसार, हिजबुल्लाह ने हमला सोमवार को किया था। मृतक की पहचान केरल में कोल्लम के वाडी निवासी निबिन मैक्सवेल (31) के रूप में हुई है। हमले में कुल सात अन्य गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिसमें दो केरल के निवासी हैं। उनकी पहचान जोसेफ जॉर्ज और पॉल मेल्विन के रूप में हुई है।

## जयशंकर के सियोल पहुंचने पर इंडो-पैसिफिक व्यापार पर चर्चा



**एजेंसी। नई दिल्ली**

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अपने तीन दिवसीय एशियाई दौरे की शुरूआत सियोल में भारत-प्रशांत, व्यापार और आर्थिक सहयोग पर चर्चा के साथ की। वह मंगलवार को दोनों देशों के बीच 10वीं संयुक्त आयोग की बैठक की सह-अध्यक्षता करने के लिए दक्षिण कोरिया पहुंचे। द्विपक्षीय आदान-प्रदान को और तेज करना और भविष्य के सहयोग के लिए एजेंडा तय करना मंत्री की कोरिया गणराज्य और जापान की यात्रा के मुख्य आकर्षणों में से एक है। जयशंकर ने कोरिया के राष्ट्रीय सुरक्षा निदेशक, चांग हो-जिन से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने समकालीन क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने बुधवार को 10वीं संयुक्त आयोग की बैठक से पहले दक्षिण कोरियाई प्रधान मंत्री हान डक-सू से भी मुलाकात की और भारत-कोरिया संबंधों के लिए उनके मूल्यवान मार्गदर्शन की सराहना की। संयुक्त आयोग की बैठक में द्विपक्षीय सहयोग की समीक्षा करने और इसे और मजबूत करने के रास्ते तलाशने की उम्मीद है। विदेश मंत्रालय के अनुसार, इस दौरान दोनों पक्ष क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचार-विमर्श करेंगे। दोनों देशों के बीच सहयोग बढ़ाने के लिए मंत्री जयशंकर ने व्यापार, उद्योग और ऊर्जा मंत्री अहं डुकगेन के साथ-साथ विभिन्न थिंक टैंक के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत की। ईएएम जयशंकर ने एक्स पर लिखा, आज सियोल में व्यापार, उद्योग और ऊर्जा मंत्री अहं डुकगेन से मिलकर खुशी हुई। उनके साथ व्यापार और आर्थिक सहयोग पर व्यापक बातचीत हुई।


**नौसेना अधिकारियों व रक्षा क्षेत्र के असैन्य कर्मियों के लिए आवासीय भवनों का भी उद्घाटन**

# प्रोजेक्ट सीबर्ड से कारवार नौसेना बेस की क्षमता बढ़ी : रक्षा मंत्री

### कारवार के दो प्रमुख तटबंधों में अब 32 जहाज, पनडुब्बियां और 23 यार्ड क्राफ्ट समायोजित होंगे

**एजेंसी। नई दिल्ली**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार की मौजूदगी में नौसेना बेस कारवार में दो प्रमुख तटबंधों और नौसेना अधिकारियों व रक्षा क्षेत्र के असैन्य कर्मियों के लिए 320 निवास गृहों तथा अधिकारियों के 149 एकल आवास वाले सात आवासीय भवनों का उद्घाटन किया। प्रोजेक्ट सीबर्ड के पहले चरण को 10 जहाजों को समायोजित करने के उद्देश्य से तैयार किया गया था और इसे साल 2011 में सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया था। रक्षा मंत्री ने कहा कि देश की सबसे बड़ी नौसेना बुनियादी ढांचा



निर्माण परियोजना के रूप में लाया गया प्रोजेक्ट सीबर्ड भारतीय नौसेना की क्षमता बढ़ाने के लिए काम कर रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि दोनों तटबंध देश के पश्चिमी तट पर रणनीतिक उपस्थिति को और मजबूत करेंगे। रक्षा मंत्री ने इस आयोजन की स्मृति में एक उद्घाटन विशेष डाक टिकट भी जारी किया।

नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने विश्वास व्यक्त किया कि नई प्रशिक्षण सुविधा न केवल भारतीय बलों के अधिकारियों के लिए बल्कि समुद्री पड़ोसियों के लिए भी समुद्री दृष्टिकोण सीखने और साझा करने के लिए एक गुरुकुल के रूप में काम करेगी।


ये बुनियादी ढांचा विकास प्रोजेक्ट सीबर्ड के चल रहे दूसरे चरण का पहला हिस्सा है, जिसमें 32 जहाजों, पनडुब्बियों, 23 यार्डक्राफ्ट, एक दोहरे उपयोग वाले नौसेना एयर स्टेशन, एक पूर्ण नौसेना डॉकयार्ड, चार कवर किए गए ड्राई बर्थ और जहाजों, विमानों के लिए रसद को समायोजित किया जाएगा। इसमें लगभग 10,000 वदीधारी और नागरिक कर्मी परिवारों के साथ रहेंगे, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था और औद्योगिक विकास को काफी बढ़ावा मिलेगा। सिविल एन्क्लेव के साथ नेवल एयर स्टेशन से उत्तरी कर्नाटक और दक्षिण गोवा में पर्यटन बढ़ने की उम्मीद है। यह परियोजना 'आत्मनिर्भर भारत' के अनुरूप है, जिसमें 90 फीसदी से अधिक सामग्री घरेलू स्तर पर प्राप्त की गई है। इस परियोजना के दूसरे चरण के लिए केंद्रीय मंत्रिमंडल की सुरक्षा संबंधी समिति (सीसीएस) की मंजूरी के अनुसार 23 यार्डक्राफ्ट के साथ 32 जहाजों और पनडुब्बियों की बर्थिंग दी गई थी। ऊंचाई के मामले में यह दिल्ली में कुतुब मीनार से भी ऊपर है और 33 हजार वर्ग मीटर भूमि क्षेत्र में फैला हुआ है।

इस ड्राई बर्थ को चार बड़े जहाजों की एक साथ डॉकिंग तथा व्यापक बंद रखरखाव की सुविधा के लिए बनाया गया है। 2700 मीटर के रनवे और सिविल-एन्क्लेव के साथ एक ग्रीन फील्ड दोहरे उपयोग वाले नेवल एयर स्टेशन की स्थापना से नौसेना के विभिन्न जहाजों पर चढ़ने वाले विमानों को हवाई सहायता मिलेगी। इससे वाणिज्यिक विमान उड़ानों के संचालन में भी सुविधा होगी।

**फिल्म जगत**

## रणदीप हुड्डा की फिल्म 'स्वातंत्र्य वीर सावरकर' का ट्रेलर रिलीज

**फिल्म** जगत के कुछ मेहनती अभिनेताओं की सूची में रणदीप हुड्डा का नाम लिया जाता है। रणदीप फिलहाल वह अपनी आने वाली फिल्म "स्वातंत्र्य वीर सावरकर" को लेकर सुर्खियों में हैं। पहले इस फिल्म का निर्देशन महेश मांजरेकर करने वाले थे। बाद में किसी वजह से महेश मांजरेकर ने इस फिल्म से किनारा कर लिया। इसके बाद निर्देशन की जिम्मेदारी रणदीप के कंधों पर आ गई। पिछले साल फिल्म 'स्वातंत्र्य वीर सावरकर' का टीजर रिलीज किया गया था। तभी से दर्शक इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अब इस फिल्म का दमदार ट्रेलर भी दर्शकों के सामने आ गया है। टीजर की तरह ही ट्रेलर भी दर्शकों की उत्सुकता बढ़ा रहा है। ट्रेलर में स्वतंत्रता सेनानी सावरकर के जीवन की प्रमुख घटनाओं और स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान पर प्रकाश डाला गया है। इसके साथ ही विनायक दामोदर सावरकर और महात्मा गांधी के बीच वैचारिक मतभेद भी भी इस फिल्म में दर्शाए गए हैं। फिल्म में सावरकर को दी गई दो आजीवन कारावास की सजा, सजा काटने के बाद



भारत में उनके और उनके परिवार के साथ हुए अन्याय और उनके साथ किए गए दोयम दर्जे के व्यवहार पर भी टिप्पणी की गई है। ट्रेलर से इस बात की भी झलक मिलती है कि फिल्म में हमें दमदार डायलॉग्स सुनने को मिलेंगे। फिल्म में सावरकर के साथ हमें लोकमान्य तिलक, महात्मा गांधी, मोहम्मद अली जिन्ना, जवाहरलाल नेहरू, सुभाष चंद्र बोस, भीकाजी कामा, मदनलाल ढींगरा, भगत सिंह आदि क्रांतिकारियों की भूमिकाएं भी देखने को मिलेंगी। फिल्म में सावरकर का मुख्य किरदार निभाने वाले रणदीप हुडा के अभिनय की जबरदस्त चर्चा हो रही है और इस किरदार के लिए रणदीप की मेहनत की भी खूब सराहना हो रही है।